| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | ~ | 72,641.19 |
| निफ्टी | ~ | 22,011.95 |
| सोना | ~ | 61,800 |
| चांदी | ~ | 78,500 |
| डॉलर | ~ | 83.21 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

बालाघाट
शुक्रवार 22 मार्च 2024
फाल्गुन शुक्ल 09 विक्रम सम्वत 2080
वर्ष 15, अंक 181
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in


## खास खबर

### झारखंड में कांग्रेस नेता के ठिकानों पर ईडी की टीम ने की छापेमारी

रांची। झारखंड में रांची के तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह और कांग्रेस नेता के ठिकानों पर ईडी की टीम गुरुवार को छापेमारी कर रही है। ईडी की टीम सुबह मीरा सिंह और कांग्रेसी नेता लाल मोहित नाथ शाहदेव के तुपुदाना स्थित ठिकानों पर पहुंचकर छापेमारी कर रही है। बताया जा रहा है कि जमीन से जुड़े मामले को लेकर ईडी की टीम दोनों के ठिकानों पर छापेमारी की है। उल्लेखनीय है कि खूंटी महिला थाना की प्रभारी रहते हुए मीरा सिंह को 25 फरवरी 2021 को एसीबी ने 15 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।

### सीबीआई की जांच में नर्सिंग कॉलेज गायब मिले

मुरैना। ग्वालियर अंचल में सबसे ज्यादा नर्सिंग कॉलेज कागजों पर चल रहे थे। मध्य प्रदेश में हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई 365 नर्सिंग कॉलेजों की जांच कर रही है। सीबीआई उस समय दंग रह गई, जब नर्सिंग कॉलेज की जांच के लिए वह पंजीकृत पते पर गई। वहां ना तो नर्सिंग कॉलेज का भवन मिला, नाही आसपास के रहने वाले लोगों को पता था, कि यहां कोई कॉलेज चल रहा था। सीबीआई की जांच में अब यह सारा फर्जीवाड़ा उजागर हो रहा है। सीबीआई के लगभग 14 अधिकारी नर्सिंग कॉलेजों की जांच के लिए ग्वालियर अंचल मे पहुंचे हैं। मुरैना जिले में 26 नर्सिंग कॉलेज की मान्यता है। इसमें एक दर्जन कॉलेज के पास भवन नहीं है। 2020 में मुरैना के नर्सिंग कॉलेज में परीक्षार्थियों को जमीन पर बैठकर परीक्षाएं दिलवाई गई थी। उसी के बाद से इस मामले ने तूल पकड़ा था। सीबीआई की जांच में अब एक-एक नर्सिंग कॉलेज की सच्चाई उजागर हो रही है।

### सुप्रीम कोर्ट से केंद्र को झटका...फैक्ट चैक पर लगाई रोक

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र के बारे में फर्जी खबरों का पता लगाने के लिए पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) के तहत 'फैक्ट चैक (तथ्यों की जांच करने वाली) इकाई बनाने को लेकर जारी केंद्र की अधिसूचना पर गुरुवार को रोक लगा दी। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 के तहत 20 मार्च को 'फैक्ट चैक इकाई (एफसीयू) के लिए अधिसूचना जारी की थी।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने बंबई हाईकोर्ट के 11 मार्च के आदेश को रद्द कर दिया, जिससे केंद्र सरकार के बारे में सोशल मीडिया पर फर्जी और गलत सामग्री की पहचान करने के लिए संशोधित आईटी नियमों के तहत एफसीयू की स्थापना पर अंतरिम रोक लगाने से मना कर दिया था। पीठ ने कहा, ''हमारी सुविचारित राय है कि हाईकोर्ट के समक्ष जो प्रश्न हैं वे संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) के मूल प्रश्नों से संबंधित हैं। पीठ में न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल रहे।

### मासूमों का दूसरा हत्यारा जावेद गिरफ्तार

बदायूं। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बाबा कॉलोनी में हुई नृशंस डबल मर्डर केस में दूसरे आरोपी जावेद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गुरुवार को जावेद को गिरफ्तार किया है। जावेद पर पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम रखा था। आरोपी दिल्ली से आ कर बरेली में सरेंडर करने की फिराक में था।

# दो घंटे की पूछताछ के बाद केजरीवाल गिरफ्तार

नई दिल्ली । अरविंद केजरीवाल को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। केजरीवाल नौ समन के बाद भी ईडी दफ्तर पूछताछ के लिए नहीं पहुंचे थे। अब दिल्ली शराब नीति मामले में ईडी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। वहीं ईड़ी कार्यालय के आसपास 144 धारा लगा दी गई है। वहां पर भी भारी पुलिस में तैनात किया गया है।



दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सभी इकाइयों की बैठक पूर्व में हो चुकी है। जिसमें यह फैसला हुआ है, दिल्ली के मुख्यमंत्री को यदि गिरफ्तार किया जाता है। ऐसी स्थिति में वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे।जेल से ही दिल्ली की सरकार चलाएंगे। दिल्ली के मतदाताओं ने भी इसका समर्थन किया है। गोयल ने कहा आम आदमी पार्टी की बैठक में पंजाब दिल्ली एवं अन्य स्थानों के सभी विधायक एवं सांसद भी शामिल थे। यदि केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया। तो वह जेल से ही दिल्ली की सरकार का संचालन करेंगे। आम आदमी पार्टी आर-पार की लड़ाई लड़ने के मूड में है।दिल्ली की राजनीतिक फिजा में सड़कों पर नारेबाजी शुरू हो गई है।केजरीवाल समर्थक बड़ी संख्या में सड़कों पर आ रहे हैं।कानून व्यवस्था की स्थिति भी दिल्ली में नाजुक होती चली जा रही है।दिल्ली पुलिस ने आप दफ्तर, केजरीवाल का घर, ईडी हेडक्कार्टर को संवेदनशील जोन में रखा है। तीनों ही जगह सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। आप नेता राघव चड्ढा ने ट्वीट किया है कि केजरीवाल जी के साथ करोड़ों लोगों का आशीर्वाद है, कोई बाल भी बाँका नहीं कर सकता।

दिल्ली और पंजाब में हुए शानदार कामों की चर्चा आज पूरी दुनिया में हो रही है। उधर, ईडी की टीम घर पहुंचने के बाद अरविंद केजरीवाल की तरफ से सुप्रीम कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया गया लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने भी उन्हें राहत नहीं दी है। सुप्रीम कोर्ट मामले पर कल सुबह सुनवाई करेगा।

### केजरीवाल को गिरफ्तारी से बचाने वाली याचिका दिल्ली हाईकोर्ट से खारिज

दिल्ली हाईकोर्ट से सीएम केजरीवाल को बड़ा झटका लगा है। गुरुवार को कोर्ट ने कहा कि, उन्हें गिरफ्तारी से राहत नहीं है। दरअसल ईडी के समन पर केजरीवाल पूछताछ के लिए नहीं पहुंच रहे थे, उन्होंने कोर्ट से इस बात की श्योरिटी मांगी थी कि अगर वह पूछताछ के लिए जाते हैं तो उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। इस पर कोर्ट ने कहा कि, समन के जवाब में केजरीवाल को ईडी के सामने पेश होना होगा, उनकी गिरफ्तारी पर रोक नहीं है। ईडी के समन के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट ने ईडी से सबूत मांगे। इसके बाद ईडी के अधिकारी सबूत लेकर जज के चैंबर में पहुंचे। सबूतों की फाइल को अब जज देख रहे हैं। माना जा रहा है कि सबूत देखने के बाद जज आज ही इस मामले में कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। दरअसल, सीएम केजरीवाल ने ईडी के समन के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया था। सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय के नोटिसों के बाद दिल्ली सीएम केजरीवाल ने पूछताछ के लिए आने से पहले गिरफ्तार ना करने की गारंटी मांगी थी। सीएम केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि केजरीवाल ईडी के सामने पूछताछ के लिए आएंगे, लेकिन कोर्ट में ईडी ये कहे कि उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।

### चुनावी बॉन्ड के नंबरों समेत हलफनामा दाखिल

## सुप्रीम कोर्ट ने दिखाई सख्ती तब जाकर एसबीआई ने दिया सारा डेटा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के सख्त रुख को देखते हुए आखिरकार गुरुवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने हलफनामा दाखिल कर बतला दिया कि उसने कोर्ट के आदेशों का पालन पूर्णत- कर दिया है। इसी के साथ चुनाव आयोग को दानदाता और लाभार्थी पक्ष की चुनावी बॉन्ड संख्या देने की बात एसबीआई ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष कही।

एसबीआई के चेयरमैन दिनेश खारा ने 21 मार्च को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि बैंक ने अब चुनाव आयोग को संचयी रूप से चुनाव बॉंड क्रेता का नाम, मूल्यवर्ग और विशिष्ट संख्या, ईबी भुनाने वाली पार्टी का नाम और पार्टी के बैंक खाते के अंतिम चार अंक दे दिए गए हैं। हलफनामा पेश करते हुए एसबीआई ने कहा कि चुनावी बॉन्ड का कोई अन्य विवरण अब बैंक के पास नहीं है। गौरतलब है कि चुनावी बॉंड को लेकर सुप्रीम कोर्ट लगातार एसबीआई को फटकार लगाने का काम कर रहा था और कोर्ट के सख्त रुख को देखते हुए ही भारतीय स्टेट बैंक ने चुनावी बॉन्ड संबधी संपूर्ण जानकारी चुनाव आयोग को सौंप दी है। एसबीआई ने कोर्ट को बताया है कि चुनाव आयोग को दिए डेटा में चुनावी बॉन्ड के सभी यूनीक नंबर भी शामिल हैं। खास बात यह है कि इन यूनीक नंबरों के माध्यम से ही दानदाताओं और चंदा पाने वाले राजनीतिक दलों के बारे में जानकारी मिल सकेगी। अब चुनाव आयोग एसबीआई द्वारा मुहैया कराए गए विवरण को अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर सकता है। इसे देखते हुए कहा जा रहा है कि चुनावी बॉंड की जानकारी लोकसभा चुनाव 2024 को मथने का काम कर सकता है।

इस मामले में 18 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को फटकारते हुए कहा था कि जो जानकारी हम आपसे चाह रहे हैं, वो आप अभी तक नहीं दे पाएं हैं। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि एसबीआई मांगी गई जानकारी देने के लिए बाध्य है।

### विज्ञापन केस में पतंजलि ने सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगी, कहा-

## ऐसे ऐड नहीं दिखाएंगे; कोर्ट ने रामदेव-बालकृष्ण को 2 अप्रैल को तलब किया है

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने चल रहे पतंजलि आयुर्वेद के गुमराह करने वाले दवा विज्ञापन मामले में अब कंपनी ने कोर्ट से अपनी गलती की माफी मांगी है। पतंजलि आयुर्वेद और उसके रूष्ठ आचार्य बालकृष्ण ने गुमराह करने वाले भ्रामक दवा विज्ञापन देने के लिए सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी है। इस माफीनामे में विज्ञापन को फिर से प्रसारित न करने का भी वादा किया गया है। आचार्य बालकृष्ण का कहना है कि कंपनी के मीडिया विभाग को सुप्रीम कोर्ट के आदेश की जानकारी नहीं थी। उनका कहना है कि इसका उद्देश्य नागरिकों को पतंजलि के प्रोडक्ट का उपभोग करके स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करना था। कोर्ट ने 2 अप्रैल को पतंजलि आयुर्वेद के गुमराह करने वाले दवा विज्ञापन मामले में स्वामी रामदेव (पतंजलि के को-फाउंडर) और पतंजलि के रूष्ठ आचार्य बालकृष्ण को कोर्ट में पेश होने को कहा है। कंपनी और आचार्य बालकृष्ण ने नोटिस का जवाब दाखिल नहीं किया, जिसकी वजह से यह आदेश जारी किया गया था। अब उन्हें अगली तारीख पर कोर्ट में पेश होना पड़ सकता है। कोर्ट ने 19 मार्च को हुई सुनवाई में नोटिस जारी कर ये भी पूछा था कि उनके खिलाफ क्यों न अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाए। जस्टिस हिमा कोहली और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने इस मामले की सुनवाई कर रहे हैं। इससे पहले 27 फरवरी को इस मामले की सुनवाई हुई थी। 27 फरवरी की सुनवाई में कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद के गुमराह करने वाले दवा विज्ञापनों पर रोक लगाई थी। इसके अलावा अवमानना कार्यवाही में कारण बताओ नोटिस जारी किया था। दरअसल, कोर्ट ने पिछले साल भ्रामक विज्ञापन जारी नहीं करने का निर्देश दिया था, लेकिन कंपनी ने इसे नजरअंदाज किया।




### बैंक अकाउंट फ्रीज करने पर सोनिया-राहुल, खडग़े बोले

## हमारे पास चुनाव लड़ने के पैसे नहीं

नई दिल्ली। कांग्रेस के शीर्ष नेताओं, मल्लिकार्जुन खडग़े, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने गुरूवार को दिल्ली में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मोदी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। खरगे ने कहा कि भाजपा ने गलत तरीके से चंदा लेकर अपनी झोली भर ली और कांग्रेस के खाते फ्रीज करवा दिए। अब कांग्रेस के सामने चुनाव लडऩे का संकट पैदा हो गया है

दिल्ली पार्टी हेडक्कार्टर में तीनों नेताओं ने लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज करने का मुद्दा उठाया। तीनों ने कहा कि हमारे खाते फ्रीज करवाकर फ्री और फेयर इलेक्शन की बात कैसे हो सकती है। खडग़े ने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। लोकतंत्र के लिए यह जरूरी है कि चुनाव निष्पक्ष तरीके से कराए जाएं और सभी राजनीतिक दलों को समान अवसर मिले। ईडी, आईटी और अन्य स्वतंत्र संस्थाओं पर किसी का नियंत्रण नहीं होना चाहिए। पिछले कुछ दिनों में चुनावी बॉन्ड को लेकर जो तथ्य सामने आए हैं, उससे देश की छवि को ठेस पहुंची है।



#### कांग्रेस को पंगु बनाने की कोशिश

सोनिया गांधी ने कहा कि कांग्रेस द्वारा लोगों से इकट्ठा किए गए पैसे को फ्रीज कर दिया गया है। इस चुनौतिपूर्ण स्थिति में भी हम अपनी तरफ से प्रभावी चुनाव प्रचार के हर संभव प्रयास कर रहे हैं। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के पैसे पर जानबूझकर हमला किया जा रहा है। यह अलोकतांत्रिक है। सोनिया गांधी ने कहा कि ये कोशिश की जा रही है कि कांग्रेस को पंगु बना दिया जाए। ये लोकतंत्र पर हमला है। अगर कांग्रेस किसी भी तरह से चुनाव प्रचार में खर्च नहीं कर सके तो चुनाव किस बात का। पिछले एक महीने से हम हमारे 285 करोड़ का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं।

#### राजनीतिक दल आयकर के दायरे में नहीं आते

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने कहा- सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड को गैरकानूनी और असंवैधानिक कहा है, उसी की मदद से मौजूदा सत्ताधारी दल ने हजारों करोड़ रुपए अपने अकाउंट में भर लिया है और दूसरी तरफ मुख्य विपक्षी दल का बैंक अकाउंट फ्रीज कर दिया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक से इनकार

### कहा- चुनाव नजदीक, नए कानून पर रोक लगाई तो सिस्टम बिखर जाएगा

नई दिल्ली (ईएमएस)। सुप्रीम कोर्ट ने 2 नए चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक लगाने वाली याचिकाएं खारिज कर दीं। कोर्ट ने कहा कि कारण बाद में बताए जाएंगे। बेंच ने यह भी कहा कि 2023 का फैसला नहीं कहता कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए सिलेक्शन पैनल में ज्यूडीशियरी मेंबर होना चाहिए।

कोर्ट ने कहा कि वह चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति अधिनियम 2023 पर फिलहाल रोक नहीं लगा सकता, क्योंकि इससे अव्यवस्था फैल जाएगी। नए चुनाव आयुक्तों के खिलाफ भी कोई आरोप नहीं हैं। हालांकि कोर्ट ने कानून को चुनौती देने वाली मुख्य याचिकाओं की जांच करने का आश्वासन दिया है। मामले की सुनवाई जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता ने की। उन्होंने केंद्र से पूछा कि चयन समिति को उम्मीदवारों के नाम पर विचार करने वक्त क्यों नहीं दिया।

कोर्ट ने 2023 अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सरकार से 6 हफ्ते में जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 5 अगस्त को होगी। इससे पहले केंद्र सरकार ने बुधवार 20 मार्च को हलफनामा दायर किया था। सरकार ने कहा था कि ये दलील गलत है कि किसी संवैधानिक संस्था की स्वतंत्रता तभी होगी, जब सिलेक्शन पैनल में कोई ज्यूडिशियल मेंबर जुड़े।



इलेक्शन कमीशन एक स्वतंत्र संस्था है। याचिका कांग्रेस कार्यकर्ता जया ठाकुर और एनजीओ एशियन डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने दाखिल की थी। सुप्रीम कोर्ट ने 12 जनवरी को सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था।

#### 2023 का फैसला कानून बनने तक ही लागू था- सुप्रीम कोर्ट

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि कॉन्स्टिट्यूशनल बेंच के 2023 के फैसले में यह कहीं नहीं कहा गया था कि नए कानून में चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए चयन पैनल में ज्यूडिशियरी से एक सदस्य होना जरूरी है। फैसले में एक चयन पैनल बनाने का प्रस्ताव था, जिसमें प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और सीजेआई शामिल किया जाए। बेंच ने यह भी कहा कि यह प्रस्ताव केवल संसद के कानून बनाए जाने तक था। फैसले का मकसद संसद को कानून बनाने के लिए प्रेरित करना

## निर्वाचन आयोग ने कई अधिकारियों के किये तबादले

नई दिल्ली। वर्तमान लोकसभा चुनाव 2024 में समान अवसर प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने आज चार राज्यों गुजरात, पंजाब, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में उन गैर-संवर्ग वाले अधिकारियों के लिए स्थानांतरण आदेश जारी किए हैं, जो जिलाधिकारी (डीएम) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) के रूप में नेतृत्वकारी पदों पर तैनात हैं। जिले में डीएम और एसपी का पद क्रमश: भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों के लिए संवर्गित होता है।

आयोग द्वारा यह निर्णय मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता और निर्वाचन आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की उपस्थिति में आहूत एक बैठक में लिया गया।

#### स्थानांतरित किये जाने वाले अधिकारी हैं

**गुजरात** - छोटा उदयपुर और अहमदाबाद ग्रामीण जिलों के पुलिस अधीक्षक

**पंजाब** - पठानकोट, फाजिल्का, जालंधर ग्रामीण और मलेरकोटला जिलों के वरीय पुलिस अधीक्षक

**ओडिशा** - ढेंकनाल के जिलाधिकारी और देवगढ़ एवं कटक ग्रामीण जिलों के पुलिस अधीक्षक

**पश्चिम बंगाल** - पूर्ब मेदिनीपुर, झारग्राम, पूर्ब बर्धमान और बीरभूम जिलों के जिलाधिकारी

इसके अतिरिक्त, आयोग ने पंजाब में एसएसपी बठिंडा और असम में एसपी सोनितपुर को निर्वाचित राजनीतिक प्रतिनिधियों के साथ उनकी रिश्तेदारी या पारिवारिक संबंध को देखते हुए स्थानांतरित करने का भी निर्देश दिया है। प्रशासन के पक्षपाती होने या समझौता किए जाने की किसी भी आशंका को दूर करने के उद्देश्य से एहतियाती कदम के तौर पर इन दोनों जिलों के अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है।

उक्त निर्देश के तहत, सभी संबंधित राज्य सरकारों को यह निर्देश दिया गया है कि वे गैर-संवर्गित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से जिलाधिकारीऔर पुलिस अधीक्षक/वरीय पुलिस अधीक्षक रूप में उनकी वर्तमान भूमिकाओं से स्थानांतरित करें और आयोग को एक अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

# धार में आज से शुरू होगा भोजशाला का सर्वे

### हाईकोर्ट की इंदौर बेंच के आदेश पर 5 सदस्यीय टीम करेगी वैज्ञानिक सर्वेक्षण

धार। ज्ञानवापी की तर्ज पर होने वाले भोजशाला के एएसआई सर्वे का काम शुक्रवार से शुरू होने वाला है। इस संबंध में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा पत्र जारी कर इसकी सूचना जिला प्रशासन को दी गई है। पत्र मिलने के बाद गुरुवार दोपहर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, एसपी मनोज कुमार सिंह टीम के साथ भोजशाला पहुंचे। उन्होंने पूरे परिसर का निरीक्षण किया। हाईकोर्ट की इंदौर बेंच के आदेश पर 5 सदस्यीय टीम वैज्ञानिक सर्वेक्षण करेगी। सर्वे को देखते हुए अतिरिक्त बल भी भोजशाला पुलिस चौकी पर तैनात करने की बात कही गई। इस क्षेत्र की निगरानी 60 कैमरों की मदद से की जा रही है। एएसआई भोजशाला के पिछले हिस्से को कवर करने के उद्देश्य से पांच फीट ऊंची दीवार का निर्माण भी करवा रहा है।

हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस ने इंदौर हाईकोर्ट में मई 2022 में इस संबंध में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट के माध्यम से मौलाना कमालुद्दीन सोसायटी, धार पुलिस व जिला प्रशासन, प्रमुख सचिव गृह के माध्यम से गृह विभाग, पुरातत्व अधिकारी मांडू, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण अधीक्षक भोपाल, पुरातत्व सर्वेक्षण अधीक्षक नई दिल्ली को नोटिस जारी किया था। संबंधितों द्वारा इसका जवाब प्रस्तुत किया गया। इसके बाद 5 फरवरी को हाईकोर्ट में एक आवेदन देकर मांग रखी गई कि धार भोजशाला का भी वैज्ञानिक सर्वेक्षण करवाया जाए, 11 मई को सुनवाई शुरू हुई थी, जिसके बाद कोर्ट ने सर्वे को लेकर निर्देश जारी किए थे।

#### सुरक्षा की जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होगी

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अपर महानिदेशक प्रो. आलोक त्रिपाठी के द्वारा जारी पत्र में बताया गया कि हाईकोर्ट के निर्देश पर वैज्ञानिक सर्वे को जीपीआर-जीपीएस तरीके से किया जाएगा। इसको लेकर एक टीम धार आएगी, पांच सदस्यों की टीम को भोजशाला में पुरातात्विक जांच के दौरान पर्याप्त सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाएं करवाने की जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की रहेगी।

#### 29 अप्रैल से पहले सौंपनी होगी रिपोर्ट

मप्र हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने आदेश में कहा था कि परिसर में कार्बन डेटिंग विधि से एक विस्तृत वैज्ञानिक जांच की जानी चाहिए, जिससे जमीन के ऊपर और नीचे दोनों तरह की संरचना कितनी पुरानी है और उनकी उम्र का पता लगाया जा सके। अदालत की ओर से यह भी कहा गया कि सर्वेक्षण ये कार्यवाही दोनों पक्षों को दो प्रतिनिधियों की उपस्थिति में की जाए और उसकी वीडियोग्राफी होनी चाहिए। अब इस मामले की अगली सुनवाई 29 अप्रैल को होनी है। साथ ही कोर्ट ने स्ढ्ढ को 29 अप्रैल से पहले अपनी रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है।

#### राजा भोज ने बनवाई थी भोजशाला

हिंदू संगठनों के मुताबिक, धार स्थित कमाल मौलाना मस्जिद दरअसल मां सरस्वती मंदिर भोजशाला है। सन 1034 में राजा भोज ने संस्कृत की पढ़ाई के लिए भोजशाला को बनवाया था, लेकिन बाद में मुगल आक्रांताओं ने उसे तोड़ दिया था। इसी परिसर के वैज्ञानिक सर्वेक्षण के लिए हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस द्वारा हाईकोर्ट में आवेदन दिया था। जिस पर पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने एएसआई को

### निर्वाचन आयोग का सरकार को निर्देश

## व्हाट्सएप पर 'विकसित भारत' संदेश को साझा करना तुरंत बंद करें

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह विकसित भारत संपर्क के तहत व्हाट्सएप संदेश भेजना तुरंत बंद करे। दरअसल, बीते दिन बड़ी संख्या में लोगों को विकसित भारत संपर्क के तहत व्हाट्सएप संदेश भेजे गए थे। इसका मकसद सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाना है। मामले की शिकायत मिलने के बाद चुनाव आयोग ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को इस संबंध में निर्देश जारी किए। चुनाव आयोग ने कहा कि यह कदम चुनाव में समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। यह आयोग की ओर से उठाए जा रहे जरूरी कदमों का हिस्सा है। आयोग ने मंत्रालय से इस मामले पर अनुपालन रिपोर्ट भी मांगी है। बता दें कि आयोग को कई शिकायतें मिली थीं कि आम चुनाव 2024 की घोषणा और आचार संहिता लागू होने के बावजूद सरकार की योजनाओं को बताने वाले संदेश अभी भी आम जनता के फोन पर भेजे जा रहे हैं। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने इस संदेश पर आपत्ति जताई थी। दोनों ने आयोग से कार्रवाई करने की मांग की थी।

इससे पहले मंत्रालय ने आयोग को सूचित किया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पत्र के साथ जारी संदेश 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले भेजे गए थे।

# राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा ने सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का किया एलान

## मप्र की 29 में से 15 सीटों पर किए उम्मीदवार घोषित, भुवन सिंह कोर्राम को बताया योग्य प्रत्याशी, कहा हमारा मकसद बीजेपी को हराना है

**बालाघाट ( पद्मेश न्यूज़ )। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही जहां एक ओर विभिन्न राजनीतिक पार्टियों और विभिन्न सामाजिक संगठन एक्टिव हो गए हैं तो वहीं उन्होंने इस चुनाव में अपनी अपनी लाल ठोक कर प्रत्याशी मैदान में उतारने शुरू कर दिए हैं। इसी बीच राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा ने भी सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान करते हुए मध्य प्रदेश की सभी 29 सीटों में से 15 सीटों पर अपने प्रत्याशी के नाम घोषित कर दिए है। तो वहीं उन्होंने इंजीनियर भुवन सिंह कोर्राम को बालाघाट सिवनी लोकसभा का योग्य प्रत्याशी बताते हुए अपना समर्थन भी दिया है। जिसकी तमाम जानकारी गुरुवार को नगर के जय स्तंभ चौक स्थित डॉ बाबासाहेब आंबेडकर सामुदायिक भवन में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल ऋषिकर भारती सहित अन्य पदाधिकारी ने दी। आयोजित इस पत्रकार वार्ता में समस्त पदाधिकारी ने एक स्वर में देश व प्रदेश की सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान करते हुए अपना मकसद भारतीय जनता पार्टी को इस चुनाव में हारना और दलित पिछड़े शोषित व आदिवासी वर्ग सहित मूल निवासियों को उनके हक अधिकार दिलाने के साथ-साथ संविधान की रक्षा करना बताया है।आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान मध्य प्रदेश सर्व आदिवासी विकास परिषद प्रदेश अध्यक्ष एवं लोकसभा प्रत्याशी इंजीनियर भुवन सिंह कोर्राम, छत्तीसगढ़ पूर्व राज्य मंत्री एविलाल रात्रे, राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी हाजी शोएब खान सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।**



### संविधान राष्ट्र और इंसानियत तीनों खतरे में है

आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा भारत राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल ऋषिकर भारती ने बताया कि बालाघाट से उनका व्यक्तिगत नाता रहा है कई आंदोलन में वे शामिल हुए हैं उन्होंने बताया कि हम किसी का विरोध नहीं करते। संविधान के मुताबिक यह देश सभी का है और सभी का रहेगा। लेकिन 2014 में जब से मोदी सरकार आई है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने हैं तब से भारत राष्ट्र इंसानियत और संविधान को खतरा बन गया है। ये ईवीएम के माध्यम से फर्जी तरीके से सरकार बनाई गई है वर्तमान समय में भारतीय जनता पार्टी जो 300 -400 पार की बात कर रही है वह ईवीएम के भरोसे कर रही है। आदिवासी समाज के व्यक्ति पर पेशाब किया जा रहा है, देश में हिंदू राष्ट्र के नाम से नफरत फैलाई जा रही है। इलेक्ट्रॉनिक ब्रांड सहित अन्य माध्यम से भ्रष्टाचार घोटाले किए जा रहे हैं। जय श्री राम का नारा देकर बहू बेटियों की इज्जत लूटी जा रही है। बिलकिस बानो का बलात्कार कर उनके परिवार की हत्या की जाती है और बलात्कारियों को फूल मालाएं पहनकर बलात्कारियो का सम्मान किया जा रहा है ।मणिपुर में आदिवासी महिलाओं को नग्न घुमाया जा रहा है यह सब इसके प्रमाण है ।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा को देशभर की करीब 100 छोटी पार्टियों और विभिन्न संगठनों ने अपना समर्थन दिया है हम पूरे देश में लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे वही मध्य प्रदेश में भी सभी सीटों पर राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा द्वारा चुनाव लड़ा जाएगा ।

### जो देगा रोजगार उसकी बनेगी सरकार

श्री भारती ने आगे बताया कि व्यक्ति की न्यूनतम आय 30 हजार रु होनी चाहिए, वही अधिकतम आय 3 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि अंबानी के लड़के की प्री वेडिंग में 75 करोड रुपए खर्च कर एक नाचने वाली को बुलाया जाता है वहां पर ईडी, आईडी, सीआईडी सहित विभिन्न संस्थाएं कोई पूछताछ नहीं करती लेकिन अन्य लोगों को डरा धमकाकर तरह-तरह के प्रलोभन देकर अपनी पार्टी में शामिल किया जा रहा है। कभी किसानों के खिलाफ काला कानून बनाकर किसानों को परेशान करने का काम किया जाता है। तो कभी सी ए ए, एनआरसी लाकर मूल निवासियों को प्रताड़ति करने का काम यहा सरकार कर रही है। हम इसका लगातार विरोध करते रहेंगे। हमारी मांग है कि जो रोजगार देगा सरकार उसी की बनेगी ।उन्होंने बताया कि देश में करोड़ से अधिक आदिवासी लोगों के पक्के मकान नहीं है और ये लोग शौचालय बनाने की बात करते हैं। बीजेपी पार्टी सबसे ज्यादा भ्रष्ट पार्टी है। जनता को बीजेपी की खिलाफ लड़ाई लड़ने में आगे आना चाहिए।

### हिंदू राष्ट्र के नाम से फैलाई जा रही है नफरत

उन्होंने आगे बताया कि संविधान राष्ट्र और इंसानियत तीनों खतरे में आ चुकी है हिंदू राष्ट्र के नाम से लगातार नफरत फैलाई जा रही है जबकि यह देश मूलनिवासियों का देश है यहां हिंदू मुसलमान नहीं चलेगा और यह देश संविधान के अनुसार ही चलेगा। बालाघाट सिवनी लोकसभा सीट से इंजीनियर भुवन सिंह कोर्राम एक योग्य प्रत्याशी है हमने उन्हें अपना समर्थन दिया है इसमें केवल आदिवासी समाज के लोग ही नहीं बल्कि सर्व समाज के लोग वोट करेंगे। हमारे पास जानता है और संविधान है। यह हिंदू राष्ट्र नहीं जो लोग हिंदू राष्ट्र का नारा दे रहे हैं। यह हिंदू राष्ट्रवाद नहीं बल्कि हिंदू कास्टवाद है। हिंदू राष्ट्र बनने पर हिंदू ही हिंदू का विरोध करने लगेगा ।नेपाल में भी पहले हिंदू राष्ट्र बना था वहां हिंदू ही हिंदू के खिलाफ लड़ रहे थे जिसके चलते उन्होंने हिंदू राष्ट्र से अपने आप को अलग कर लिया। हमारा मकसद भारतीय जनता पार्टी को हराना है। इसके लिए हमें जो भी कुर्बानी देनी पड़े हम देने तैयार हैं।

### लोगों के मौलिक अधिकारों का हनन नहीं होना चाहिए - भुवन

वही आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान प्रत्याशी इंजीनियर भुवन सिंह कोर्राम ने बताया कि देश आदिवासी दलित वंचित मूल निवासियों का है और उन्हीं लोगों को परेशान करने का काम किया जा रहा है। जिनको परेशानी से मुक्ति दिलाना ही हमारा मकसद है। हमें संसद में ऐसे लोगों को पहुंचना है जो संविधान की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ सके आदिवासी दलित वंचित मूल निवासी वर्ग के संवैधानिक अधिकारों को कुचला जा रहा है कुछ वर्षों से लगातार इनके ऊपर अत्याचार शोषण हो रहे हैं। हमारा मकसद लोगों को उनके संवैधानिक और मौलिक अधिकार दिलाना है। हमारा मानना है कि लोगों के मौलिक अधिकारों का हनन नहीं होना चाहिए।

# पीजी कॉलेज में आयोजित विश्व वानिकी दिवस कार्यक्रम सम्पन्न

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। केवल देश नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व में 21 मार्च के दिन कोअंतर्राष्ट्रीय वन दिवस और विश्व वानिकी दिवस के रूप में मनाया जाता है ताकि वर्तमान और भावी पीढ़ियों को जंगलों और पेड़ों के महत्व के बारे में बताया जा सके। ताकि वर्तमान और आने वाली पीढ़ी वनों, पेड़ पौधों के संरक्षण और संवर्धन कर, इसका लाभ कई पीढ़ियों को दे सके। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी वन विभाग द्वारा विश्व वानिकी दिवस का आयोजन किया गया। नगर के पीजी कॉलेज में आयोजित इस विश्व वानिकी की दिवस कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा जहां एक और पेड़ पौधों के महत्व के बारे में बताया गया तो वहीं दूसरी ओर जंगल के माध्यम से प्रकृति में अपना संतुलन बनाए रखने,वनों के योगदान आदि विषय पर बच्चों को समझाईश दी गई । स्थानीय पीजी कॉलेज में 21 मार्च गुरुवार को विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर वन विभाग ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए ।जहां उन्होंने कार्यक्रम के माध्यम से आम जनता एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को वनों के महत्व के बारे में जानकारियां दी। इस संबंध में वन व्रत बालाघाट के पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि यह आयोजन जटाशंकर त्रिवेदी शासकीय पीजी महाविद्यालय व वन विभाग वन व्रत बालाघाट के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया है जिससे की छात्र-छात्राओं व आम जनता को वनों के महत्व के बारे में जानकारी दे सके और वन हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है क्यों इसका संरक्षण करना चाहिए इसके बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गई है।




# सड़क हादसे में घायल सहायक संचालक की हुई मौत

कटंगी(पद्मेश न्यूज) । बुधवार की देर शाम कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम आगरी में पेट्रोप पंप के पास हुए सड़क हादसे में गंभीर रुप से घायल हुए सहायक संचालक शिक्षा विभाग की उपचार के लिए ले जाते वक्त रास्ते में मौत हो गई. उनकी मौत पर शिक्षा क्षेत्र से जुड़े तमाम शिक्षक-शिक्षिकाओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है. मिली जानकारी अनुसार कटंगी क्षेत्र के ग्राम कोड़मी निवासी रायसिंह मर्सकोले वारासिवनी में बतौर सहायक संचालक के पद पर पदस्थ थे. बुधवार की देर शाम वह वापस अपने गृहग्राम कोड़मी की तरफ लौट रहे थे. इस दौरान आगरी में सड़क हादसे का शिकार हो गए. बताया जाता है कि उन्होनें सड़क पर चल पैदल चल रहे सुंदर निवासी युवक निशांत गजभिए को टक्कर मार दी. जिससे निशांत गजभिए के पैर में गंभीर चोट आई. हालांकि यह सड़क हादसा कैसे हुआ है इस बारे में कुछ भी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है. सड़क हादसे के बाद घायलों को उपचार के लिए कटंगी अस्पताल लाया गया था यहां से रात्रि में रायसिंह मर्सकोले को गंभीर हालत में रेफर किया गया था लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई. गुरुवार की सुबह सरकारी अस्पताल कटंगी में शव का पीएम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है. वहीं पुलिस सड़क हादसा कैसा हुआ इसकी जांच में जुट गई है।



### अतिरिक्त काम के दबाव से जूझ रहा शिक्षा विभाग

सहायक संचालक शिक्षा विभाग की मौत के बाद एक चर्चा खूब जोरों से हो रही है. यह चर्चा है शैक्षणिक कार्य के अलावा अतिरिक्त काम के दबाव की. शिक्षा विभाग ने इस सड़क हादसे के पीछे की एक वजह वरिष्ट अधिकारियों द्वारा काम को लेकर दिए जाने वाले मानसिक दबाव को भी बताया है. चर्चा है कि शिक्षकों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आए दिन तरह-तरह के कार्य सौंपे जा रहे है और इन कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने का दबाव भी बनाया जा रहा है और काम समय पर पूरा नहीं करने पर कार्रवाई भी की जा रही है. शिक्षा विभाग में शिक्षकों के पास शैक्षणिक कार्य के अलावा मध्याह्न भोजन, बीएलओ के कार्य की जिम्मेदारी दी जाती है इसके अलावा कई तरह के सर्वे में भी इनकी ड्यूटी लगा दी जाती है और इसमें किसी भी प्रकार की गलती ना हो इसी का दबाव बना रहता है. इस तरह जब शिक्षकों की डॅयूटी लगाई जाती है तो उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जाता है और शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए स्कूल छोड़कर मुख्यालय आना पड़ता है कई बार इन प्रशिक्षण के दौरान ही वह मानसिक दबाव में आना-जाना करते है और सड़क हादसे का शिकार होते है. शिक्षक भले ही सामने आकर यह बात नहीं कह पाते है परंतु यह शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की एक सच्चाई है।

# राजनीतिक दलों ने देखी ईवीएम मशीनों के प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया

## जिला निर्वाचन अधिकारी और राजनीतिक दलों ने स्ट्रॉग रूम का किया अवलोकन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़) ।आम लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत गुरुवार को ईवीएम मशीनों के सम्बंध में महत्वपूर्ण गतिविधि आयोजित हुई। इस गतिविधि में 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए उपयोग में लायी जाने वाली ईवीएम मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में हुए प्रथम रेंडमाइजेशन में विधानसभाओं को ईवीएम मशीनें आवंटित की गई है। यह रेंडमाइजेशन आयोग के बने विशेष व सुरक्षित साफ्टवेयर के माध्यम से किया गया। उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री केसी ठाकुर ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार जिले में स्थापित 1675 मतदान केंद्रों के लिए 120-120 प्रतिशत बीयू, सीयू तथा 130 प्रतिशत 2177 वीवीपेड का रेंडमाइजेशन किया गया। अब जिले के 1675 मतदान केंद्रो के लिये 2010 बीयू व 2010 सीयू तथा 2177 वीवीपेट 6 विधानसभाओं के लिये आवंटित हो गई है। इसके पश्चात डीईओ डॉ. मिश्रा व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने विधानसभावार आवंटित ईवीएम मशीनों की कार्यवाही का अवलोकन भी किया। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, एसपी समीर सौरभ और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने गुरुवार को पॉलीटेकनिक स्थित स्ट्रॉग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीईओ डॉ. मिश्रा ने सीसीटीवी कैमरे की जांच करते हुए निर्देश दिए कि इसका बेकअप व्यवस्थित रूप से संधारित किया जाए ।वहीं पॉलीटेक्निक कॉलेज में चल रहे सिविल कार्यो को जल्द से पूर्ण करने को कहा गया है। पूरे परिसर को साफ व स्वच्छ कर बिजली की हर समय उपलब्धता के साथ यह सुनिश्चित किया जाना है कि ट्रिपिंग के समय तत्काल जनरेटर अपना कार्य प्रारंभ कर दे। वहीं एफएलसी कक्ष का अवलोकन करते हुए व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए है। इस दौरान भाजपा से सुमित यादव, संजय खंडेलवाल, आम आदमी पार्टी के अरविंद चौधरी, कांग्रेस के श्याम पंजवानी व अन्य दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।



### जिला अस्पताल में मनाया गया मुख स्वास्थ्य दिवस

बालाघाट बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस बुधवार को जिला अस्पताल में मनाया गया। इस अवसर पर जिला अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं साथ ही रैली का आयोजन किया गया व शपथ ग्रहण की गई। इसमें मुख के स्वास्थ्य से जुड़ी बारीकियां और सावधानियां को बताया गया। इस अवसर पर चिकित्सकों, नर्सिंग ऑफिसर, वार्ड इंचार्ज स्टाफ के साथ-साथ मरीजों और उनके परिजनों को दातों और मुख से संबंधित शपथ दिलवाई गई। डॉक्टर पांडे ने बताया कि 20 मार्च से 10 अप्रैल तक ओरल हेल्थ मंथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में लोगों को मुख की बीमारियों के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन स्कूल कॉलेज में किया जाएगा एवं सभी सरकारी अस्पतालों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुख का प्रशिक्षण करने के साथ-साथ मुख कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। आयोजन में मुख्य रूप से सीएमएचओ डॉ मनोज पांडे, सिविल सर्जन डॉक्टर संजय दबड़गांव के साथ-साथ दंत चिकित्सक डॉक्टर कल्पना धुर्वे, डॉक्ट अरविंद उइके, डॉक्टर सलुभा मचगाहे एवं अन्य चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ सम्मिलित हुए ।



# एक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया गया, शपथ पत्र वेबसाईट और सूचना बोर्ड पर देख सकेंगे

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। आम लोकसभा निर्वाचन-2024 की अधिसूचना जारी होने के दूसरे दिन एक अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया गया। पहला नाम निर्देशन पत्र भाजपा की प्रत्याशी भारती पारधी ने रिटर्निंग अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा को प्रस्तुत किया। भारती पारधी द्वारा नाम निर्देशन पत्र के साथ प्रस्तुत शपथ पत्र सीईओएमपी की वेबसाइट और कलेक्टर कार्यालय स्थित सूचना बोर्ड पर भी देख सकते है। इसी तरह दूसरे दिन नाम निर्देशन पत्र लेने वाले कुल 25 अभ्यर्थी रहें है। इनमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से अनूप सिंह बैस, श्री केवल सिंह झारिया, साधना भारतीय बहटेवार, शब्बीर पटेल, भारतीय जनता पार्टी से अमन नावानी, भारती पारधी, सम्पूर्ण क्रांति पार्टी इंडिया से विष्णुप्रसाद अहिरवार, महाकोशल राष्ट्र पार्टी से मनोरमा नागेश्वर, प्रॉउष्ट ब्लाक इंडिया से दीपक गोंड, आम आदमी पार्टी से शिव जायसवाल, सुरेश सिंह कारे, बसपा पार्टी से दुर्गेश बिसेन, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से नंदलाल उइके, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रटिक से भरतलाल पांचे तथा निर्दलीय में सौरभ लिल्हारे, धनेंद्र शरणागत, मनोज कुमार सैयाम, नंदकिशोर कटरे, जितेंद्र कुमार सोनवाने, ज्ञानप्रकाश उर्फ पप्पू पटेल, अजेय विशाल बिसेन, बब्बन खान, दिलीप छाबड़ा, मनीष वर्मा और रूपलाल कुतराहे शामिल रहे।





लामता में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबैंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

परसवाड़ा में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबैंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बारबेड वायर (कांटेदार तार)
एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध



निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोनः- 07632-243531
मोः- 8989976858, 9425139998

# पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने ली प्रेस वार्ता कहा न्यायालय से मिल गई है चुनाव लड़ने की अनुमति

## कांग्रेस ने लेट कर दी प्रत्याशी की घोषणा करने में, हिना कावरे को पार्टी की रीति नीति के अनुसार चलना चाहिए

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। पूर्व सांसद कंकर मुंजारे द्वारा अपने निजी निवास पर एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया ,जिसमें उन्होंने पत्रकारो से चर्चा करते हुए बताया कि जिस प्रकार से राजनीतिक गलियारों में यह कहा जा रहा था कि श्री मुंजारे पर कुछ मामले होने की वजह से वह चुनाव नहीं लड़ सकते जबकि उन्होंने न्यायालय से अपने चल रहे केश पर एक अर्जी लगाते हुए चुनाव लड़ने की न्यायालय से अनुमति ले ली है और अब पूर्व सांसद कंकर मुंजारे चुनाव लड़ सकते हैं, वहीं उन्होंने कांग्रेस की लिस्ट और प्रत्याशी घोषित नहीं होने को लेकर कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने अधिकृत प्रत्याशी की सूची जारी करने में काफी लेट कर दिया है और वहीं उन्होंने हिना कावरे को लेकर भी कहा कि जिस प्रकार से वह लिस्ट आने के पहले ही प्रचार शुरू कर दी है ,वह गलत है बाकी अभ्यर्थी जो नामांकन लिया है उनमे यह गलत संदेश जाएगा, उन्हें पहले पार्टी के आदेश का इंतजार करना था। आपको बता दे की पूर्व सांसद कंकर मुजारे द्वारा 21 मार्च को अपने निजी निवास पर एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने बताया कि जिस प्रकार से उनके विरोधियों द्वारा राजनीतिक गलियारों में यह खबर फैलाई जा रही थी कि कंकर मुंजारे पर चल रहे मामलों के तहत वह अब चुनाव नहीं लड़ सकते, उस पर उन्होंने न्यायालय में यह अपील की थी की वह चल रहे केश को जल्द से जल्द उन पर फैसला सुनाए या फिर उन्हें चुनाव लड़ने की अनुमति दे, जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा उन्हें चुनाव लड़ने की अनुमति दे दी गई है, यह अनुमति उन्हें अभी बीते कुछ दिन पहले ही मिली है।



### कांग्रेस को इतना लेट प्रत्याशी घोषित नहीं करना था

प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व सांसद श्री कंकर मुंजारे द्वारा पूछे गए सवाल की अभी तक कांग्रेस द्वारा लिस्ट जारी नहीं की गई है, उसे आप किस रूप में देखते हैं तब उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को इतना लेट प्रत्याशी घोषित करने में नहीं करना था, बाकी वह इतना लेट क्यों कर रहे हैं, यह तो पार्टी का अपना व्यक्तिगत विषय है, और इस विषय में वह कुछ नहीं कहेंगे, बल्कि वह यही कहेंगे कि यदि जितने जल्दी पार्टी अपना प्रत्याशी घोषित कर देती इससे पार्टी का ही फायदा था, क्योंकि भाजपा द्वारा अपना प्रत्याशी घोषित कर अपना चुनाव प्रचार भी उन्होंने शुरू कर दिया है।

### इंडियन नेशनल पार्टी के नाम से लिया है फॉर्म

उन्होंने वार्ता के दौरान यह भी बताया कि उन्होंने इंडियन नेशनल पार्टी के नाम से फॉर्म 20 मार्च को ही ले लिया है और वह पूरी ईमानदारी के साथ कांग्रेस पार्टी में जाना चाहते हैं और चुनाव लड़ना चाहते हैं और उन्होंने फॉर्म भी पार्टी के नाम पर ही लिया है।

### संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक मेरी डिमांड है

पूछे गए एक सवाल पर की जिस प्रकार से इन दिनों सोशल मीडिया से लेकर राजनीतिक गलियारों में हिना कावरे का नाम सबसे आगे चल रहा है इस विषय पर उन्होंने कहा कि वह यह नहीं बता पाएंगे कि उनका नाम आगे क्यों चल रहा है , पीछे क्यों चल रहा है या कैसे चल रहा है लेकिन वह यही कहेंगे कि पूरे संसदीय क्षेत्र में कंकर मुंजारे को कांग्रेस से टिकट दी जाए, इसको लेकर उनकी डिमांड सबसे अधिक है और वह चुनावी सर्वे में भी सबसे आगे चल रहे हैं और यदि पार्टी भी सर्वे करवाती है , की कौन सबसे आगे संसदीय क्षेत्र में चल रहा है, तो पार्टी को भी पता चल जाएगा की सबसे आगे किसका नाम संसदीय क्षेत्र में है, चाहे तो पार्टी सर्वे करवा सकती है।

### हिना कावरे को पार्टी की रीति-नीति के हिसाब से काम करना चाहिए

उन्होंने यह भी बताया कि जिस प्रकार से इन दिनों हिना कावरे के द्वारा प्रचार प्रसार किया जा रहा है और उनके समर्थक उनके कार्यक्रम के शेड्यूल सोशल मिडिया में डाल रहे हैं, वह गलत है क्योंकि कांग्रेस पार्टी की तो रीति नीति के अनुसार जिसको जब टिकट दी जाती है, वही चुनाव प्रचार करता है और अपने लिए वोट मांगता है और उन्हें ही पब्लिक में जाकर अपने लिए प्रचार प्रसार करना चाहिए और वह जिस प्रकार से अभी पहले ही जाकर प्रचार प्रसार कर रही है , इससे कहीं ना कहीं बाकी लोगों द्वारा जो फार्म लिए गए हैं, उन लोगों के हिसाब से वह ठीक नहीं हो रहा है, क्योंकि जब पार्टी द्वारा प्रत्याशी घोषित किया जाए तभी प्रत्याशी को अपने लिए वोट मांगना चाहिए ,अभी सभी को पता है कि कांग्रेस द्वारा अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित नहीं किया गया है और आप पहले ही जाकर प्रचार करेंगे तो वह सही नहीं है और ऐसा ही रहा तो हर कोई अपने-अपने ढंग से काम करना शुरू कर देगा जो कि गलत है, या ज्यादा है तो कांग्रेस पार्टी को जिताना है, यह बात कही जा सकती है, लेकिन अपने लिए कोई भी अभी जनता से बात नहीं कर सकते।

### अर्जुन सिंह काकोड़िया को नहीं है समझदारी

बरघाट पूर्व विधायक अर्जुन सिंह काकोड़िया के बयान को लेकर कंकर मुंजारे द्वारा कहा गया कि जिस प्रकार से श्री काकोड़िया द्वारा बयान दिया गया है कि कंकर मुंजारे को पहले सदस्यता लेनी चाहिए उसके बाद वह टिकट की दावेदारी करें और वैसे भी कांग्रेस में प्रत्याशियों की कमी नहीं है, उस विषय पर श्री मुंजारे ने कहा कि अरविंद काकोड़िया को समझदारी नहीं है और वह उनसे बहुत ही जूनियर है और यदि उनमें समझदारी होती तो वह इस प्रकार का बयान नहीं देते, जबकि वह उनकी पार्टी से ही ज्वाइन कर आगे बढ़े हैं और उन्होंने उन्हें आर्थिक रूप से मदद भी की है, जबकि अभी देखा जाए तो सुबह पार्टी छोड़ते हैं और शाम को टिकट मिलती है और वह भी यही बोल रहे हैं कि उन्हें आप टिकट दीजिए वह कांग्रेस ज्वाइन करेंगे।

# भाजपा से भारती पारधी ने किया नामांकन फार्म जमा

## नामांकन फॉर्म जमा करने पूर्व मंत्री गौरी शंकर बिसेन सहित जिले के बड़े नेता रहे उपस्थित

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। भाजपा प्रत्याशी भारती पारधी ने नामांकन फॉर्म जमा कर दिया है और चर्चा में बताया कि उन्होंने 20 मार्च को पहले ही दिन नामांकन फॉर्म ले लिया था और मुहूर्त अनुसार अपने सभी वरिष्ठ पदाधिकारी के साथ 21 मार्च को शुभ मुहूर्त के अनुसार फॉर्म को जमा कर दिया है और 27 मार्च को जुलूस निकालकर पुन: एक और नामांकन फॉर्म जमा किया करेंगी न जिसमें शक्ति प्रदर्शन करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल उनके जुलूस में शामिल होंगे। आपको बता दे की लोकसभा निर्वाचन चुनाव के कार्यक्रम अनुसार 20 मार्च से नाम निर्देशन पत्र लेने और जमा करने का सिलसिला शुरू हो गया है, जिसमें पहले ही दिन लगभग 25 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिए गए थे ,तो वहीं दूसरे दिन 21 मार्च को नाम निर्देशन पत्र जमा करने का सिलसिला भी शुरू रहा, जिसमें भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी भारती पारधी द्वारा अपने वरिष्ठ पदाधिकारी के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुहूर्त अनुसार नाम निर्देशन पत्र जमा कर दिया है और उन्होंने बताया कि वह अभी सिर्फ मुहूर्त के अनुसार फार्म जमा कर रही है एवं आने वाली 27 मार्च को अपने वरिष्ठ पदाधिकारी व प्रदेश के नेताओं के साथ जुलूस के माध्यम से एक और नामांकन फार्म जमा करेगी, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल उनके इस जुलूस में शामिल होने जा रहे हैं।



# आवारा श्वान को जान से मारना पड़ा भारी, पुलिस ने की एफआईआर दर्ज

## मामला थाना हट्टा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम हरदोली का

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। भले ही शहर, गांव ,कस्बे में आवारा श्वान की संख्या बढ़ रही हो ,किंतु यदि आपने आवारा श्वान को जान से मारा तो आप पर भी एफआईआर दर्ज होगी और ऐसा ही एक ताजा मामला जिले के हट्टा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरदोली का है जहां पर एक व्यक्ति द्वारा मोहल्ले में घूमने वाला वाले एक आवारा श्वान को जान से मारना इतना भारी पड़ा की उन्हीं के पड़ोसी द्वारा आवारा श्वान के गले में रस्सी से बांधकर मारने की शिकायत थाना हट्टा में की गई, जहां पर पुलिस द्वारा आवारा श्वान को जान से मारने की वजह से उक्त व्यक्ति पर पुलिस ने मामला कायम करते हुए एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार थाना हट्टा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम हरदोली के युवराज पिता भोलाराम मेश्राम द्वारा हट्टा थाने में जाकर अपने मोहल्ले में ही रहने वाले संदीप नेवारे और मेघनाथ मेश्राम पर मोहल्ले में घूमने वाले आवारा श्वान को गले में रस्सी बांधकर मारने को लेकर एफआईआर दर्ज करवाई गई है, जिसमें युवराज द्वारा बताया गया कि उनके मोहल्ले में एक आवारा श्वान घूमते रहता था, जो कभी भी किसी के भी घर भटक कर मोहल्ले में ही रहता था, किंतु उन्ही के पड़ोसी मेघनाथ द्वारा संदीप नेवारे को कहा गया कि वह इस आवारा श्वान को मार कर बाहर फेंक दे, जिस पर संदीप द्वारा आवारा श्वान के गले में रस्सी बांधकर उसे जबरदस्ती खींचते हुए गांव के बाहर लिजाया गया, जिसे युवराज और उनके परिजनों ने श्वान के गले में रस्सी बांधकर खींचते हुए ले जाते हुए देखा गया और जब पता किया गया कि आवारा श्वान कहा है, तब श्वान को गांव के बाहर मृत स्थिति में देखा गया , तब उन्होंने संदीप नेवारे के घर जाकर पूछा कि आपने आवारा श्वान को कहा पर छोड़ा है तब उन्होंने बताया कि उन्होंने मेघनाथ के कहने पर आवारा श्वान को मार कर फेंक दिया है, तब इस घटना से स्तंभित होकर युवराज द्वारा मोहल्ले के कुछ लोगों के साथ हट्टा थाने में जाकर उन दोनों के खिलाफ शिकायत की गई।



### पुलिस नहीं लिख रही थी शिकायत-दुर्गा मालेवार

एनिमल संस्था की दुर्गा मालेवार द्वारा इस पूरे घटना की जानकारी देते हुए पद्मेश न्यूज़ को बताया गया कि उन्हें हरदोली से फोन आया था कि उनके क्षेत्र में आवारा श्वान को गले में रस्सी बांधकर मार दिया गया है तब उन्होंने कहा कि वह इसकी शिकायत पुलिस में करें, तो पुलिस द्वारा उन्हें शिकायत करने थाने जाने पर शिकायत नहीं होती कहकर वापस भेज दिया गया था, किंतु जब एनिमल संस्था की दुर्गा मालेवार और सभी ग्रामीण थाने पहुंचे और उन्होंने बताया कि आवारा श्वान को मारने पर इस प्रकार की घटना में इन धाराओं के तहत कार्रवाई होती है, तब पुलिस द्वारा इस मामले पर गंभीरता से शिकायत दर्ज की गई और फिर शिकायत लिखी गयी, नहीं तो पहले पुलिस ने ग्रामीणों को छोटी घटना है करके थाने से चलता कर दिया था।

### एफआईआर दर्ज कर ली गई है आरोपी न्यायालय में किया जाएगा पेश - भूपेंद्र सिंह पंद्रे

जब हमारे द्वारा हट्टा थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह पंद्रे से दूरभाष पर चर्चा की गई, तो उन्होंने बताया कि उनके थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम हरदोली से एक मामला आवारा श्वान को मारने को लेकर आया है जिसमें उन्होंने ग्रामीणों के कहने पर एफआईआर दर्ज कर ली है और आरोपी मेघनाथ मेश्राम और संदीप नेवारे के खिलाफ धारा 429 , 34 आईपीसी के तहत मामला कायम किया गया है जिन्हें 21 मार्च को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा दिवास का तीन दिवसीय शिविर सम्पन्न

## 23 महिलाओं के बच्चेदानी का किया गया ऑपरेशन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जिला अस्पताल और रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा दिवास के संयुक्त तत्वाधान में जिले में पहली बार महिलाओं के बच्चेदानी ऑपरेशन के तीन दिवसीय शिविर का शुभारंभ 19 मार्च को किया गया।जिसका समापन 21 मार्च को किया गया। तीन दिनों में कुल 23 महिलाओं के बच्चेदानी का ऑपरेशन किया गया। जिन्हें सात दिनों तक अस्पताल में चिकित्सीय देखरेख में रखा जाएगा। इस शिविर के बाद भी चिन्हित महिलाओं का फिट होने पर ऑपरेशन किया जाएगा। यह बात तीन दिवसीय महिला बच्चेदानी के सर्जरी शिविर के समापन पर सिविल सर्जन डॉ. संजय धबड़घाव ने कही।उन्होंने बताया की कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन और डॉ मनोज पांडे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय बच्चेदानी ऑपरेशन का सर्जरी शिविर का आयोजन 19 से 21 मार्च तक शहीद भगत सिंह जिला चिकित्सालय बालाघाट में आयोजित किया गया है। जिसमें जबलपुर के स्त्रीरोग विशेषज्ञ और एनिस्थिसिया विशेषज्ञों का सहयोग रहा। प्रोजेक्ट मधुबाला के तहत महिलाओं के बच्चेदानी सर्जरी शिविर के दौरान सचिव रोटे. रितु माहेश्वरी, प्रोजेक्ट चेयरपर्सन रोटे. रश्मि बाघरेचा, रोटे. दिव्या वैद्य, पूनम सचदेव, पूजा अग्रवाल, नम्रता कांकरिया, श्वेता सेठिया, मिलन जैन, कृति बोथरा, महिमा राठौर, हेमा वाधवानी, स्वीटी वैद्य, डॉ. दीप्ति जैन, प्रिती जैन, गुलशन माहेश्वरी, सिल्की लोढा, ज्योति अग्रवाल, आंचल अग्रवाल, विद्या गौतम, स्नेहा वैद्य, माधुरी जैन, अंकिता वैद्य, स्वीटी वैद्य सहित रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा अध्यक्ष रोटे. राकेश चिले और टीम उपस्थित थी।



### प्रोजेक्ट मधुबाला के तहत हुआ आयोजन -मेघा

रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा दिवास अध्यक्ष मेघा चोपड़ा ने बताया कि जिले में पहली बार रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा दिवास ने प्रोजेक्ट मधुबाला के तहत महिलाओं की समस्या को लेकर पहल करते हुए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से तीन दिवसीय सर्जरी शिविर का आयोजन शहीद भगत सिंह जिला चिकित्सालय बालाघाट में किया गया।उन्होंने बताया कि सर्जरी शिविर से पूर्व 100 महिलाओं की स्क्रीनिंग की गई। जिसमें 51 महिलाओं को चिन्हित किया गया। जिनमें 23 महिलाओं की तीन दिवसीय शिविर के दौरान सर्जरी की गई। शेष महिलाओं के ऑपरेशन भी आगामी समय में किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय सर्जरी शिविर में आने वाले सभी मरीजों के ऑपरेशन के बाद देखरेख की जिम्मेदारी क्लब उठा रहा है। उन्होंने बताया कि इस शिविर में सहयोग देने वाले सीएचएमओ डॉ. मनोज पांडेय, सिविल सर्जन संजय धबड़घाव, डीआईसी मैनेजर राजाराम चक्रवती और विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. गीता बारमाटे, डॉ. वर्षा रंगारे, डॉ. डॉली मरावी, डॉ. दिनेश मेश्राम, डॉ. कृष्णकांत रावत, डॉ. अश्विनी भौतेकर, डॉ. रश्मि बाघमारे, डॉ. अर्चना लिल्हारे, डॉ. अजरा परवीन खान, डॉ. आस्था रंगारे, डॉ. लोकेश वासनिक, डॉ. दिपक खरे, डॉ. नीरज चतुर्वेदी, डॉ. रूपम प्रिया राय का शिविर में मिले सहयोग का मोमेंटो देकर सम्मान किया गया।

# नवेगांव थाने में शांति समिति की बैठक संपन्न

## आगामी पर्व को मिलजुलकर मनाने और पुलिस सहयोग पर की गई चर्चा

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। आदर्श आचार संहिता और आगामी समय में आने वाले सभी पर्वों को लेकर गुरुवार को ग्रामीण थाना नवेगांव में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित इस बैठक में लोकसभा चुनाव ,आगामी पर्व होलिका दहन, धुरेडी, रंग पंचमी और ईद पर्व को लेकर चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ के निर्देशन व मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राम लखन पटेल की अगुवाई में आयोजित की गई इस बैठक में उपस्थित जनों से लोकसभा चुनाव व आगामी सभी पर्वो में शांति व्यवस्था बनाए रखने ,पुलिस का सहयोग करने, और कोई भी अप्रिर्य घटना होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने की समझाईश दी गई। जहां उपस्थित जनों ने सभी पर्व मिलजुल कर मनाने की बात कहते हुए पुलिस की हर संभव मदद किए जाने की बात कही। इस दौरान उप निरीक्षक,ए एस आई प्रभु दयाल कानतोड़े, उप निरीक्षक देवेंद्र, प्रधान आरक्षक गोविंद वडकड़े, आरक्षक खिलेंद्र रहांगडाले सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी कर्मचारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ,तो वही शांति समिति संयोजक राजेश दुबे, नवेगांव सरपंच अभिषेक कटरे, गोंगलाई सरपंच प्रतिनिधि मुकेश पटले, पूर्व सरपंच गोंगलाई गंगा प्रसाद लिल्हारे, जितेंद्र राणा, महिला समिति प्रमुख शर्मिला हट्टेवार, मोहित सिंह चौहान ,राजेश मर्सकोले, तेजलाल बिसेन, भूपेंद्र भूते, पदमा गोस्वामी, ललिता गोड़ाने, कोटवार कमलेश गजभिए, आशा कावरे,सहित ग्रामीण थाना नवेगांव के अंतर्गत आने वाले सभी गांव के सरपंच उनके प्रतिनिधि व सामाजिक बंधु विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



# श्रीमती स्वाति जैन को मिली पी. एच. डी. की उपाधि

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कमला नेहरू कन्या महा विघायल बालाघाट वनस्पति शास्त्र में अतिथि विद्वान पद पर कार्यरत श्रीमति स्वाति जैन, ने वनस्पति शास्त्र विषय में पीएचडी हॉसिल की है। अवधेश प्रताप सिंग विश्वविघालय रीवा से उन्होंने ये डिग्री मिली है । डॉ. अनूप सिंह बघेल, के निर्देशन में शीर्षक इकोलॉजिकल डायवर्सिटी रीजेनरेशन बायोपासरेसी एंड स्ट्रेटीफिकेशन ऑफ फारेस्ट वेजीटेशन ऑफ पातालकोट में शोध पूर्ण करने पर श्रीमती जैन को पी.एच.डी. की उपाधि प्रदान की गई। श्रीमति जैन द्वारा यह उपाधि हॉसिल करने पर परिजनों एवं शुभचिंतको ने खुशी जाहिर करते हुये उन्हे शुभकामनाये दी। इस अवसर पर कन्या महा विघायल की प्राचार्य डॉ निधि ठाकुर, एवं महाविघायल स्टॉफ द्वारा बधईयां एवं शुभकामनाये दी गई। उन्होने बताया कि डॉ राहुल सूर्यवंशी द्वारा अपेक्षित सहयोग किया गया। श्रीमति मनिका चौबे, श्रीमति बबली शेंडे के साथ साथ वनस्पिति विभाग में कार्यरत साथियों द्वारा भी उन्हे विशेष रूप से बधाई दी गई। श्रीमति जैन ने बताया कि माता-पिता, सास-ससुर एवं परिवारजनों के आशीर्वाद से इस उपलब्धि को पूर्ण किया जा सका। श्रीमति जैन के पुत्र पर्व जैन द्वारा प्रशन्नता व्यक्त कर अपनी माँ को स्नेहिल बधाई दी।श्रीमति जैन ने बताया कि शोध निर्देशक, सह शोध निर्दशक के अतिरिक्त उनके ससुर रिटार्यर्ड प्रोफेसर शीलचंद्र जैन, पति अनिल जैन, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, पिता लालचंद्र जैन रिटायर्ड एस. वी. आई आफीसर द्वारा समय समय पर मार्गदर्शन प्रदान किया ।




# हट्टा पुलिस ने ग्राम हरदौली में पकड़ी 19500 रुपये की देसी शराब

## अवैध रूप से शराब रखने के आरोप में मेघनाथ मेश्राम गिरफ्तार- भेजा गया जेल

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। हट्टा पुलिस ने ग्राम हरदोली में छापा मारकर 6 कार्टून में रखी 300 पाव देसी शराब जप्त की। जिसकी कीमत 19500 बताई गई है। इस देसी शराब को अवैध रूप से रखने के आरोप में मेघनाथ पिता मुन्ना मेश्राम 58 वर्ष ग्राम हरदौली निवासी को गिरफ्तार किया गया। जिसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है। हट्टा पुलिस के मुताबिक मेघनाथ मेश्राम हरदौली निवासी अपने घर में अवैध रूप से देसी शराब रखकर बिक्री करता था। 20 मार्च को दोपहर 3 बजे करीब जब हट्टा थाना प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह पन्द्रों अपने स्टाफ के साथ जुर्म जरायम पतासाजी हेतु देहात रवाना हुए थे। इस दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम हरदौली में मेघनाथ मेश्राम अपने मकान के पीछे बाड़ी में भारी मात्रा में शराब छुपा कर रखा है। मुखबिर की इस सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह पन्द्रों अपने स्टाफ के प्रधान आरक्षक द्वारिका नारायण दुबे, आरक्षक परशु करवेती और आरक्षक अभिषेक मालवीय के साथ ग्राम हरदौली मेघनाथ मेश्राम के घर के सामने अपने वाहन से पहुंचे तभी एक व्यक्ति पुलिस को देखकर मकान से निकलकर भागने लगा ।जिसे घेराबंदी कर मुश्किल से पकड़े। नाम पूछने पर इस व्यक्ति ने अपना नाम मेघनाथ पिता मुन्ना मेश्राम 58 वर्ष ग्राम हरदौली निवासी बताया। मेघनाथ को पकड़कर उसके घर लाये और तलाशी लेने पर उसकी घर के पीछे बाड़ी में 6 कार्टून मिले। 6 कार्टूनों को खोलकर देखने पर प्रत्येक कार्टून में देसी प्लेन शराब के 50-50 पाव रखा हुआ पाया गया । हट्टा थाना प्रभारी श्री पन्द्रों ने मेघनाथ मेश्राम से उक्त शराब रखने के संबंध में वैध लाइसेंस पूछे, उसने शराब के रखने के संबंध में किसी भी प्रकार का वैध लाइसेंस नहीं होना बताया ।मेघनाथ मेश्राम इस देसी शराब को अपने घर की बाड़ी में अवैध रूप से रखा हुआ था। 6 कार्टूनों में 180 एम एल के 300 पाव में कुल 54 बल्क लीटर देसी शराब पाई गई। जिसकी कीमत 19500 बताई गई है। इस शराब को अवैध रूप से रखने के आरोप में मेघनाथ मेश्राम को धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर उसे 21 मार्च को बालाघाट की विद्वान अदालत में पेश कर दिया गया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है।

# समतलीकरण नही होने से नहर के अंदर जमा हो रही मिट्टी

## लाईनिंग कार्य के लिए खोदी गई थी नहर, समतलीकरण करवाना भूला प्रशासन, किसान परेशान, नहर के पार की मिट्टी को समतल कर नवीन पुलिया निर्माण करवाने की शासन-प्रशासन से की मांग




लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ८ किमी. दूर ग्राम पंचायत टेकाड़ी ला. स्थित सर्राटी जलाशय से लेकर रामजीटोला माइनर नहर का सीमेंटीकरण का कार्य किया गया है। इस नहर का सीमेन्टीकरण लाईनिंग कार्य के लिए निर्माण कंपनी के द्वारा अंग्रेजों के शासनकाल में बनी मिट्टी की नहर की खुदाई कर सीमेन्टीकरण किया गया है और मिट्टी को नहर की पार के ऊपर रख दिया गया है उसे समतल नही किया गया है। जिसके कारण गत दिवस हुई तेज बारिश में पार के ऊपर रखे मिट्टी के ढेर नहर के अंदर आने (जमा) होने लगी है और जगह-जगह मार्ग के किनारे मिट्टी के ढेर होने के कारण आने-जाने वाले ग्रामीणजन एवं किसानों को खासा परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। साथ ही नहर के अंदर मिट्टी जमा हो जाने से बरसात के दिनों में जब नहर में पानी छोड़ा जायेगा तो टेल क्षेत्र तक पानी नही पहुंच पायेगा क्योंकि यह मिट्टी पानी के बहाव में रूकावट उत्पन्न करेगी जिससे किसानों की फसल प्रभावित हो सकती है। साथ ही निर्माण कंपनी के द्वारा नहर का सीमेन्टीकरण तो किया गया है परन्तु पुर्व में बने पुलियों को तोड़कर नवीन पुलिया का निर्माण भी नही किया गया है, पुराने पुलियों को ही यथावत रख दिया गया है। साथ ही निर्माण कार्य में अनियमितता भी बरती गई है जिससे ग्रामीणजन व किसानों में आक्रोश व्याप्त है। वहीं किसानों ने निर्माण कंपनी एवं जल संसाधन विभाग के जिम्मेदारों से नहर के लाईनिंग कार्य के लिए खोदी गई मिट्टी जो नहर के अंदर जमा हो रही है उसकी सफाई कर नहर के पार में ढेर रखे गये मिट्टी को समतल करने एवं नवीन पुलिया का निर्माण करवाने की मांग की है। आपकों बता दे कि सर्राटी जलाशय टेकाड़ी ला. से निकली माईनर नहर का जल संसाधन विभाग के द्वारा टेकाड़ी ला. से रामजीटोला माइनर नहर का लाईनिंग (सीमेन्टीकरण) कार्य करोड़ों रूपयों की लागत से करवाया जा रहा है परन्तु इस निर्माण कार्य में भारी अनियमितता भी बरती गई है जिसकी शिकायत पूर्व में किसानों ने जिला प्रशासन एवं क्षेत्रीय विधायक से की थी। जिसके बाद निर्माण कार्य में कुछ सुधार आया है परन्तु निर्माण कंपनी के द्वारा नहर के लाईनिंग कार्य के लिए खोदी गई मिट्टी को अब तक समतल नही किया गया है जिसके कारण गत दिवस तेज आंधी-तूफान के साथ हुई बारिश में नहर की पार में रखे गये मिट्टी नहर के अंदर गिरते हुए जमा होने लगी है एवं जगह-जगह नहर के अंदर मिट्टी जमा हो रही है। साथ ही रोड़ किनारे एवं खेत मार्ग में मिट्टी अव्यवस्थित तरीके से होने के कारण किसानों के साथ ही ग्रामीणजनों को आने-जाने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है एवं नहर के अंदर मिट्टी जमा होने से पानी बहने में रूकावट उत्पन्न होगी। ऐसी स्थिति में किसानों के खेतों तक पानी नही पहुंच पायेगा जिससे उनकी फसल भी प्रभावित हो सकती है इसलिए किसान व ग्रामीणजनों ने नहर के अंदर जमा हो रही मिट्टी की सफाई कर नहर के पार के ऊपर अव्यवस्थित तरीके से रखे गये मिट्टी को समतल कर जगह-जगह नवीन पुलिया का निर्माण करवाने की मांग जल संसाधन विभाग से की है।

### नहर के अंदर जमा हो रही है मिट्टी - सुलेमान

मोहम्मद सुलेमान ने बताया कि टेकाड़ी ला. से रामजीटोला तक सर्राटी जलाशय माइनर नहर का सीमेन्टीकरण लाईनिंग कार्य किया जा रहा है परन्तु निर्माण कार्य के लिए जो खुदाई की गई है उस मिट्टी को समतलीकरण नही किया गया गया है जिसके कारण गत दिवस हुई बारिश में मिट्टी के ढेर नहर के अंदर धीरे-धीरे पार से गिरकर जमा होने लगे है। अगर मिट्टी के ढेर को समतल नही किया गया तो पानी के बहाव में यह मिट्टी रूकावट भी बनेगी जिससे किसानों के खेतों तक पानी नही पहुंच पायेगा इसलिए नहर के पार के ऊपर की मिट्टी का समतलीकरण करना चाहिए और जो मिट्टी नहर के अंदर है उसकी साफ-सफाई करवाई जाये।



### पुराने पुलियों के ऊपर से नही नहर का कर दिया गया है निर्माण कार्य - ओमप्रकाश

किसान ओमप्रकाश बिसेन ने बताया कि टेकाड़ी ला. सर्राटी जलाशय के माइनर नहरों का सीमेन्टीकरण का कार्य करोड़ों रूपयों की लागत से जल संसाधन विभाग के द्वारा करवाया जा रहा है परन्तु यह निर्माण कार्य निर्माण कंपनी के द्वारा गुणवत्तापूर्ण नही किया गया है और नहर के लाईनिंग कार्य के लिए खोदी गई मिट्टी को नहर की पार पर जमा कर दिया गया है उसे समतल नही किया गया है। जिसके कारण बारिश होने से मिट्टी सड़क एवं पार से नीचे नहर के अंदर जमा होने लगी है जिससे पानी का बहाव रूक जायेगा ऐसी स्थिति में किसानों को मेहनत कर सफाई करना पड़ेगा। जबकि निर्माण कंपनी को समतलीकरण करना चाहिए था परन्तु ऐसा नही किया गया है एवं निर्माण कार्य में अनियमितता भी बरती गई है। श्री बिसेन ने बताया कि टेकाड़ी ला. से लेकर रामजीटोला तक माइनर नहर के सीमेन्टीकरण कार्य के लिए जेसीबी मशीन से खुदाई कर मिट्टी को नहर के पार के ऊपर रखे गये है उसे जल्द समतलीकरण किया जाना चाहिए नही तो बरसात के दिनों में पुरी मिट्टी नहर के अंदर आ जायेगी। साथ ही यह भी बताया कि नहर निर्माण में जहां-जहां पुलिया पुर्व में बने थे उसके स्थान पर नवीन पुलिया का निर्माण नही किया गया है इसलिए हमारी मांग है कि नहर के अंदर जमा हुई मिट्टी की सफाई कर पार पर रखे मिट्टी को समतल एवं पुलियों का निर्माण किया जाये।



# छिंदलई में श्रीमद् भागवत एवं श्रीराम कथा महापुराण ९ अप्रैल से

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग १२ किमी. दूर ग्राम पंचायत छिंदलई के देवी मंदिर में नवरात्री पर्व के अवसर पर माँ दुर्गा की प्राण प्रतिमा के उपलक्ष्य में आगामी ९ अप्रैल से श्रीमद् भागवत महापुराण कथा एवं श्रीराम कथा महापुराण का आयोजन किया गया



है। तत्संबंध में जानकारी देते हुए आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि चैत्र नवरात्र के अवसर पर छिंदलई स्थित सार्वजनिक देवी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया है। इस उपलक्ष्य में ९ अप्रैल से १७ अप्रैल तक श्रीमद् भागवत महापुराण कथा एवं श्रीराम कथा महापुराण किया जायेगा जिसमें ९ अप्रैल को कलश यात्रा एवं देवी-देवताओं को आमंत्रण दिया जायेगा और आयोजित कार्यक्रम में प्रतिदिन दोपहर २ बजे से शाम ५ बजे तक श्रीराम कथा का वाचन इटावा (उ.प्र.) से पधारे कथावाचक पं. श्री कृष्णानंद जी महाराज एवं रात ८ बजे से ११ बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का वाचन पूज्यनीय देवी रश्मी शास्त्री के द्वारा दी जायेगी। साथ ही प्रतिदिन प्रात: ७ बजे से ११ बजे तक रूद्राभिषेक एवं विविध धार्मिक अनुष्ठान किये जायेगें। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील आयोजन समिति अध्यक्ष यशवंतराय बिसेन, उपाध्यक्ष जगलाल टेंभरे, कोषाध्यक्ष डुलीचंद पटले, सचिव प्रितम गोले, सहसचिव चंद्रकांत गौतम, संयोजक मदनलाल गौतम, सहसंयोजक श्रीमती कृष्णा भिवराम माने, प्रभारी नीलमचंद राहंगडाले, सहप्रभारी भजनलाल पटले, एनुकलाल सिंगेश्वर, पूर्व सरपंच प्रेमचंद राहंगडाले, दिनेश पटले, गुरूप्रसाद बिसेन, गंगाराम राहंगडाले, पिपरिया सरपंच रूपचंद माने, रमा महेश टेकाम, मनीराम राहंगडाले, रतिराम बाहेश्वर, भगतराम तुलसीकर सचिव, खरगलाल टेंभरे, सुरज ठाकरे, सुदामा एड़े, बालचंद बिसेन, पन्नालाल पारधी, टोपलाल पारधी, धन्नालाल चौधरी, कमलेश चौधरी, सूर्यकांत गौतम, अनिल गौतम, दिमागचंद रहांगडाले, रामचरण फुंडेकर, चित्रसेन राहंगडाले, भीवाराम राहंगडाले, नत्थुलाल तुलसीकर, धनेन्द्र चौधरी, कैलाश बिसेन, उमाशंकर चौधरी, प्रेमलाल चौधरी, बस्ताराम पटले, पोखनलाल शरणागत, हीरालाल चौधरी, ब्रजलाल चौधरी, तिलकचंद ठाकरे, फगलाल टेंभरे, श्यामलाल चौधरी, छन्नुलाल राहंगडाले सहित अन्य ग्रामीणजनों ने की है।

# खेतों में तैयार गेंहू की कटाई में जुटे क्षेत्रीय कृषक

## बेमौसम बारिश से बढ़ी चिंता: फसलों को सुरक्षित करने में जुटे किसान




लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में गत दिवस तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश हुई थी। जिसके बाद अब क्षेत्रीय किसानों ने अपने खेतों में खड़ी गेंहू व चना सहित अन्य फसल को बारिश से बचाने के लिये जद्दोजहद करने के साथ ही उनकी कटाई कर उसे सुरक्षित करने का कार्य किया जा रहा है। वहीं बेमौसम होने वाली बारिश के डर से किसानों के द्वारा खेतों में तैयार गेंहू फसल की कटाई कर व्यवस्थित किया जा रहा है एवं बची हुई चना, अलसी व लखोड़ी की फसल को भी व्यवस्थित किया जा रहा है। साथ ही कृषकों के द्वारा पूर्व में बारिश व ओलावृष्टि से खराब हो चुकी चना व लखोड़ी की फसल को छोड़ दिया गया है। वहीं मौसम साफ होते ही कृषकों के द्वारा आनन-फानन में थ्रेसर के माध्यम से मिसाई कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। आपकों बता दें कि विगत तीन-चार दिनों से क्षेत्र में सुबह के समय मौसम बिल्कुल साफ होने के बाद दोपहर में तेज धूप खिल रही है लेकिन शाम के समय बदलीनुमा मौसम के बाद बेमौसम होने वाली बारिश से किसान परेशान है। जिनके द्वारा गेंहू सहित अन्य दलहन फसल को बचाने के लिये युध्द स्तर पर कटाई कार्य किया जा रहा है एवं खेत-खलिहानों में तिरपाल-पन्नियों से ढंककर व्यवस्थित किया जा रहा है। चर्चा में क्षेत्रीय किसानों ने बताया कि लालबर्रा क्षेत्र सहित ग्रामीण अंचलों में ३-४ दिनों से हुई बे-मौसम बारिश और ओलावृष्टि होने से रबी की फसल चना, अलसी व लखोड़ी सहित अन्य दलहनी फसलें खराब हो गई है और मौसम साफ होने का नाम नही ले रहा है जिससे ऐसा लग रहा है कि अगर ओलावृष्टि व तेज बारिश हुई तो जो फसल खेत में खड़ी है वह भी पूरी तरह से बर्बाद हो जायेगी। किसानों ने बताया कि खेतों में गेंहू की फसल पककर तैयार है और कटाई कार्य शुरू कर दिया गया है एवं कटी हुई फसल खेतों में रखी हुई है लेकिन अचानक मौसम खराब होने से फसल खराब होने की संभावना बनी हुई है। जिसको देखते हुए खलिहानो में लाकर सुरक्षित किया जा रहा है तथा समय मिलते ही मिसाई कार्य किया जा रहा है। साथ ही यह भी बताया कि वर्तमान समय में बेमौसम बारिश के साथ ओलावृष्टि होने की संभावना बनी हुई है, यदि ओलावृष्टि हुई तो गेंहू के साथ ही अन्य दलहन फसलें बर्बाद हो जायेगी। जिससे किसानों को आर्थिक परेशानियों से जुझना पड़ेगा इसलिए प्रशासन से मांग है कि बे-मौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का सर्वे कर मुआवजा प्रदान करें।

# दुपहिया वाहन की टक्कर से साइकिल सवार टीकाराम घायल, उपचार जारी

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग १५ किमी. दूर ग्राम पंचायत बुट्टा ह. के चौक में अज्ञात मोटरसाइकिल की टक्कर से साइकिल सवार ५० वर्षीय टीकाराम पटले घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती किया गया है जहां उपचार जारी हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुट्टा ह. निवासी ५० वर्षीय टीकाराम पटले रोजाना की तरह गुरूवार को भी प्रात: ९ बजे साइकिल से



बालाघाट काम करने जा रहा था तभी ग्राम के चौक के पास अज्ञात दुपहिया वाहन चालक ने तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए टीकाराम को टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। वहीं बाईक सवार घटना स्थल से फरार हो गया। जिसके बाद चौक में स्थित लोग दौड़कर घायल को उठाये और तत्काल लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती किया जिसका उपचार जारी है। इस सड़क दुर्घटना में टीकाराम पटले को सिर, हाथ, पैर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में अंदुरूनी चोटे आई है, जो खतरे से बाहर है।

# बहेला पुलिस ने जप्त की 24 हजार रुपए की देसी शराब- एक व्यक्ति गिरफ्तार

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। बहेला पुलिस ग्राम भुरसाडोंगरी मैं छापा मारकर 24 हजार रुपए की देसी शराब जप्त की और इस शराब को अवैध रूप से रखने के आरोप में चेतन पिता गणेश मेहरबान 42 वर्ष ग्राम भुरसाडोंगरी निवासी को गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चेतन मेहरबान ग्राम भुरसाडोंगरी निवासी अपने घर में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करता था। 20 मार्च की रात्रि 10 बजे जब बहेला पुलिस ग्रस्त कर रही थी तब सूचना मिली कि ग्राम भरसा डोंगरी में चेतन मेहरबान अपने घर में अवैध रूप से देसी शराब रखा हुआ है। इस सूचना पर उपनिरीक्षक दीपक शर्मा ने अपने स्टाफ के साथ ग्राम भुरसाडोंगरी में घेराबंदी कर चेतन मेहरबान के घर दबिश देकर घर में रखी 24000 रुपए की देसी प्लेन मदिरा जप्त कि। इस शराब को अवैध रूप से रखने के आरोप में चेतन मेहरबान को धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर उसे लांजी की न्यायालय में पेश कर दिए जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है।

# अस्पताल में नियमित टीकाकरण सुदृढ़ीकरण एवं वीपीडी सर्वेलेंस कार्यशाला का हुआ आयोजन

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सभाकक्ष में २१ मार्च को नियमित टीकाकरण सुदृढ़ीकरण एवं वीपीडी सर्वेलेंस का विकासखण्ड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बीएमओं डॉ. एन इंडोलिया एवं अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मचारियों को क्षेत्र के ९ माह से १५ वर्ष के बज्चों को खसरा एवं रूबेला का टीकाकरण



के लक्ष्य को कैसे पूरा करना है और यह टीका लगने से बच्चों को कौन-कौन सी बीमारी से बचाया जायेगा उसके बारे में विस्तार बताया गया। साथ ही नियमित टीकाकरण सुदृढ़ीकरण एवं वीपीडी सर्वेलेंस के महत्व के बारे में जानकारी देकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। चर्चा में ब्लाक कार्यक्रम अधिकारी भुवनेश बोपचे ने बताया कि स्वास्थ्यकर्मियों को खसरा एवं रूबेला का टीकाकरण अभियान को कैसे सफल बनाना है उसके लिए नियमित टीकाकरण सुदृढ़ीकरण एवं वीपीडी सर्वेलेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। साथ ही यह भी बताया कि खसरा-रूबेला उन्मूलन अभियान के तहत ९ माह से १५ वर्ष के बच्चों को टीका लगाया जाना है इसलिए इस अभियान को कैसे सफल बनाना है उसके बारे में स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक जानकारी देकर शत प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कहा गया है और ९ माह से १५ वर्ष के सभी बच्चों को स्कूल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व आंगनवाड़ी केन्द्रों में टीका लगाया जायेगा। इस अवसर पर स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# कोहका से अज्ञात चोर ने घर के भीतर से चुराई बाइक

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम कोहका से कमलेश बिसेन के निवास से अज्ञात चोर ने बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. घटना बुधवार की देर रात की है. गुरुवार की सुबह वाहन मालिक ने कटंगी थाना पहुंचकर चोरी की लिखित शिकायत दर्ज करवाई है. वाहन मालिक कमलेश बिसेन ने बताया कि रात्रि में उनके पड़ोस में नीलमचंद राहंगडाले के यहां सिंगोड़ी से बारात आई थी. बहुत से बारातियों ने उनके घर के आंगन में ही अपने दोपहिया वाहन खड़े किए थे. रात्रि करीब साड़े 11 बजे के बाद उनके घर के बरामदे में रखी स्पलेंडर वाहन क्रमांक एमएच 31 बीई 7866 वाहन चोरी हो गया है. वाहन मालिक ने रात्रि में ही डॉयल 100 को सूचना दी. वहीं सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन भूलवश कोई वाहन लेकर गया होगा यह कहते सुबह तक इंतजार करने के लिए कहा परंतु आज जब 11 बजे के बाद भी वाहन को कोई पता नहीं चला तो वाहन मालिक ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई है।



कंजई में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# किसानों ने प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## भाजपा सरकार धोखेबाज सरकार है- हामिद अली

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत करीब आधा दर्जन से अधिक ग्रामों के किसानों के द्वारा २१ मार्च को तहसील कार्यालय वारासिवनी पहुंचकर प्रधानमंत्री भारत सरकार के नाम का ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को सौंपा गया है। जिसमें धान एवं गेहूं की खरीदी विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा के घोषित संकल्प पत्र के अनुसार करने और धान के अंतर की राशि ९१७ रुपए प्रति क्विंटल किसानों के खाते में देने की मांग की गई। वहीं मांगे पूरी ना होने पर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने की बात कही गई। ज्ञापन में उल्लेखित है कि मध्य प्रदेश सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा संकल्प पत्र जारी कर एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा धान का समर्थन मूल्य ३१०० रुपए प्रति क्विंटल से खरीदने की गारंटी दी गई थी। किंतु किसानों को २१८३ रुपए प्रति क्विंटल से भुगतान किया गया है । जिसमें अंतर की राशि ९१७ रुपए का भुगतान आज तक नहीं हो पाया है। यह वादे के अनुसार अंतर की राशि का भुगतान तत्काल किसानों को किया जाना चाहिए। वहीं रबी फसल गेहूं का समर्थन मूल्य सरकार बनने के बाद २७०० रुपये करने के लिए कहा गया था। किंतु गेहूं खरीदी का पंजीयन करवाने जा रहे हैं तो २२७५ रुपए प्रति क्विंटल से पंजीयन हो रहा है, जो सीधे तौर पर भाजपा सरकार के द्वारा वादा खिलाफी की जा रही है। जबकि हमारा पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में भी यह घोषणा की गई थी जहां पर भुगतान किया जा चुका है । ऐसे में मध्य प्रदेश के किसानों के साथ सरकार भेदभाव कर रही है ,जो किसानों के साथ सीधा धोखा अन्याय और वादा खिलाफी है। ऐसे में केंद्र और प्रदेश सरकार से मांग है कि वह तत्काल किसानों के खाते में अंतर की राशि का भुगतान करें । अन्यथा सभी किसान लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने के लिए मजबूर होंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कृषकगण मौजूद रहे।






### किसानों ने हुई ओलावृष्टि का सर्वे करने की मांग

वहीं किसानों के द्वारा एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर विकासखंड अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में बीते करीब चार दिनों में हुई असमय बारिश और ओलावृष्टि के कारण रबी की बर्बाद फसल का मुआवजा देने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया कि हमारे वारासिवनी विकासखंड अंतर्गत १६ मार्च से मौसम में बदलाव लगातार होता रहा है ,जिसके कारण बे मौसम बारिश और ओलावृष्टि भारी मात्रा में कुछ जगह पर हुई है। जिससे रबी की फसल में किसानों को नुकसान हुआ है ,और कई स्थानों पर तो पूरी फसल ही नष्ट हो गई है ।जिससे किसान अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। ऐसे में शासन से मांग है कि वह किसानों के खेत में हुई नुकसानी का सर्वे करवाकर उन्हें उचित मुआवजा सहायता राशि के रूप में जल्द देने के लिए कार्य करें।

### भाजपा सरकार मोदी की गारंटी का उल्लंघन और वादा खिलाफी कर रही है- लक्ष्मणसिंह पारधी

किसान लक्ष्मणसिंह पारधी ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि हमारी मुख्य मांग है की भारत सरकार ने ३१०० रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य धान का देने को कहा था। वह किसानों को दिया जाना था जबकि हमारे पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में ३१०० रुपए प्रति क्विंटल का भुगतान किसानों को किया गया है। मध्य प्रदेश में हमारे साथ छल किया जा रहा है जहां ३१०० की जगह २१८३ रुपए प्रति क्विंटल से भुगतान किया गया है । यह सीधा मोदी की गारंटी का उल्लंघन और वादा खिलाफी की जा रही है। तो हम आगे उनकी



गारंटी कैसे मानेंगे अभी गेहूं का २७०० रुपए प्रति क्विंटल कहा गया था किंतु पंजीयन प्रारंभ हुआ तो पता चला कि २२७५ रुपए प्रति क्विंटल में पंजीयन हो रहा है तो यह किसानों के साथ धोखा है। इसी के विरोध में हम यहां पर आए हैं हम चाहते हैं कि जो सरकार ने घोषणा की थी उसको अमल में लेकर पूरा करें।

### पैसा नही मिला तो मतदान का बहिष्कार कर चुनाव का भी बहिष्कार करेंगे-घनश्याम सहारे

किसान घनश्याम सहारे ने बताया कि विधानसभा चुनाव के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वादा किया था और उसे अपने संकल्प पत्र में



भी भाजपा ने दर्शाया था। कि ३१०० रुपए प्रति क्विंटल धान का समर्थन मूल्य दिया जाएगा। अब सरकार बन गई है तो अंतर की राशि आज तक हमें नहीं मिली है । जिसे हमने इंतजार किया किंतु आचार संहिता लागू हो गई । अब हम सरकार को याद दिला रहे हैं कि मोदी की गारंटी ऐसे झूठे वादे क्यों करते हैं। आगे लोकसभा चुनाव है तो हम सभी मतदान का बहिष्कार कर चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

### सरकार पैसा दे नही तो चुनाव का बहिष्कार कर आंदोलन करेंगे-हामिद अली

किसान नेता मीर हामिद अली ने बताया कि मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के पहले केंद्र और प्रदेश सरकार के नेतृत्व में घोषणा पत्र में वादा किया था। परंतु वह पूरा नहीं किया जिसके अंतर की राशि ९१७ रुपए देना था जो छत्तीसगढ़ में दे दी गई है। मध्य प्रदेश में नहीं दी गई जबकि दोनों प्रदेश में भाजपा की सरकार है। तो ऐसा



भेदभाव क्यों हो रहा है ९१७ रुपये खाते में डालेंगे कहा तो हमने अभी तक देखा आंदोलन नहीं किया जो अभी तक नहीं मिला है। ऐसा यदि रहा तो हम चुनाव का बहिष्कार कर आगे आंदोलन करेंगे। ताकि अंतर की राशि हमें मिले हमारे क्षेत्र में रमरमा, नांदगांव ,नगझर, सिर्रा , बोटेझरी सहित अन्य ग्राम है जहां बीते तीन दिनों से बारिश और ओलावृष्टि हुई है जिसमें फसल को नुकसान पहुंचा है। जिसकी जांच करने की भी हमने एसडीएम से मांग की है तो उन्होंने कहा है कि यह अपने अधिकार का मामला कहा जिसमें जल्द ही जांच कर ली जाएगी। अभी यहां १० गांव के किसान आयें है जिसमें अधिकांश ग्राम के सरपंच ,उपसरपंच है जो किसानों ग्राम का प्रतिनिधित्व करते हैं।

# कलार समाज को आगे आकर शिक्षा के क्षेत्र में काम करना होगा-प्रदीप जायसवाल

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। खैरलांजी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत साकड़ी में कलार समाज का महासम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस




दौरान पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रबाहू अर्जून का पूजन अर्चन किया। मंदिर में यह मूर्ति प्रदीप जायसवाल के द्वारा ही पूर्व में प्रदान की गयी थी। यह सम्मेलन कार्यक्रम में युवक /युवती परिचय सम्मेलन के साथ महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदीप जायसवाल ने कहा की भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रबाहू अर्जून में हजार प्रकार की बातो के साथ हजार प्रकार की रणनीति रहती थी। और यही गुण कलार समाज के लोगो में नजर आती है। क्योकि वें जंहा रहते वंहा अकेले ही सभी पर भारी नजर आते है। आज समाज के लोगो में व्यवहार, क्षमता और पुरूषार्थ स्पष्ट नजर आ रहा है। इसके अलावा शिक्षा के विषय में भी समाज तेज गति से आगे बढ रहा है हम संघर्ष के प्रतिक है। राजनैतिक, धार्मिक सहित व्यापार के क्षेत्र में सभी वर्गो से सबसे अधिक सामना हमको ही करना पड़ता है। समाज की नयी पीढि को समझाते हुये उन्होने कहा की आज का समय आल राउडंर का है। सिर्फ शिक्षा के अलावा भी अन्य क्षेत्रो में अपनी क्षमता साबित कर जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर एल एन मालवीय, ज्ञानंचद डहाके, नरेन्द्र धूवारे, जीवनलाल धूवारे, फेकनलाल डोहरे, सुनील जायसवाल , सौरभ डहाके, विकास डहाके ,ज्ञानचंद डहाके , शिव जायसवाल , संदीप सोनगडे, फेकनलाल डोहरे, परमानंद तेलासे, हेमलता विजयवंशी, कृष्णकांत बावनथडे, लाखनसाव डहाके , धन्नूसाव चौरीवार ,नीलंकठ डहाके , श्रीमती विनिता डहरवाल, श्रीमती सीमा मेश्राम, सुमीत चौरे, युवराज धूवारे, अभिषेक पिपरेवार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# रामपायली के पुलिस थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित

रामपायली/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। रामपायली के पुलिस थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जो आगामी पर्व होली का उत्सव एवं मोहर्रम पर शांति व्यवस्था बनी रहे इस हेतु सम्पन्न की गई। स्थानीय पुलिस थाना निरीक्षक चंद्रजीत यादव ने नगर एवं क्षेत्र से शांति समिति के सदस्य एवं गणमान्य नागरिकों की बैठक आहूत की गई। जिसमें नगर एवं क्षेत्र से सरपंच,पंच और नागरिकों की उपस्थिति रही । जहां निरीक्षक चंद्रजीत यादव ने बैठक में उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि आगामी होली का उत्सव एवं मोहर्रम पर्व पर नगर एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहे । कानून का पालन नियमित



रूप से होता रहे एवं लोग आपसी प्रेम भाव बनाए रखकर पर्व का आनंद उत्सव उठाये। जिससे आपसी प्रेम भाईचारा बना रहे और कानून का पालन सभी ओर यथावत रहे । कानून का उल्लंघन करने वालों की सूचना तत्काल पुलिस थाना को दी जाए ,ऐसी अनेक विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई।

# शंकर तालाब की गली के मार्ग को बंद करने से वार्ड वासियों में आक्रोश

## मार्ग को बंद करने वालो पर वार्ड वासियों ने कार्यवाही करने नपा से की मांग





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के वार्ड नंबर १४ स्थित शंकर तालाब गली पर बीते करीब आठ से अधिक दिनों से मार्ग बंद कर व्यक्तिगत खुदाई कार्य किया जा रहा है। जिससे वार्ड वासियों को आवागमन की समस्या हो रही है। जिसको लेकर वार्डवासियों के द्वारा मौखिक नगर पालिका में अनेको बार शिकायत भी की गई है। किंतु प्रशासन के द्वारा नगर पालिका से करीब १०० मीटर की दूरी पर बंद गली को खुलवाने का वर्तमान तक कोई प्रयास नहीं किया गया है, नाही मार्ग बंद करने वाले पर कार्यवाही की गई है। जो बंद मार्ग नगर पालिका प्रशासन की सजगता को बता रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मार्ग एक सार्वजनिक रास्ता है जहां से लंबे समय से ग्रामीण सहित वार्डवासी बड़ी संख्या में आना जाना करते हैं। यह मार्ग सीधे शंकर तालाब के किनारे होते हुए कॉलेज और जय स्तंभ चौक की ओर जाता है। वहीं दूसरा मार्ग पास के वार्ड नंबर १४ में ही निकलता है। ऐसे में कॉलेज मार्ग से ग्रामीण जन बाजार वहीं वार्ड के वार्डवासी भी इस मार्ग से बड़ी संख्या में आवागमन करते हैं। परंतु उक्त मार्ग को बंद कर कार्य करते हुए पूरे मार्ग को खोद दिया गया है । वही दोनों तरफ से मार्ग को बंद कर दिया गया है। जिसके कारण वार्ड वासी और ग्रामीणों को घूम कर अपने कार्यों के लिए आना जाना करना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीणजन वहाँ से वापस दूसरे मार्ग से जा रहे है। इस मार्ग पर नाली खोदने के दौरान विद्युत पोल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसे रस्सी से बांधकर रखा गया है । ऐसे में हर तरह से समस्या बनी हुई है इसके बावजूद भी नगर पालिका के द्वारा उक्त विषय पर किसी प्रकार से गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। जिससे ऐसा लग रहा है कि नगर पालिका को आम इंसान की तकलीफ से कोई लेना देना नहीं है। बरहाल इसमें बताया जा रहा है की अभिषेक अग्रवाल के द्वारा दुकान के पीछे मकान का निर्माण किया गया है। जहां पानी निकासी की व्यवस्था बनाने के लिए उनके द्वारा उक्त मार्ग को बीते कुछ दिनों से पूरा बंद कर दिया गया। है।

### रास्ता बंद है नगर पालिका को कार्यवाही करना चाहिए- संगम मोदी

वार्डवासी संगम मोदी ने बताया कि यह मार्ग पिछले १० दिनों से बंद है यहीं से हमारा आना जाना होता है । जिसके बंद होने से हमें परेशानी का सामना बहुत ज्यादा करना पड़ रहा है। यह रोड़ बहुत चलता है जिसमें गंगोत्री और हमारे वार्ड के लोग



सहित ग्रामीणजन आते जाते हैं। अब उन्होंने रोड़ कैसे क्या खोद दिया है इसकी हमें जानकारी नहीं है । पर वहां से खोदा गया है हमे यह पता है १० दिन से वह मार्ग बंद है। हम चाहते हैं कि नगर पालिका इसे चालू करें और जो पाईप लाइन की समस्या उसे खत्म करें । हमारी दादी हार्ट अटैक की पेशेंट है उनका उपचार डॉक्टर सुराना से चल रहा है ,ऐसे में हमें घूम कर जाना पड़ रहा है क्योंकि इस मार्ग से निकलना असंभव है। जिसमें नगर पालिका को कार्यवाही करना चाहिए।

### रोड़ बंद करने वालो पर नगर पालिका को कार्यवाही करना चाहियें- जय बिसेन

वार्डवासी जय बिसेन ने बताया कि शंकर तालाब से बाजार



जाने वाली गली बंद होने से हमें आने जाने की समस्या है हमारे पास महत्वपूर्ण मार्ग है और इसमें भी यह परेशानी बना दी गई है। बीच में नाली खोद दी गई है उसमें पाईप लाइन डाल रहे हैं । हम बोलते हैं कि उसे जल्दी करो हम पीछे वालों को परेशानी हो रही है। अभी किसी को कुछ नहीं हुआ यह अच्छा है वरना हमें घूम कर लंबी दूरी से आना.जाना पड़ रहा है । जैसे जैन मोहल्ले या तालाब से जय स्तंभ होते हुए जाते हैं जिसमें ५०० मीटर से अधिक की दूरी हमें तय करनी पड़ रही है। जबकि रोड बंद करने की अनुमति होती ही नहीं है इस पर नगर पालिका को ध्यान देकर कार्यवाही करना चाहिए।

### नाली खोद रहे थे तो विद्युत खोल तिरछा हुआ है - राजेश सुराना

राजेश सुराना ने बताया कि वह आम रास्ता है वहां पीछे विद्युत पोल भी तिरछा हो गया है । यह रोड़ ७ दिन से ज्यादा समय हो गया बंद है। अब समझ नहीं आ रहा है कि किसने रोड़ बंद करवाया है वह मकान मालिक अभिषेक अग्रवाल का



काम चालू है यह रोड़ पूरा बंद है बीच में नाली खोदे हैं। इसकी शिकायत दूसरे लोगों के द्वारा नगर पालिका में की गई है हम चाहते हैं कि यह रोड़ चालू हो और खंबा सीधा हो। यहां पर नाली खोद रहे थे तो विद्युत खोल तिरछा हुआ है। जिसके बाद मेरे घर के पीछे स्पार्किंग हुई और फिर खंबे पर आग लग गई। इसके बाद से पूरे विद्युत तार नीचे झूल रहे।

### अनुमति लेकर उन्होंने रोड़ बाधित की है- दिशा डेहरिया

मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिशा डेहरिया ने बताया कि अभिषेक अग्रवाल का मकान बन रहा है। उनका पानी निकासी पाईप लाइन की शिकायत थी जिन्हें नोटिस दिया गया था। सुधार करने तो उन्होंने रोड़ खोद कर पाईप डाल रहे हैं बारिश के कारण थोड़ा समय लेट हुआ जिन्हें आज का



समय दिया गया था वरना कल कार्यवाही की जायेगी। २४ घंटे में हम व्यवस्था बना देंगे अनुमति लेकर उन्होंने रोड़ बाधित की है।

# रैली निकालकर किया मतदाता जागरूकता अभियान का शुभारंभ

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। कैरियर शिक्षा समिति के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर अभियान का शुभारंभ किया गया। जागरूकता रैली कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्य निरंजन बिसेन के निर्देशन में निकाली गई । जो वार्ड क्रमांक १,२ सम्राट नगर, शंकर नगर, ग्राम सिकन्द्रा के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए पुन: कैरियर स्कूल पहुंचकर समास की गई। छात्र छात्राओं के द्वारा अभियान के अंतर्गत घर घर जाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस रैली तथा अभियान में स्कूल के व्याख्याता केश कुमार मिश्रा, श्रीमती अनीता मिश्रा, डी.पी.चैतगुरू, यू.के.कटरे, प्रशांत धार्मिक, देवसिंह ठाकुर , श्रीमती ज्योति बिसेन, ज्योतिबाला बोपचे, ममता सोनकुसरे, कु. भारती डोगरें, साधना बंसोड़, कु. ज्योति गौतम सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएँ एवं छात्र छात्राएँ मौजूद रहे ।

खैरलांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भोरगढ़ में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# क्रूर मित्र : कुत्तों की कुछ नस्लें और सार्वजनिक सुरक्षा

कुत्तों और समाज में उनके स्थान को लेकर भारत में जटिल दुविधाएं हैं। एक तरफ आवारा कुत्तों की समस्या है। देश भर में नागरिक अपनी आवासीय कॉलोनियों में घूमने वाले कुत्तों के हमले के बारे में शिकायत करते हैं, लेकिन इससे अभी तक इन कुत्तों की संख्या को नियंत्रित करने के लिए मौजूदा नगरपालिका कानूनों को लागू करने को लेकर कोई ठोस राजनीतिक प्रतिक्रिया नहीं मिली है। दूसरी तरफ, पालतू कुत्तों से जुड़ी बिल्कुल ही अलग श्रेणी की चिंताएं को सामने आई हैं। यही वजह है कि केंद्र सरकार के एक मंत्रालय और दो हाईकोर्टों का ध्यान उन पर गया है। जिन सवालों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है उनमें एक यह है कि क्या कुत्तों की कुछ नस्लें स्वाभाविक रूप से दूसरों की तुलना में ज्यादा 卐क्रूर卐 हैं। कृषि मंत्रालय के पशु कल्याण और पशुपालन विभाग द्वारा गठित एक विशेषज्ञ समिति ने सिफारिश की है कि 卐क्रूर कुत्तों卐 की कुछ नस्लों को पालतू जानवर के रूप में रखने पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। विभिन्न नागरिक समूहों की ओर से इन कुत्तों द्वारा लोगों पर हमले - कभी-कभी घातक भी- करने की शिकायत के बाद ऐसी समिति का गठन किया गया था। इस समिति ने दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर कुछ नस्लों पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया था।

इनमें पिट बुल टेरियर, अमेरिकन स्टैफोर्डशायर टेरियर, फिला ब्रासीलीरो, डोगो अर्जेंटीनो, अमेरिकन बुलडॉग, बोअरबोएल, कांगल, मध्य एशियाई शेफर्ड डॉग जैसे मिश्रित और संकर (क्रॉसब्रीड) नस्ल के कुत्ते शामिल हैं। इन नियमों को स्थानीय अधिकारियों द्वारा लागू किए जाने की उम्मीद है। जिन कुत्तों को पहले से ही पालतू जानवर के रूप में रखा गया है, उनका बंध्याकरण यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाना चाहिए कि आगे प्रजनन न हो। कर्नाटक हाईकोर्ट ने हाल ही में सरकार के इस आदेश पर उस समय रोक लगा दी जब कुछ याचिकाकर्ताओं ने यह आपत्ति जताई कि सरकारी विभाग का कदम एकतरफा है और इसमें विशेषज्ञ निकायों की व्यापक धारा को शामिल नहीं किया गया है। केनेल क्लब ऑफ इंडिया, जो शुद्ध नस्लों को पंजीकृत करने वाली एक संस्था है, को इस निर्णय से समस्या हो सकती है। कुत्तों के स्वभाव से संबंधित सालों के अवलोकन और अंतर्दृष्टि से यह पता चला है कि उनकी क्रूरता और आक्रामकता पर्यावरणीय व व्यवहारिक, दोनों कारकों का नतीजा है। इस प्रकार उम्र, लिंग, आकार, अन्य कुत्तों के साथ मेल-जोल, प्रशिक्षण के तौर-तरीके और आक्रामकता को भड़काने वाली परिस्थितियां जैसे पहलू क्रूरता में योगदान करते हैं। जैसा कि मालूम है, कई देशों ने कुछ नस्लों पर प्रतिबंध लगा दिया है या कुछ कुत्तों की नस्लों को पालने या रखने के लिए कड़ी शर्तें लगा दी हैं। इनमें से कोई भी देश भारत की तरह आवारा कुत्तों की इजाजत नहीं देता है और इसलिए उनके नियम भारत के मुकाबले सार्वजनिक सुरक्षा के कहीं उच्च मानकों पर आधारित होते हैं। इस लिहाज से, कुत्तों की कुछ नस्लों के अस्तित्व या अनुपस्थिति से सार्वजनिक सुरक्षा पर फर्क पड़ने की संभावना कम ही है। इसके बनिस्बत कुत्ते के मालिकों को होने वाले नुकसान के लिए ज्यादा उत्तरदायी बनाया जा सकता है। भले ही पालतू जानवरों को चुनने और पालने में व्यक्तिगत पसंद मायने रखती है, लेकिन यह किसी भी तरह से एक बेलगाम

# पानी के बिना संभव नहीं जीवन की कल्पना

प्रतिवर्ष 22 मार्च को दुनियाभर में लोगों में जल संरक्षण और रखरखाव को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए 'विश्व जल दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस मनाए जाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1992 में रियो द जेनेरियो में आयोजित 'पर्यावरण तथा विकास का संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन' में की गई थी। संयुक्त राष्ट्र की उसी घोषणा के बाद पहला विश्व जल दिवस 22 मार्च 1993 को मनाया गया था। यह दिन जल के महत्व को जानने, समय रहते जल संरक्षण को लेकर सचेत होने तथा पानी बचाने का संकल्प लेने का दिन है। दरअसल जल धरती पर मानव जीवन की बुनियादी जरूरतों में सबसे महत्वपूर्ण तत्व है और वर्तमान में पृथ्वी पर पेयजल की उपलब्धता से जुड़े आंकड़ों पर नजर डालने से स्पष्ट हो जाता है कि पानी की एक-एक बूंद बचाना हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है। पानी की समस्या भारत में भी लगातार गंभीर होती जा रही है, जिसका अंदाजा हाल के बेंगलुरू जल संकट से आसानी से लगाया जा सकता है। ऐसे में विश्व जल दिवस की महत्ता हमारे लिए भी कई गुना बढ़ जाती है। देश में हर साल जाने-अनजाने करोड़ों लीटर पानी बर्बाद हो जाता है। इसी वजह से कुछ वर्ष पूर्व विश्व जल दिवस के अवसर पर 22 मार्च के ही दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'जल शक्ति अभियान- कैच द रेन' की शुरूआत की थी और उस अभियान के तहत देश के सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन के लिए नारा दिया गया था 'जहां भी गिरे, जब भी गिरे, वर्षा का पानी इकट्ठा करें।'

एक ओर जहां करोड़ों लोग विशेषकर गर्मी के मौसम में बूंद-बूंद पानी के लिए तरसते रहते हैं, वहीं बारिश के मौसम में वर्षा जल का संरक्षण-संचयन नहीं होने के अभाव में प्रतिवर्ष लाखों गैलन पानी व्यर्थ बह जाता है। यदि इस पानी का संरक्षण कर लिया जाए तो देश की बड़ी आबादी की प्यास इसी पानी से बुझाई जा सकती है लेकिन चिंता की बात है कि देश में अभी तक वर्षा जल संरक्षण को लेकर कहीं जागरूकता नहीं दिखती। पर्यावरण संरक्षण पर हिन्दी अकादमी के सौजन्य से प्रकाशित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के अनुसार भारत में जल संकट बढ़ने का एक बड़ा कारण यही है कि हम वर्षा जल का बहुत ही कम मात्रा में संरक्षण कर पाते हैं। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के मुताबिक देश में प्रतिवर्ष करीब तीन हजार अरब




घन मीटर पानी की जरूरत होती है जबकि भारत में होने वाली वर्षा की मात्रा करीब चार हजार अरब घन मीटर होती है लेकिन वर्षा जल संग्रहण के पर्याप्त प्रबंध नहीं होने के कारण मामूली से वर्षा जल का ही संग्रहण संभव हो पाता है। एक ओर जहां इजराइल जैसे देश में औसतन दस सेंटीमीटर वर्षा होने के बावजूद भी वह इतने अन्न का उत्पादन कर लेता है कि उसका निर्यात करने में भी सक्षम हो जाता है, वहीं दूसरी ओर भारत में औसतन पचास सेंटीमीटर से भी ज्यादा वर्षा होने के बावजूद अन्न की कमी बनी रहती है। दरअसल नदियों-तालाबों जैसे पवित्र माने जाते रहे जलस्रोतों को सहेजने में लापरवाही और भूमिगत जल में प्रदूषण की बढ़ती मात्रा तथा वर्षा जल संचयन का उचित प्रबंध न होना भारत में जल संकट गहराते जाने की मुख्य वजह बन रहे हैं।

देश में आज के आधुनिक युग में भी बहुत से इलाकों में लोगों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ता है या लंबी-लंबी कतारों में लगकर कामचलाऊ पानी मिल जाता है। चौंकाने वाला यह तथ्य भी सामने आ चुका है कि कुछ इलाकों में महिलाओं को पीने का पानी लाने के लिए प्रतिदिन औसतन छह किलोमीटर से भी ज्यादा का सफर पैदल तय करना पड़ता है। हालांकि सरकार द्वारा जलशक्ति अभियान के तहत हर घर को पानी मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया है लेकिन इस तथ्य को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि देश में 2030 तक पानी की जरूरत दोगुनी हो जाएगी और 2050 तक यह चार गुना बढ़ जाएगी तथा जल संकट का देश के सकल घरेलू उत्पाद पर छह फीसदी तक असर पड़ सकता है। भारत में पानी की कमी का संकट लगातार किस कदर गहरा रहा है, इसका अनुमान सरकार द्वारा संसद में दी गई उस जानकारी से भी लगाया जा सकता है, जिसमें बताया गया था कि वर्ष 2001 और 2011 में भारत में जल उपलब्धता प्रति व्यक्ति क्रमश: 1816 और 1545 घन मीटर थी, जो अब 1480 घन मीटर से भी कम रह जाने का अनुमान है। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के मुताबिक भूमिगत जल का अंधाधुंध दोहन किए जाने का ही नतीजा है कि कई शहरों में भूजल स्तर तेजी से नीचे गिर रहा है। नीति आयोग यह चेतावनी दे चुका है कि देश के 21 बड़े शहरों में भूजल का स्तर आने वाले समय में शून्य तक पहुंच सकता है।

जल संकट गहराने के पीछे नदियों तथा जलाशयों के सही रखरखाव का अभाव और उनका अतिक्रमण भी कुछ अहम कारणों में शामिल हैं। देश की अधिकांश आबादी दूषित पेयजल का सेवन करने पर विवश है। भूजल बोर्ड की एक रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 1990 के बाद से भूजल स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है और यदि भूजल स्तर इसी रफ्तार से घटता गया तो बहुत अधिक गहराई से जो पानी निकाला जाएगा, वह पीने लायक नहीं होगा क्योंकि उसमें आर्सेनिक तथा फ्लोराइड की मात्रा अधिक होने के कारण बीमारियां बढ़ेंगी। देशभर में कृषि, उद्योग तथा दैनिक क्रियाकलापों की करीबन अस्सी फीसदी जरूरतें जमीन पर तथा उसके भीतर उपलब्ध पानी से ही पूरी की जाती हैं। बहरहाल, जल संकट से निजात पाने के लिए बेहद जरूरी है कि पानी के सीमित एवं समुचित उपयोग के लिए जागरूकता बढ़ाने पर जोर देते हुए लोगों में पानी बचाने की आदतें विकसित करने के प्रयास किए जाएं, साथ ही वर्षा जल का संचय किए जाने के भी हरसंभव प्रयास हों। वर्षा जल संचय के लिए नदियों और जलाशयों की हालत सुधारकर इनकी जल संग्रह क्षमता को बढ़ाना और भूजल के स्तर को बढ़ाने वाली जगहों को ठीक करना बेहद जरूरी है। भारत में पेयजल संकट के समाधान के लिए 'जल शक्ति मंत्रालय' का गठन किया गया था, जिसके तहत सभी घरों में नलों से पानी उपलब्ध कराने के लिए व्यापक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने पर जोर दिया जा रहा है लेकिन सवाल यही है कि अगर भूजल इसी तरह गिरता रहा और पानी की कमी का संकट ऐसे ही गहराता रहा तो इन नलों में पानी कहां से आएगा और कैसे घर-घर तक पहुंचेगा? इसलिए बेहद जरूरी है कि प्रत्येक नागरिक को पानी के महत्व का अहसास कराया जाए और बताया जाए कि पानी के बिना जीवन की कल्पना ही संभव नहीं है।

**-योगेश कुमार गोयल**

# आखिर क्यों विभाजित नहीं होती भाजपा ?




भारत की राजनीति में कांग्रेस समेत अधिकाँश दल अक्सर विभाजित होते आये हैं लेकिन भाजपा में अभी तक स्पष्ट विभाजन कभी हुआ। भाजपा टूटी लेकिन ऐसी नहीं की उसकी टूटन से भाजपा का भत्ता ही बैठ जाए। भाजपा में इस समय पिछले 44 साल के इतिहास में सबसे ज्यादा असंतोष है लेकिन भाजपा विभाजित होने वाली नहीं है। भाजपा में अब तक गुजरात और मध्य प्रदेश में ही बगावत हुई थी लेकिन अब बगावत के सुर कर्नाटक से उठ रहे है।

भाजपा ने विभाजन का दर्द कभी ढंग से महसूस ही नहीं किया जबकि कांग्रेस तो बीते सौ साल में एक बार नहीं बल्कि बार-बार विभाजित हुई ,किन्तु कभी समाप्त नहीं हुई। आज भी कांग्रेस की देश के अनेक राज्यों में कांग्रेस की सरकारें हैं। तेलंगाना,हिमाचल और झारखंड अभी तक कांग्रेस का ध्वज उठाने वाले राज्य हैं। दो आम चुनाव जीतने के बाद भी भाजपा इस देश को कांग्रेस मुक्त नहीं कर पायी है। 2024 के आम चुनाव में क्या होगा ,ये कहना कठिन है।

आपको बाटा दूँ कि 1947 में देश के स्वतंत्र होने से लेकर से लेकर 2019 तक, 17 आम चुनावों में से, कांग्रेस ने 6 में पूर्ण बहुमत जीता है और 4 में सत्तारूढ़ गठबंधन का नेतृत्व किया है। इस तरह कांग्रेस कुल 49 वर्षों तक वह केंद्र सरकार का हिस्सा रही। कांग्रेस ने देश को एक -दो नहीं बल्कि पूरे सात प्रधानमंत्री दिए हैं। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ,लाल बहादुर शास्त्री , इंदिरा गांधी ,राजीव गांधी ,पी.वी. नरसिम्हा राव और डा मनमोहन सिंह कांग्रेस के अंतिम प्रधानमंत्री बने । कांग्रेस 2014 के आम चुनाव में एक बार सत्ताच्युत हुई तो अब तक सत्तारूढ़ नहीं हो पायी। कांग्रेस ने आज़ादी से अब तक का सबसे ख़राब आम चुनावी प्रदर्शन 2014 में किया और 543 सदस्यीय लोक सभा में केवल 44 सीट जीती। 2019 के आम चुनाव में कांग्रेस 44 से आगे बढ़कर 52 पर आ पायी ,अब 18 वे आम चुनाव में कांग्रेस की छलांग उसे कहाँ तक ले जा पाएगी ये भविष्य के गर्त में हैं।

मै बात कर रहा था भाजपा में असंतोष की । भाजपा में पिछले 44 साल में 11 अध्यक्ष चुने गए, मौजूदा अध्यक्ष जेपी नड्डा फिलहाल एक्सटेंशन पर हैं। भाजपा को सत्ता के शीर्ष तक पहुँचाने के लिए भाजपा का रथ खींचने वालों में अटल बिहारी बाजपेयी,डॉ मुरली मनोहर जोशी,बंगारू लक्ष्मण, कुशाभाऊ ठाकरे और जेना कृष्णमूर्ति के अलावा वैंकया नायडू,राजनाथ सिंह ,नितिन गडकरी और अमित शाह का नाम प्रमुख है। भाजपा में असंतोष लालकृष्ण आडवाणी के समय भी था और आज भी है । आडवाणी के समय में मध्य-प्रदेश में उमा भारती और गुजरात में केशूभाई के बाद शंकर सिंह बाघेला जैसों ने बगावत की,अलग पार्टियां बनाई,लेकिन वे कभी राष्ट्रीय पार्टियां नहीं बन पायीं और अंततः भाजपा से अलग हुई पार्टियां भाजपा में ही विलीन हो गयीं।

पिछले एक दशक से सत्ता पर काबिज भाजपा की चाल,चरित्र और चेहरे में बहुत तब्दीली आयी है। आज भाजपा कारपोरेट तरीके से चल रही है। भाजपा में बगावत का मतलब बाग़ी साथी का मटियामेट करना होता है। जो पार्टी नेतृत्व के खिलाफ गया उसको मिट्टी में मिला दिया गया हो। यशवंत सिन्हा से लेकर तमाम लोग हैं जो मौजूदा नेतृत्व के खिलाफ मोर्चा खोलने में घबड़ा रहे हैं। मौजूदा नेतृत्व के आतंक के बावजूद हरियाणा में ,राजस्थान में ,आंधी प्रदेश में और अब कर्नाटक में बगावत के स्वर सुनाई दे रहे हैं।

ताजा खबर ये है कि बेटे को टिकट नहीं मिलने से नाराज कर्नाटक के पूर्व उपमुख्यमंत्री के.एस. ईश्वरप्पा ने शिवमोग्गा से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की है। इस लोकसभा सीट से भाजपा ने बी एस येदुयुरप्पा के बेटे बी वाई राघवेंद्र को उम्मीदवार बनाया है। बुधवार को के.एस. ईश्वरप्पा ने येदियुरप्पा परिवार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि शिवमोग्गा से वह चुनाव जीतेंगे,चुनाव नतीजों के बाद येदियुरप्पा के दूसरे बेटे बी.वाई. विजयेंद्र से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का पद छिन जाएगा। उन्होंने अपने बेटे कांतेश का टिकट कटने का ठीकरा भी येदियुरप्पा पर ही फोड़ दिया। इस बयान के बाद येदियुरप्पा का भी बयान आया। उन्होंने कहा कि विजयेंद्र को जिम्मेदारी केंद्रीय नेतृत्व ने दी और जनता उनके आरोपों का जवाब देगी।

आम चुनाव कोई प्रक्रिया शुरू होने के बाद भाजपा में असंतोष को दबाने के लिए भाजपा का नेतृत्व क्या सबके साथ यशवंत सिन्हा की तरह ही व्यवहार करेगा या कोई दूसरा रास्ता खोजेगा ये कहना कठिन है। भाजपा का असंतोष कांग्रेस के लिए कितना फायदेमंद होगा कहना जल्दबाजी होगी । हाँ यदि भाजपा की ही तरह कांग्रेस भी अपने यहां भाजपा के असंतुष्टों के लिए शरणार्थी शिविर खोल ले तो शायद बात बन जाए। वरुण गांधी से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के भांजे अनूप मिश्रा तक असंतुष्टों की कतार में हैं।

नेतृत्व के मामले में दोनों दलों में जमीन -आसमान का अन्यत्र है। कांग्रेस का नेतृत्व जहाँ गांधी परिवार की छाया से मुक्त नहीं है वहीं भाजपा का नेतृत्व इस समय स्वयंभू हो गया है । उसके ऊपर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का नियंत्रण भी नहीं रह गया है।

**-राकेश अचल**

# जल है तो कल सुरक्षित है

एक अनुमान के अनुसार संसार में 14000 लाख घनमीटर पानी है। इस पानी का 97.3 प्रतिशत पानी समुद्र का है, जो खारा है। केवल 2.7 प्रतिशत पानी ही जीवन की जरूरतों के लिए उपलब्ध है। इसका भी ज्यादातर भाग बर्फ के रूप में धुवो पर हिम पर्वत के रूप में जमा है। कुछ भाग जमीन में, दलदलो में, झीलों में या भाप के रूप में वातावरण में भी उपलब्ध है। 14000 लाख घनमीटर पानी के 2.7 भाग का केवल 0.01 भाग ही नदियों में उपलब्ध है, जिसे हम सिंचाई और पीने के काम मे ला सकते है। सारे संसार में उपलब्ध पानी की मात्रा की तुलना में भारत में केन्द्रीय पानी आयोग के अनुमान के अनुसार 1880 लाख हेक्टेयर मीटर पानी उपलब्ध है। जिसमें से 6.80 लाख हेक्टेयर मीटर पानी का उपयोग हम कर पाते है। बचा हुआ पानी समुद्र या सतह के नीचे बहकर समुद्र में चला जाता है। पानी का उचित उपयोग करना और भी जरूरी हो जाता है, जब देश की जनसंख्या से लगातार बढोतरी हो रही हो। उसके कारण पीने के लिए कृषि के लिए, कारखानो के लिए, साफ- सफाई के लिए पानी की मांग बढ़ती जा रही है। जल का किसी भी देश की जी.डी.पी.में 50प्रतिशत तक योगदान रहता है।

वर्तमान में घरेलू उपयोग के लिए पानी की बहुत आवश्यकता है। मगर यह आवश्यकता पूरी नही होती है। अभी भी भारत में कई गांव और शहर पानी की कमी के कारण त्रस्त है। बंबई शहर की आवश्यकता वर्तमान में 46 करोड़ गैलन पानी की है, जबकि पूर्ति केवल 35 करोड़ गैलन की ही हो पाती है। इसी प्रकार बढ़ती जनसंख्या के कारण खाद्यान्न उत्पादन भी बढ़ाना पड़ेगा। खाद्यान्न उत्पादन का संकट तब गहरा जायेगा जब जनसंख्या दबाव के चलते कृषि योग्य भूमि में कमी आएगी। पानी की मांग बढेगी और मात्रा में बढ़ोतरी नहीं होगी। ऐसे समय में एक मात्र रास्ता यही बचेगा। कि हम पानी को अधिकतम उपयोग करें। ऐसा भी नही है कि हम बारिश के कारण बहने वाले सारे पानी को समुद्र में ले जाने से रोक ले। ऐसा न कर पाने के कई कारण है।

इनमें से एक कारण तो यही है कि पानी को बहने से रोकने के लिए हमें बांध बनाना पड़ेगे। बांध




बनाने के लिए उचित स्थान की आवश्यकता होती है, जो हर नदी क्षेत्र में उपलब्ध नहीं होती । उदाहरण के लिए ब्रहापुत्र नदी के चार प्रतिशत पानी को ही संग्रहित किया जा सकता है। गंगा के तीस प्रतिशत पानी को ही संग्रहित कि जा सकता है। दूसरा कारण यह है कि यदि बहने वाले सारे पानी को समुद्र में जाने से रोक लिया गया जो समुद्र का पानी और खारा हो जाएगा। उसका घनत्व बढ़ेगा। उससे बादल उठना कम होते बंद हो जाएगे।

जिससे वर्षा कम होगी तब नदियों में पानी कहां से आएगा। अब प्रश्न यह उठता है कि समुचित उपयोग किस प्रकार करें घ्

इजराइल में पानी की कमी है। उसने खेती के लिए सिंचाई पद्वति में परिवर्तन किया। सतह सिंचाई के कारण फव्वारा पद्वति या टपक पद्वति का उपयोग किया। वहां पर सिंचाई निपुणता अस्सी प्रतिशत है। फब्वारा सिंचाई के द्वारा पैंतीस प्रतिशत पानी बचाया जा सकता है और पैदावार 10-15 प्रतिशत तक बढाई जा सकती है। वही टपक पद्वति का प्रयोग कर इतना ही पानी बचाया जा सकता है, पैदावार दस प्रतिशत तक बढ़ाई जा सकती है। पानी का समुचित उपयोग सीवेज वाटर का पुनः उपयोग करके भी किया जा सकता है। यदि इसे बिना निवारण के नदियों में छोड़ा जाए तो यह उन्हें दूषित करता है 1890 मुं बार्लिन के फार्म में प्रयोग द्वारा देखा गया कि यदि इस पानी को मिट्टी और पौधो को सतह से पास किया जाए तो मिटटी, यांत्रिक रासायनिक और बायोलॉजिक छन्नक की तरह कार्य कर इसका दूषण कम करेगी। पौधों की जड़ो को खाद्य प्राप्त होगा और नगर पालिकाओं के पैतीस प्रतिशत पानी को पुनः उपयोग मे लाया जाता है इास्र इस दशक के अंत तक अस्सी प्रतिशत पानी को पुनः उपयोग में लाने के लिए कटिबद्व है। भारत में भी वृक्षो को लगाने के लिए इस तरह का प्रयोग किया गया। पानी का प्रंबधन करके पानी के उपयोग और बरवादी को नियंत्रित किया जा सकता है। पानी मनुष्य के लिए जीने का एक सहारा है।

**- विष्णु अग्रवाल**

# सावधानी : जल संकट की चेतावनी!

हमारी पृथ्वी का एक तिहाई हिस्सा जल से घिरा हुआ है। इसके बावजूद भी जगह जगह पर लोग पानी की समस्या से परेशान हैं। कई जगह पानी की पहुंच इतनी ज्यादा है कि लोग उसे आंख मूंदकर बर्बाद करते हैं तो कई जगह प्यास बुझाने के लिए ही पानी नसीब नहीं है। यहीं कारण है कि दुनिया के अ?धिकांश लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ता है। लोगों में पानी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ही 22 मार्च का दिन विश्व जल दिवस के रूप में मनाया जाता है। ताकि लोग पानी की कीमत को समझ सकें। विश्व के हर नागरिक को इसके महत्व से अवगत कराने के लिए ही संयुक्त राष्ट्र ने विश्व जल दिवस मनाने की शुरुआत की थी। पानी ही जीवन का आधार है जिससे कोई इंकार नहीं कर सकता है। जिस तरह से अब प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हो रहा है उससे साफ है कि भविष्य में संकट और गहरा सकता है। जलवायु परिवर्तन और बढ़ती जनसंख्या तथा जल स्त्रोतों के अत्यधिक दोहन की वजह से भूजल का स्तर लगातार कम होता जा रहा है। ऐसे में जरूरी है कि हम पानी के महत्व को समझे और इसे बर्बाद होने से बचाए।

लिहाजा, पूरे विश्व में साफ पानी का धनी देश ब्राजील को माना जाता है। ब्राजील में 8647 अरब क्यूबिक मीटर पानी उपलब्ध है। विश्व में पानी की उपलब्धता को लेकर भारत का आठवां स्थान है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत विश्व के कुल भूजल का 24 फीसदी इस्तेमाल करता है। कई महानगरों में जिस तरह से जल स्तर कम हो रहा है उससे भविष्य में संकट और गहरा हो सकता है। गौर करने वाली बात ये है कि धरती का करीब तीन चौथाई हिस्सा पानी पानी से भरा हुआ है, लेकिन इसमें से सिर्फ तीन फीसदी हिस्सा ही पीने योग्य है। वही इजरायल जैसा अल्प वर्षा वाला देश जल संधारण का सबसे बड़ा उदाहरण है। जिससे सामान्य वर्षा वाले देशों को जल संरक्षण और संवर्धन की सीख लेने की निहायत जरूरत है।

गौरतलब, पृथ्वी का 71 प्रतिशत हिस्सा पानी से ढका पृथ्वी का 71 प्रतिशत भाग जल से घिरा हुआ है, 29 फीसदी भाग पर स्थल है। इस 29 प्रतिशत क्षेत्र पर ही इंसान और दूसरे प्राणी रहते हैं। कुल पानी का लगभग 97 फीसदी पानी समुद्र में पाया जाता है, लेकिन खारा होने के कारण इस पानी को पीने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। सिर्फ ?तीन प्रतिशत पानी ही पीने लायक है, जो ग्लेशियर, नदी, तालाबों में पाया जाता है। इस तीन फीसदी पानी में भी 2.4 फीसदी हिस्सा ग्लेशियरों, दक्षिणी ध्रुवों पर जमा है, जबकि बचा हुआ 0.6 फीसदी पानी नदी, तालाबों, झीलों और कुओं में मौजूद है। जिसका हम उपयोग कर सकते हैं, इसलिए हमें जल को बचाना चाहिए। इसकी एक बूंद बूंद बहुत कीमती है, इसे व्यर्थ नहीं गवाना चाहिए।

वस्तुतः पानी हमारे रोजमर्रा के जीवन के लिए महत्वपूर्ण है और पृथ्वी पर हमारा अस्तित्व इसी से है। पृथ्वी पर मौजूद कुल पानी का लगभग ढाई प्रतिशत ही मीठा पानी है और बढ़ती जनसँख्या और पानी के व्यर्थ उपयोग के कारण मीठे पानी की कमी अब नजर आने लगी है। जल संकट एक ऐसी स्थिति है जहां किसी क्षेत्र के भीतर उपलब्ध पीने योग्य, अप्रदूषित पानी उस क्षेत्र की मांग से कम हो जाता है। भूजल पृथ्वी पर मीठे पानी का सबसे बड़ा स्रोत है जो हमारे जीवन को समृद्ध करता है। हालांकि, सतह के नीचे संग्रहीत होने के कारण, इसे अक्सर अनदेखा किया जाता है। जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन बदतर होता जाएगा, भूजल अधिक से अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगा। हमें इस बहुमूल्य संसाधन को स्थायी रूप से प्रबंधित करने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

सचेत भूजल मेघ से बाहर हो सकता है, लेकिन यह मेधा से बाहर नहीं होना चाहिए। भूजल को प्रदूषण से बचाना चाहिए और लोगों और खुद की जरूरतों को संतुलित करते हुए इसका स्थायी रूप से उपयोग करना चाहिए। तभी जल हमें और हमारे कल को बचाएंगा। आखिर! यह हमारी आने वाली पीढ़ी की अनमोल धरोहर है। इसे सार-संभाल कर रखने की जिम्मेदारी हमें ही मिलकर निभानी होगी। अन्यथा रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून। पानी गए न ऊबरे मोती मानुष चून। वर्षों पुराना यह दोहा कभी नीतिवाद से प्रेरित लगता था, लेकिन आज यह सच साबित होता दिख रहा है। बढ़ते जल संकट को लेकर पर्यावरणविद् सुंदरलाल बहुगुणा का यह कहना था कि, अगला विश्वयुद्ध पानी को लेकर लड़ा जाएगा। भविष्य में जल के भयावह संकट की चेतावनी दी थी! यह हूबहू चरितार्थ हो रही है। सावधानी, जल संकट से बचने का उपाय हमें सतर्क और सजग रहकर हर हाल खोजना होगा। अन्यथा जन-जीवन का अस्तित्व ही समाप्त। आईए, संकट के कालकंट हम सब मिलकर जल को बचाए, जल हमारे जीवन को बचाएंगा।

**- हेमेन्द्र क्षीरसागर**

बालाघाट एक्सप्रेस | बालाघाट, शुक्रवार 22 मार्च 2024 | पद्मेश मनोरंजन/व्यापार | www.balaghatexpress.in



## इन्दौर बाजार भाव –

इन्दौर। गुरूवार को लेवाली के चलते दलहनों में चना मजबूती पर रहा। मसूर में भाव बने रहे। खाद्य तेलों में बाजार नरमी पर ही रहे। तिलहनों में सोयाबीन बाजार मजबूत नज़र आये। किराना जिंसों में जीरा घटाकर बोला गया। शक्कर में टिकाव रहा।

व्यापारिक सूत्रों के अनुसार चने में पूछपरख के चलते भावों में सुधार रहा। चना बड़िया मालों में 5800 रू. प्रति क्विं?टल बोला गया। मसूर में बाजार बने रहे। खाद्य तेलों में सुस्ती कायम रही। तिलहनों में सोयाबीन 4500 रू. प्रति क्विंटल पर मजबूत रहा। उधर, किराना जिंसों में जीरा घटाकर बोला गया। शक्कर में मजबूती आयी। भाव इस प्रकार रहे =-

**किराना** - शक्कर 3770-3830, खोपरा गोला 115-130, खोपरा बूरा 2450-4450 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 460-480, ऊंझा हल्का 475-500, बेस्ट 580-600, हल्दी निजामाबाद 220-225, सांगली 290-300, साबूदाना हल्का 7300-7500, मीडियम 7500-7700, बेस्ट 7900-8000, सच्चा मोती 7350, सौंफ मोटी 95-125, मीडियम 175-225, बेस्ट 225-250, सौंफ बारि?क 350-400, बेस्ट 450, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 675-690, गरबल 635-655, मटर दाना 700-715, खसखस अनक्लीन 600-1000, क्लीन 1200-1250, दालचीनी 240-245, बेस्ट 250-260, जायफल 580-700, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 85-90, पत्थर फूल 325-375, बेस्ट 450-525, जावत्री 1900-1950, केसर 145-190, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 850-900, बेस्ट 950-1000, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 810-850, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 1850-1900, मीडियम 2100-2300, बोल्ड 2400-2500, एक्ट्रा बोल्ड 2550-2600, पानबार 2150, बड़ी इलायची 1050-1150, बेस्ट 1200-1450, तरबूज मगज 860-900, काजू (240) 750-825, काजू (320) 700-720, काजू डब्ल्यू वन 650-675, एस. डब्ल्यू 625-650, एस.एस. डब्ल्यू 600-630, टुकड़ी 590-610, बादाम मगज 600-650, सिंगापुरी 600-620, टांच 500-575, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 375-475, बेस्ट 500-550, इंडियन 190-200, बेस्ट 240-260, चारौली 1200, बेस्ट 1250, मुनक्का 475-725, बेस्ट 775-850, अंजीर 675-1250, मखाना 650-950, खारक 90-110, मीडियम 115-150, बेस्ट 160-175, एक्ट्रा बेस्ट 180-200, पिस्ता मोटा 1675-1725, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1560-1570, मैदा कट्टा 1590-1600, रवा कट्टा 1670-1680, बेसन 3950 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1400-1450, (160) 1400-1500, (200) 1400-1500, (250) 1650-1750

**तेल** - सींगदाना 1500-1520, मुम्बई 1520, राजकोट तेलिया 2370, सोया साल्वेंट 935-940, सोया रिफाइंड 980-985, कपास्या 940, धूलिया 945, कड़ी 945,

**रात की धारणा** - गुजरात लुज 1450, मुम्बई पाम 960, मुम्बई सोया 1015,

**खली** - कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 1800, देवास-उज्जैन 1800, खंडवा-बुरहानपुर 1775, अकोला 2800 (प्रति क्विं?टल)

**तिलहन** - सरसो 6100-6200, रायडा 4500-4700, सोयाबीन 4400-4500, टोली (महुआ बीज) 4100-4150, अलसी 7500-7600,

**दलहन** - चना कांटेवाला बेस्ट 5750-5800, एवरेज 5400-5500, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 5850-5875, एवरेज 5700-5750, मूंग देशी 9000-9100, पाला 9100-9200, चमकी 9200-9300, नायलोन 9300-9400, तुअर निमाड़ी बेस्ट 9600-9700, एवरेज 9400-9500, हल्की 8800-8900, तुअर महाराष्ट्र 10300-10400, उड़द बेस्ट 9400-9500, एवरेज 9200-9300, हल्की 9000-9100, शंकर 9200-9400,

**दाल** - चना दाल एवरेज 7650-7750, मीडियम 7850-7950, बेस्ट 8050-8150, तुअर दाल सवा नं. 13100-13200, तुअर दाल फूल 13900-14000, तुअर दाल बोल्ड 14900-15000, मसूर दाल एवरेज 7150-7250, बेस्ट 7350-7450, मूंग दाल 10500-10600, बोल्ड 10700-10800, मूंग मोगर 11200-11300, बोल्ड 11400-11500, उड़द दाल 10800-10900, बोल्ड 10000-11100, मोगर 11200-11300, बोल्ड 11400-11500,

**अनाज** - गेहूं मिल क्वालिटी 2150-2200, (147) 2250-2300, बेस्ट 2300-2350, लोकवन 2500-2550, बेस्ट 2550-2600, चन्द्रोसी 3100-3800, ज्वार देशी 2500-2650, मक्का पीली 2150-2200, गज्जर 2100-2150,

**चावल** - चावल हंसा सफेद 2500-2700, सेला 2900-3100, परमल 2800-3000, दुबराज 4000-4500, राजभोग 7000-7500, काली मुंछ 8000-8500, बासमती दुबार 8500-9000, मीनी दुबार 7500-8000, मोगरा 4200-6500, तिबार 9500-10000, बासमती (921) 11500-12500, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4300-4800,

**मावा** - इन्दौर 300, उज्जैन 260, रतलाम 260 रू. प्रति किलो।

## इन्दौर सराफा बाजार –

इन्दौर। गुरूवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार की मात्रा कम ही रही। किन्तु विदेशी मालों में आयी तेजी से दोनों मूल्यवान धातुओं में बाजार तेजी के रहे। भाव इस प्रकार रहे -

चाँदी (9999) 74800, चाँदी (99) 74700, टंच 74000, सिक्का 825, सोना 10 ग्राम 66500

## देश का कोयला आयात अप्रैल-जनवरी में बढ़कर 21.22 करोड़ टन पहुंचा

नई दिल्ली। देश में कोयला आयात चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि में सालाना आधार पर 1.65 फीसदी की मामूली बढ़ोतरी के साथ 21.22 करोड़ टन हो गया है। अंतरव्यापारिक ई-कॉमर्स मंच एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड द्वारा जुटाए आंकड़ों के अनुसार पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की इसी अवधि में भारत का कोयला आयात 20.87 करोड़ टन था। आंकड़ों के अनुसार गैर-कोकिंग कोयले के आयात की मात्रा 13.64 करोड़ टन थी, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के दौरान आयातित 13.69 करोड़ टन से थोड़ा कम है।

## आज का राशिफल

मेष- कल का दिन बहुत अधिक आनंददायक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो आप कल अपने दफ्तर के काम को लेकर थोड़ी सी सावधानी जरूर बरते हैं अन्यथा, किसी भी लापरवाही के कारण आपके विरोधी आपका लाभ उठा सकते हैं और वह आपको आपके अधिकारियों के सामने नीचा दिखाने का प्रयास कर सकते हैं।

वृषभ- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपको अपने कार्यालय में थोड़ा सा उतार-चढ़ाव देखना पड़ सकता है. आपके किसी कार्य के गलत होने पर आपको आपके अधिकारियों से डांट भी खानी पड़ सकती है, परंतु अच्छा कार्य करने पर आपको अधिकारियों से तारीफ भी मिल सकते है। व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप को आपके व्यापार में नुकसान का सामना करना पड़ सकता है, इसीलिए आप कोई डिल करते समय थोड़ी सी सावधानी आवश्य बरते. कल आपके परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है, जिससे आपका मन बहुत अधिक प्रसन्न रहेगा।

मिथुन- कल का दिन परेशानी वाला रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपका मन आपके कार्यालय में नहीं लगेगा, किसी अज्ञात भय के कारण आप बहुत अधिक परेशान हो सकते हैं। व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपको आपके व्यापार में लाभ के कई अवसर प्राप्त हो सकते हैं, जिनसे आपकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार आ सकता है।

कर्क- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप कार्य क्षेत्र में बहुत अधिक सुख संपदा के साथ में कार्य करेंगे, आपके अधिकारी आपके कार्य से प्रसन्न रहेंगे, आपका दिन बहुत ही सुखद रहेगा। व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो व्यापारियों के लिए कल धनु वृद्धि की कई रास्ते खुल सकते हैं, जिनसे आप अपने व्यापार को आगे बढ़ा सकते हैं और व्यापार से संबंध में कई बड़े निर्णय अपने पार्टनर के साथ मिलकर ले सकते हैं।

सिंह- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने कार्यक्षेत्र में अपने जूनियर्स की गलतियों को माफ कर दे, उनकी गलतियों को आप बड़े अधिकारियों तक ना पहुंचाएं, परंतु आप अपने कर्मचारियों को कार्य समय से पूरा करने के लिए समझाएं। व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपको आपके बिजनेस में तरक्की मिल सकती है. आपका व्यापार आपकी मेहनत के अनुसार बहुत आगे बढ़ सकता है. जिसमें आपको आर्थिक लाभ की प्राप्ति हो सकती है।

कन्या- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपके कार्य क्षेत्र में आपका कार्य बहुत अधिक अच्छा रहेगा, परंतु आपकी वाणी के चलते आप किसी मित्र से दूरी बना सकते हैं। व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपको अपने व्यापार से संबंधित कुछ बातों पर अमल करना होगा. कल एक सही फैसले से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है अन्यथा, आपको बाद में पछताना भी पड सकता है।

तुला- कल बहुत बड़ा प्राप्त हो सकता है. नौकरी करने वाले जातकों के बात करें तो आप अपने कार्य क्षेत्र में किसी चीज को लेकर यदि बहुत दिनों से प्रयास कर रहे थे कल वह कार्य आपका पूरा हो सकता है जिससे आपके मन को बहुत अधिक प्रसन्नता मिलेगी। व्यापार करने वाले जातको की बात करें तो व्यापार में कल आपको आर्थिक लाभ की प्राप्ति हो सकती है, जिससे आप अपने व्यापार को और आगे बढ़ा सकते हैं और आपका व्यापार बहुत अधिक उन्नति भी कर सकता है।

वृश्चिक- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल अपने कार्यक्षेत्र में कल आप बहुत अधिक सावधानी से कार्य करें अन्यथा, आपके विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं। कल आपके दांपत्य जीवन की बात करें तो कल आप अपने दंपति जीवन को लेकर किसी प्रकार का रिस्क ना उठाएं, आपके पारिवारिक खर्चों में अधिकता हो सकती है।

धनु- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपके दफ्तर में आपको किसी खुशखबरी की प्राप्ति हो सकती है, जिससे आपका मन बहुत अधिक प्रसन्न रहेगा। व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप आर्थिक मामलों को जल्दी से ही सुलझाये तो अच्छा रहेगा. आपका कोई रुका हुआ धन भी आपको वापस मिल सकता है।

मकर- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपकी नौकरी के क्षेत्र में आपके कार्य से जुड़ी हुई स्थिति अच्छी रहेगी. आपके वेतन में बढ़ोतरी हो सकती है। व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपको अचानक से आपके सहयोगियों का साथ मिल सकता है, जिसके कारण आपका रुका हुआ काम भी बन सकता है।

कुंभ- कल का दिन बहुत अधिक शानदार रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपके कार्यक्षेत्र में आपका भाग्य आपके साथ रहेगा. आप अपने दफ्तर में अपनी बुद्धि से सभी परिस्थितियों को अपने फेवर में कर सकते हैं. आप जीवन में बहुत अधिक तरक्की करेंगे, आपके अधिकारी आपके कार्य से खुश रहेंगे.

मीन- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. आपके मन में कल शांति रहेगी. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने कार्य क्षेत्र में बुद्धि से कार्य करेंगे. आप अपने अधिकारी का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे, आपके अधिकारी आपके कार्य से बहुत अधिक प्रसन्न रहेंगे।

## शब्दजाल - 7486

शब्दजाल में तब्बू की १० फिल्मों के नाम ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | वि | र | कु | बा | र्ड | र | म | ला | नी | क |
| ज | रा | माँ | ज | इं | डो | ने | ह | क | हे | प |
| न | स | आ | तु | म | न | इ | जा | न | रा | म |
| च | त | चाँ | मा | झे | ल | स | ल | प | फे | ह |
| ले | म | बा | द | त | स | उ | ड़ | ख | री | म |
| स | जे | फ़ | र | नी | द | ला | म | ल | ड़ | सा |
| सु | मा | दे | ना | व | बा | स | म | पी | ख | थ |
| रा | दे | श | बा | र | प | र | थ | ड़ | भ | सा |
| ल | दि | ल | क | ले | दा | र | ल | क | थ | थ |
| क्षि | ज | ति | त | हि | द | ह | मा | ह | ल | है |
| ते | रा | जा | क | दि | प | ने | मा | चि | स | म |

जाल, हेरा फेरी, बार्डर, विरासत, हम साथ साथ है, माचिस, साजन चले ससुराल, फ़ना, माँ तुझे सलाम, चाँदनी बार.


### शब्दजाल - 7485 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | श | मु | रा | ज | त | हो | प | न | प | क्त |
| ज | क्रि | ब | ना | द | म | जा | जि | स्म | र | ह |
| न | के | र | हे | नि | ऐ | ना | न | व | टि | म |
| बी | ट | सा | न | शा | वा | त | क | ले | ज | को |
| चो | दा | त | प | ने | तो | हो | बा | गो | ब | दि |
| ब | र | त | अ | ग | स | ए | व | र | वॉ | वा |
| द | प | म | न | प | व | ह | अ | गो | प्ला | ना |
| क | र | क | चा | क | ह | भा | र | चो | आ | क |
| र | व | त | म | ए | भी | र | क | अ | न | र |
| फु | ट | पा | त | र | शो | ता | ण | र | ह | ग |
| मुं | ब | र्ल | न | आ | प | र | क | प | स्त | ये |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

22 मार्च 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ | समय |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 07.13 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | वृष | 08.53 बजे से |
| मंगल | मकर में | मिथुन | 10.51 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 13.05 बजे से |
| गुरु | मेष में | सिंह | 15.21 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | कन्या | 17.33 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 19.44 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 21.58 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 00.14 बजे से |
| | | मकर | 02.19 बजे से |
| | | कुंभ | 04.06 बजे से |
| | | मीन | 05.39 बजे से |

राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक

**शुक्रवार** 2024 वर्ष का 82 वां दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2080
**शक संवत्** 1945
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** त्रयोदशी अहोरात्र।
**नक्षत्र** मघा 04.28 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** धृति 18.35 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 18.01 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 11.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 00° 44'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871926
**जूलियन दिन** 2460391.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** रमजान
**तारीख** 11
**विशेष** प्रदोष व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: भूख और हवन

विंध्य प्रदेश का राजा धार्मिक और दयालु प्रवृति का था। एक बार सूखे के कारण राज्य में अकाल पड़ गया। आदमी और जानवर भूख से तड़पने लगे। चारों तरफत्राहि-त्राहि मच गई। दरबार के आचार्यों ने सुझाव दिया, राजन इस अकाल से छुटकारा पाने के लिए राज्य भर में हवन करना होगा। राजा ने आचार्यों की बात मान ली। राज महल से लेकर गली-गांव तक हवन होने लगे। हजारों टन गेहूं और देसी घी हवन कुंड में जला दिए गए, लेकिन न देवता प्रसन्न हुए और न ही अकाल दूर हुआ। जब राजा की मृत्यु हुई तो यमदूतों ने उसे धर्मराज के सामने पेश किया। उसी समय राजा का एक पुराना नौकर भी धर्मराज के सामने लाया गया था। धर्मराज ने बही खाता देखा और राजा को नरक में तथा नौकर को स्वर्ग में भेजने का आदेश दिया। राजा ने कहा, मैंने हमेशा धर्म का काम किया, फिर मुझे नरक और इस नौकर ने कभी कोई धर्म कर्म नहीं किया, फिर भी इसे स्वर्ग -यह तो अन्याय है। धर्मराज ने कहा, तुम ठीक कहते हो, लेकिन तुम्हारे एक अकर्म ने सभी अच्छे कर्मों को निष्फल कर दिया। सूखे के समय जब जनता को अनाज की सख्त जरूरत थी, तब उस अनाज को जनता में न बांट कर, तुमने उसे कर्मकांड के लिए जला दिया। तुम्हारे अन्न के भंडार भूखों के लिए बंद थे, लेकिन हवन के लिए खोल लिए गए। इससे बड़ा पाप कोई और नहीं हो सकता। इसी अधर्म के कारण तुम्हें नरक मिला है। रही बात नौकर की। उसने कभी पूजा पाठ नहीं किया लेकिन वह भूखा- प्यासा सात दिन तक आप के हवन कुंड के पास इस आशा में बैठा रहा कि हवन के बाद अनाज के जो दाने बिखरे मिल जाएंगे, उससे वह अपनी भूख मिटा लेगा। लेकिन उसे एक दाना नहीं मिला और वह वहीं भूख से मर गया। उसने जब तक तुम्हारे यहां काम किया पूरी मेहनत और ईमानदारी से किया, इसलिए उसको स्वर्ग मिला।

## फिल्म वर्ग पहेली - 6430

### ऊपर से नीचे:-

१. 'तन्हा तन्हा दिल' गीत वाली फिल्म-३
२. 'कहना है तुमसे कहना' गीत वाली आमिर, मनीषा की फिल्म-२
३. फिल्म 'मिलन' में मनीषा कोईराला के साथ नायक का नाम-२
५. 'दिल ही दिल में' गीत वाली विवेक ओबेराय, दिया की फिल्म-२
६. बॉबी, अक्षय, अमीषा की 'दिल ने कर लिया' गीत वाली फिल्म-४
८. 'ठहरो तो सही सोचो तो' गीत वाली गोविंदा, मनीषा की फिल्म-४
९. ऋषि, श्रीदेवी की 'भूली बिसरी प्रेम कहानी' गीत वाली फिल्म-३
११. राजेश खन्ना, धर्मेंद्र, वहीदा की फिल्म-३
१३. 'हसीना गोरी गोरी' गीत वाली फिल्म-३
१८. फिल्म 'खानदान' की नायिका कौन थी-३
१९. 'मैं प्यासा तुम सावन' गीतवाली फिल्म-३
२०. 'हम साथ साथ हैं' में सोनाली के पिता की भूमिका किसने की थी?-३,२
२१. 'इन आँखों को आशिक' गीत वाली राजेश, सुलक्षण की फिल्म-२
२५. मनोज वाजपेयी, उर्मिला की एक सस्पेंस फिल्म-२
२६. 'धीरे धीरे आप मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२७. फरदीन, उर्मिला की फिल्म-३
२८. 'गोरी जो मटके' गीत वाली फिल्म-३
२९. सनी, मीनाक्षी की 'सोचना क्या जो भी होगा' गीत वाली फिल्म-३
३१. संजीवकुमार, रेखा, मौसमी चटर्जी की १९८१ की एक फिल्म-२

### बायें से दायें:-

१. 'तू सामने जब आता' गीत वाली शाहरूख, माधुरी की फिल्म-३
४. शाहरूख, ट्विंकल की 'आशिक हूँ मैं कातिल भी' गीतवाली फिल्म-४
७. 'आके चली बांके चली' गीत वाली संजीव कुमार, शर्मिला टैगोर, शबाना आजमी की फिल्म-४
१०. 'दिल चीज क्या है' गीत वाली 'उमराव जान' की नायिका-२
१२. राजेंद्र कुमार, माला की 'जिसके सपने हमें' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'मैं तुझ से मिलने आई' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२
१५. अक्षयकुमार, रवीना की 'टिप टिप बरसा पानी' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'संभाला है मैं ने' गीत वाली मिथुन, अतुल, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१७. जैकी, रति अग्निहोत्री की 'छोड़ो मुझे छोड़ों' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'हुतूतू' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी?-२
२३. 'ये रेशमी जुल्फे' गीत वाली राजेश, मुमताज की फिल्म-१,२
२४. मिथुन, चंकी, रितुपर्णा, सोमी अली की १९९४ की एक फिल्म-३,२
२७. 'बनाके क्यूँ बिगाड़ा रे' गीत वाली अमिताभ, जया की फिल्म-३
३०. जीतेंद्र, रामेश्वरी की 'काहे बिंदिया लगाई' गीतवाली फिल्म-३
३२. 'एक लड़की जिसके होठों' गीत वाली संजय, जैकी, शिल्पा की फिल्म-२
३३. सनी, संजय, रवीना, दिव्या की 'दिल ना किसी का' गीत वाली फिल्म-३
३४. 'तू प्यार का सागर है तेरी इक बूंद के प्यासे हम' गीत वाली बलराज साहनी, नूतन की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 6429

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कु | बॉ | न | ■ | व | जू | द | ■ | आ | शा |
| बॉ | ■ | सी | मा | ■ | ही | ग | ■ | शि | ■ |
| नी | ल | म | ■ | ग | ■ | र | क्ष | क | ■ |
| ■ | म्हे | ■ | खु | दा | र | ■ | त्रि | ■ | अ |
| स | ■ | ग | द | र | ■ | ज | य | ग | ज |
| हे | मा | ■ | ग | ■ | सो | मी | ■ | जा | न |
| ली | ■ | क | र्ज | ■ | ■ | र | वि | ■ | बी |
| ■ | ज | या | ■ | म | धु | ■ | दा | ग | ■ |
| बा | ■ | म | र्या | दा | ■ | भा | ई | ■ | जू |
| जी | न | त | ■ | री | ■ | भी | ■ | डो | ली |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6739

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6738 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## शब्द पहेली - 7954

### बाएँ से दाएँ

1.कलाकार,अदाकार-4
4.फूलों की छोटी माला,वेणी-3
6.पैर,पांव-2
7.अधिकार-2
9.खानाबदोश,बंजारा-4
11.राशन,खाद्य सामग्री-3
12.टेसू के फूल-3
13.कपोल,रुखसार-2
14.विजय-2
15.डोली उठाने वाले-3
17.जल प्रपात-3
18.गठबंधन-4
21.पानी,जल-2
23.नौका-2
24.देह,काया,शरीर-3
25.अगुवा,राह दिखाने वाला-4

### ऊपर से नीचे

1.उपवास का खाना-4
2.झुका हुआ-2
3.व्यवहार-3
4.समयघोष-3
5.मार्ग,पथ-2
8.गागर,घड़ा,घट-3
9.स्मारक-4
10.हत्या,कत्ल-2
12.पत्तों के गिरने का मौसम-4
15.कथा,गाथा-3
16.अष्टम-2
18.नामचीन-4
19.रवाना होना-3
20.विदूषक,मसखरा-3
22.ईश्वर,भगवान-2
23.बटन,स्विच-2

### शब्द पहेली -7953 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | र | ह | म | त | ■ | म | ■ | ■ |
| ■ | ह | ■ | द | ■ | प | न | घ | ट |
| स | ब | ल | ■ | वी | रा | न | ■ | क |
| ■ | र | की | ब | ■ | या | ■ | ना | रा |
| स | ■ | र | ज | त | प | ट | ■ | व |
| र | वि | ■ | ब | ■ | न | ह | र | ■ |
| ह | ■ | म | जा | क | ■ | नी | वा | ला |
| द | फ | ना | ना | ■ | सा | ■ | य | ■ |
| ■ | ■ | ही | ■ | ग | फ | ल | त | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

## सेंसेक्स 539, निफ़्टी 172 अंक ऊपर आया

मुम्बई। घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से आई है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के इस साल ब्याज दरों में तीन बार कटौती के अनुमान से भी बाजार में उत्साह का माहौल है जिससे भारत सहित दुनिया भर के बाजार उछले हैं। इससे दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 539.50 अंक करीब 0.75 फीसदी बढ़कर 72,641.19 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ़्टी भी 172.85 अंक तकरीबन 0.79 फीसदी ऊपर आकर 22 हजार के स्तर के ऊपर निकलकर 22,011.95 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी का शेयर सबसे अधिक 3.55 फीसदी बढ़कर बंद हुआ। वहीं पावर ग्रिड, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर भी लाभ के साथ ही ऊपर आये। वहीं




दूसरी ओर भारती एयरटेल, मारुति, आईसीआईसीआई बैंक और एशियन पेंट्स के शेयरों में आज हल्की गिरावट रही।

दूसरी ओर एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का सियोल, जापान का टोक्यो और हांगकांग का बाजार भी बढ़त पर बंद हुआ पर चीन के शंघाई शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गयी। यूरोपीय बाजारों में भी आज उछाल आया। वहीं, अमेरिका का वाल स्ट्रीट अच्छी तेजी के साथ बंद हुआ। एसएंडपी 500 अब तक के उच्च स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज और नैस्डैक कंपोजिट भी रिकॉर्ड तेजी पर रहे।

इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों की वजह से बाजार की मजबूत शुरुआत हुई। शुरुआत में बीएसई सेंसेक्स 500 अंक बढ़कर 72,652 पर और एनएसई निफ्टी50 163 अंक बढ़कर 22,002 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। शुरुआती कारोबार में निफ्टी तेल और गैस के शेयरों में 1.29 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जबकि निफ्टी रियल्टी और निफ्टी एफएमसीजी में क्रमशः 0.62 और 0.48 फीसदी की बढ़ोतरी हुई।

## यूट्यूब भी रोकेगा एआई के जरिये छेड़छाड़

मुंबई। वीडियो स्ट्रीमिंग यूट्यूब भी अब ऑनलाइन कंटेंट में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) के जरिये छेड़छाड़ रोकने के उपाय करने वाले इंटरनेट प्लेटफॉर्मों में शामिल हो गया है। इससे पहले उसकी मूल कंपनी गूगल और मेटा ने ऐसी कवायद की है। प्लेटफॉर्म ने एक नया टूल पेश किया गया है जिसके लिए अब क्रियेटरों को उपयोगकर्ताओं को यह बताना होगा कि उनकी सामग्री सिंथेटिक मीडिया या जेनरेटिव एआई का सहारा लेकर तैयार की गई है या नहीं। यूट्यूब ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा है ?कि हम क्रियेटर स्टूडियो में नया टूल लाने जा रहे हैं जिसके तहत अब क्रियेटरों के लिए दर्शकों को यह बताना जरूरी होगा कि वह जो सामग्री पोस्ट कर रहे हैं वह सिंथेटिक मीडिया अथवा एआई के सहारे बनाई गई है। इसमें वैसी सामग्री शामिल होंगी जिसे कोई भी दर्शक आसानी से असली व्यक्ति, स्थान, दृश्य अथवा घटना समझ सकता है। कंपनी ने कहा कि लागू होने पर वीडियो के साथ छेड़छाड़ अथवा सिंथेटिक मीडिया लिखा आएगा। हालांकि, क्रियेटरों को प्लेटफॉर्म पर पूरी तरह से अवास्तविक सामग्री, एनिमिटेड वीडियो, स्पेशल इफेक्ट्स वाले वीडियो पर ऐसी जानकारी देनी की जरूरत नहीं होगी। यूट्यूब ने कहा ?कि हम मानते हैं कि क्रियेटर किसी भी सामग्री को तैयार करने के दौरान विभिन्न तरीकों से जेनरेटिव एआई का उपयोग करते हैं। यदि जेनेरेटिव एआई का उपयोग स्क्रिप्ट, सामग्री विचार अथवा कैप्शन आदि तैयार करने के लिए किया गया है तो क्रियेटरों को यह बताने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके अलावा स्वास्थ्य, समाचार, चुनाव या वित्तीय जैसे संवेदनशील विषयों वाले वीडियो के लिए यूट्यूब वीडियो पर एक प्रमुख लेबल दिखाएगा।

## सुभाष चंद्रा को राहत, मामले की अगली सुनवाई 10 अप्रेल को

मुंबई। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बंबई उच्च न्यायालय से कहा कि वह कोष की हेराफेरी के कथित मामले में एस्सेल ग्रुप के चेयरमैन सुभाष चंद्रा को जारी किए गए समन पर तीन सप्ताह तक कोई कार्रवाई नहीं करेगा। पीठ ने मामले को अगली सुनवाई के लिए 10 अप्रैल की तारीख तय की है। शेयर बाजार नियामक ने जनवरी में चंद्रा के खिलाफ कई समन जारी किए थे। चंद्रा ने इसी महीने एक याचिका दायर कर समन को चुनौती दी थी और इसे रद्द करने की अपील की थी। चंद्रा के अधिवक्ता ने सेबी द्वारा शुरू की गई पूरी कार्यवाही को रद्द करने की अपील की और तर्क दिया कि पूंजी बाजार नियामक पूर्व निर्धारित तरीके से जांच को आगे बढ़ा रहा था। न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदोश पूनीवाला की खंडपीठ ने सेबी को चंद्रा की याचिका के जवाब में अपना हलफनामा दाखिल करने की अनुमति दी। नियामक के अधिवक्ता मुस्तफा डॉक्टर ने पीठ को बताया कि 20 मार्च से तीन सप्ताह की अवधि तक समन के तहत कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

# होली पर्व पर नगर में सजी दुकानें

## 24 को होलिका दहन व 25 को रंग गुलालों की होली





**लांजी ( पद्मेश न्यूज )। होली वसंत ऋतु में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण भारतीय लोगों का त्यौहार है। यह पर्व हिंदू पंचांग के अनुसार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। होली रंगों का तथा हँसी-खुशी का त्योहार है। यह भारत का एक प्रमुख और प्रसिद्ध त्योहार है, जो आज विश्वभर में मनाया जाने लगा है। रंगों का त्योहार होली दो दिन की होती है, पूर्णिमा पर होलिका दहन किया जाता है और इसके अगले दिन रंगों की होली होती है। वह दिन जब होली जलाई जाती है, इस दिन को छोटी होली और होलिका दहन के नाम से भी जाना जाता है। इसके अगले दिन सभी एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाते हैं।**

### सजी रंग गुलाल की दुकानें


होली पर्व के चलते बाहर कमाने गए लोगों व अन्यत्र ड्यूटी कर रहे कर्मचारी भी अपने-अपने घरों में आने लगे हैं, ताकि पारिवारिक माहौल में यह पर्व मनाया जा सके। बाजार में रंग गुलाल की दुकानें सज तो गई हैं। बता दे की होली पर्व पर आज भी ग्रामीण अंचलों में शक्कर की चाशनी से बनी माला बांटने की परंपरा अब भी बरकरार है, बच्चों, बूढ़ों को माला भेटकर तिलक लगाकर आशीर्वाद लिया जाता है। इतना ही नहीं विदर्भ की सीमा से लगे होने के कारण जहां शादी जुड़ जाती है, उन परिवारों द्वारा लड़की वालों के घर माला लेकर जाने की परंपरा भी देखी जाती है। 卐गाठी भेट卐 कर दोनों परिवार एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई देते हैं। बता दे कि 24 मार्च की रात्रि में होलिका दहन व 25 मार्च को धुरेण्डी ( रंग गुलाल) पर्व को लेकर जहां उत्साह है, वही पर्व को लेकर बधाइयां देने का सिलसिला शुरू हो गया है। पुलिस द्वारा पर्व को लेकर पेट्रोलिंग शुरू कर दी गई है ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे।

### होलिका दहन का शुभ मुहूर्त

इस बार होलिका दहन 24 मार्च को किया जाएगा एवं 25 मार्च को रंग गुलाल लगा कर होली खेली जाएगी। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार होलिका दहन के शुभ मुहूर्त की बात करे तो इसमें भद्रा का खास ध्यान रखा जाता है। 2024 के लिए होलिका दहन का शुभ मुहूर्त शाम 07-19 बजे से रात 09-38 बजे तक है। ज्योतिषियों की मानें तो फाल्गुन पूर्णिमा प्रदोष व्यापिनी समय में या फिर भद्रा के बिना मुहूर्त में ही होलिका दहन किया जाता है।

# कुलपा जांच नाके पर वाहनों की जांच कर 27 वाहनो से 10 हजार 100 रूपये वसुले

लांजी (पद्मेश न्यूज) । लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस के द्वारा सभी सीमावर्ती ईलाको में अस्थाई रूप से जांच चौकी स्थापित की गई। इन जांच चौकियों पर पुलिस के द्वारा आवागमन कर रहे प्रत्येक वाहनों पर नजर रखी जा रही है। वाहनों की जांच की जा रही है ताकि चुनाव को प्रभावी करने वाली किसी अवैध गतिविधियों या सामग्रियों का परिवहन तो नहीं किया जा रहा है। वही इन जांच चौकियों पर सीसीटीव्ही कैमरो के माध्यम से भी कन्ट्रोल रूम में बैठकर नजर रखी जा रही है। वाहनों की जांच कर नियमों के विरूद्ध आवागमन कर रहे वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही भी की जा रही है। इसी तहत मध्यप्रदेश के अंतिम छोर महाराष्ट्र सीमा क्षेत्र से लगे ग्राम कुलपा में अंतरराज्यीय अस्थाई पुलिस चौकी स्थापित कर लगातार जाचं कार्यवाही की जा रही है। जिसमें 21 मार्च को 27 वाहनो से 10 हजार 100 रूपये वसुले गये है। इस चालानी कार्रवाई में 10 चौपहिया वाहन व 17 दुपहिया वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। उक्त संपूर्ण जांच कार्यवाही बालाघाट पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ के निर्देशन में लांजी एसडीओपी सतेन्द्र घनघोरिया एवं थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी के नेतृत्व में एसआई सुन्दरलाल पवार, सचिन बुंदेला, महेन्द्र धाकड़, रंजित प्रजापति, प्रिती प्रजापति, टोविंद्र खोबरागड़े द्वारा उक्त कार्यवाही की गई।



# छत्तीसगढ़ से आने वाले वाहनों की पुलिस कर रही सघन जांच

लांजी ( पद्मेश न्यूज ) । जिले में लोकसभा निर्वाचन-2024 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। आगामी 19 अप्रैल को बालाघाट सिवनी लोकसभा चुनाव संपन्न होने है, ऐसे में जिले की



समस्त सीमा क्षेत्रों मे पुलिस द्वारा चेक प्वाईंट बनाकर जांच की जाती है। इसी कड़ी में 21 मार्च को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में लांजी एसडीओपी सतेन्द्र घनघोरिया के दिशा निर्देश में बहेला टीआई मदन इवने द्वारा ग्राम रिसेवाड़ा के टिमकीटोला चेक प्वाइंट पर छत्तीसगढ़ से आने जाने वाले वाहनों की सघन जांच की गई तथा नियम विरूद्ध वाहन चलाने वाले, यातायात नियमों का पालन नही करने वाले, बगैर सीट बेल्ट, हेलमेट के वाहन चलाने वालो के विरूद्ध चालानी कार्यवाही भी की गई। वहीं सभी वाहन चालकों को समझाइश भी दी गई कि भविष्य में सभी वाहन चालक एवं वाहन पर सवार व्यक्ति को अनिवार्यत: हेलमेट पहनना होगा। अपने गाड़ियों के समस्त दस्तावेज अपडेट रखना होगा। इस दौरान बहेला थाना प्रभारी मदन इवने व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# शिक्षक सुनील बिसेन के निधन पर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



लांजी (पद्मेश न्यूज)। सी एम राइज हायर सेकेण्डरी विद्यालय बोलेगांव की शिक्षिका अनिता बिसेन के पति सुनील कुमार बिसेन शिक्षक माध्यामिक विद्यालय नक्शी (किरनापुर) में पदस्थ थे। जिनका बीमारी के चलते 48 वर्ष की उम्र में 21 मार्च को प्रात: 5.30 पर निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार किरनापुर के मोक्षधाम में किया गया। इनके निधन पर सी एम राइज विद्यालय बोलेगांव के शाला परिवार एवं बीईओ, बीआरसी व समस्त शिक्षकों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इनके निधन पर सी एम राइज हायर सेकेण्डरी विद्यालय बोलेगांव प्राचार्य बी आर गुरदे एवं उप प्राचार्य प्रवीणचंद्र साहू एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं रमेश धारणे, दुर्गा हरडे, एल सी घोरमारे, सरोज कुमार पटले, संजय कुमार मेश्राम, एफ एल रिन्हायत, मुकेश पांचे, युवराज कुशले, कैलाश वैरागड़े, रविप्रकाश शहारे, गोपालकृष्ण तुरकर, सत्यप्रकाश डहरवाल, बुद्धवर्धन उके, रत्नाकर गणवीर,सुरेश मेश्राम, नंदकिशोर बाहेश्वर, रोशन लाल खोबरागड़े, उषा नगपुरे, विमलेश्वरी उइके, ममता पिल्लारे, चंचला मेश्राम, प्रहलाद गोखले आदि ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की गई कि शोकाकुल परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# ६० लीटर शराब के साथ राजकुमार गिरफ्तार न्यायालय ने भेजा जेल

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज) । वारासिवनी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया भांडी निवासी २६ वर्षीय राजकुमार उइके को वारासिवनी पुलिस के द्वारा २० मार्च को हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब करीब ६० लीटर के साथ गिरफ्तार कर वारासिवनी न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वारासिवनी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पिपरिया भांडी में अज्ञात व्यक्ति के द्वारा हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब भारी मात्रा में अपने कब्जे में रखी गई है। जिस पर मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस ने ग्राम पिपरिया में पहुंचकर पतासाजी की तभी घर के पीछे बाड़ी में बैठा एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे पुलिस के द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया और उससे पूछताछ की गई तो जिसने अपना नाम राजकुमार पिता तेजलाल उइके उम्र २६ वर्ष निवासी पिपरिया भांडी होना बताया। जिससे कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने कच्ची शराब अपने पास रखना कबूल किया । जिसमें पुलिस के द्वारा उसके घर के पीछे बाड़ी से १० लीटर की ६ प्लास्टिक जरीकेन भर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब करीब ६० लीटर कच्ची शराब बरामद की। जिसमें शराब को मौके पर विधिवत कार्यवाही कर जप्त किया गया । वहीं राजकुमार को गिरफ्तार कर पुलिस थाना वारासिवनी में लाया गया जहां पर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा ३४ २ के तहत अपराध पंजीकृत कर जांच में लिया गया। जिसके बाद राजकुमार उइके को वारासिवनी न्यायालय के समक्ष पेश किया गया यहां से न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया।


आवश्यकता है
कार चलाने हेतु ड्राईव्हर की आवश्यकता है
योग्यता-10वीं पास, वेतन- 10000 +
बालाघाट एवं आसपास में रहने वाले ही संपर्क करें
संपर्क करें
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स
चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एवं मॉल द्वितीय तल, मेन रोड, बालाघाट (मप्र)
मो. 9244872544
फोन - 07632-244911
मिलने एवं फोन लगाने का समय- शाम 6.30 से 8.30 बजे तक

**विश्व जल दिवस पर खास रिपोर्ट**

# कहां खो गई तालाब की सीमांकन रिपोर्ट, उम्मीदों पर फिरा पानी

## बड़े तालाब का कैसे होगा जीर्णोद्धार..!

कटंगी( पद्मेश न्यूज )। क्या है पिछले सात सालों से फंड आया है मगर किसी ने इसे चालू कराने ( तालाब का जीर्णोद्धार) की पहल नहीं की. इसमें बहुत सी कठिनाइयां है. मगर, हम तो तालाब के सौन्दर्यीकरण कराने के लिए कटिबद्ध है. विधायक जी और हमारी सोच एक जैसी है. कटंगी शहर सुंदर हो. एनजीटी के नियमों का पालन करते हुए सौंदर्यीकरण किया जाएगा. जिन्हें कृषि कार्य के लिए भूमि आवंटित की गई थी और अगर वह भूमि का व्यावसायिक उपयोग कर रहे है तो ऐसे पट्टों को निरस्त करवाने की कार्रवाई भी की जाएगी. यह दावा नगर परिषद कटंगी अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर ने विधायक की मौजूदगी में 28 दिसंबर 2023 को बड़े तालाब के निरीक्षण के दौरान किया था. दरअसल, आज फिर से बड़े तालाब की बात इसलिए करना जरूरी हो गया है क्योंकि आज विश्व जल दिवस है और कटंगी शहर का बड़ा तालाब जीर्णोद्धार के लिए तरस रहा है. इस तालाब के जीर्णोद्धार के लिए सरकार ने 2 करोड़ 70 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है लेकिन सात सालों से तालाब का जीर्णोद्धार नहीं हो पाया है. बीते दिनों जब विधायक गौरव सिंह पारधी ने दावा किया था कि तालाब की सूरत बदलेगी तो जनता को विश्वास हुआ था कि अब वाकई में कुछ अच्छा होने वाला है. विधायक ने यह भी दावा किया था कि जल्द ही सीमाकंन होगा और उसके बाद जीर्णोद्धार का काम शुरू होगा. मगर, इन 85 दिनों में तालाब की सीमाकंन की रिपोर्ट का अता-पता नहीं है. विधायक कई बार सार्वजनिक मंच से तहसीलदार छवि पंत को पूछ चुके है कि सीमाकंन का क्या हुआ और तहसीलदार एक ही टूक जवाब देती आई है सीमाकंन हो गया है रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी किंतु अब तक सीमांकन रिपोर्ट का अता-पता नहीं है और ना ही तालाब का अतिक्रमण चिन्हित किया गया है. अब तो राजस्व के अधिकारियों को लोकसभा चुनाव की आचार संहिता का बहाना भी मिल गया है. विधायक आचार संहिता तक तहसीलदार से कोई सवाल-जवाब नहीं कर सकते और जब आचार संहिता समाप्त होगी तब बारिश का मौसम शुरू हो चुका होगा। शहर का बड़ा तालाब कभी शहरी क्षेत्र की जन जीवन का एक जरूरी हिस्सा हुआ करता था. यह तालाब सामाजिक ताने-बाने से जुड़े था. धार्मिक उद्देश्यों के लिए तालाब का सम्मान किया जाता था. मगर, जल संसाधन विभाग की निष्क्रियता और सरकारी उपेक्षा के चलते यह तालाब धीरे-धीरे अपने अस्तित्व को खोते चला गया और कथित तौर पर अतिक्रमणकारियों ने तालाब की भूमि पर कब्जा कर लिया. नगर परिषद ने भी बीते दो दशक में इस तालाब को बर्बाद करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी. शहर का सारा गंदा पानी तालाब में छोड़ा गया. जिस कारण तालाब कूड़े के ढेर में तब्दील हो गया. आज बदलते परिवेश में बड़े तालाब का संरक्षण और पुनरुद्धार हो जाना था. मगर, नेता और प्रशासनिक अधिकारी केवल दावों से जनता को गुमराह कर रहे है. इनकी कथनी और करनी में कई विरोधाभास है. मसलन जब विधायक तहसीलदार से पूछते है कि सीमांकन रिपोर्ट का क्या हुआ तो तहसीलदार मौखिक बताती है कि रिपोर्ट तैयार है. मगर, वह रिपोर्ट नहीं दिखाती और अब तो लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लग चुकी और सीमांकन रिपोर्ट का पता नहीं है। विधायक गौरव सिंह पारधी प्रकृति प्रेमी है. उनका प्रकृति प्रेम अकसर सार्वजनिक मंचों के कार्यक्रम में झलकता है वह नदियों के अस्तित्व को बचाने पर जोर देते है और अधिकारियों से अवैध रेत खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने के आदेश देते है. मगर, प्रकृति प्रेमी विधायक और उनके शागिर्द नगर परिषद अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर जो जल्द ही तालाब का सीमांकन और फिर अतिक्रमण चिन्हित कर अतिक्रमण हटाने के बाद तालाब का सौंदर्यीकरण का काम शुरू करवाने का दावा कर रहे थे वह बीते 85 दिनों में तालाब का सीमांकन की रिपोर्ट तक नहीं ले पाए है. आज 22 मार्च विश्व जल दिवस है और हम सभी जानते है कि वर्षा के पानी की हर बूंद को बचाकर पानी की उपलब्धता को बड़ाना जरूरी है. हमें वर्षा जल की एक-एक बूंद का समझदारी के साथ उपयोग करना होगा. साथ ही साथ हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उपयोग में लाए गए पानी की हर एक बूंद का दोबारा प्रयोग एवं नवीनीकरण हो और पानी प्रदूषित भी न हो. मगर, क्या कटंगी की जनता इसे अपने जीवन में उतार पा रही है. अगर सच कहें तो बिल्कुल भी नहीं. बीते दो दशक में बड़े तालाब की बर्बादी की इबारत लिखने में जागरूक जनता की चुप्पी की भी बहुत बड़ी भूमिका रही है. जिस तालाब की खूबसूरती के आज चर्चे होने थे फिलहाल वह कचरे का ढेर है. इसके चारों ओर कहीं कोई हरियाली नहीं है कूड़े और बदबू सूखी जमीन है. कह सकते है कि यहां सिर्फ कटंगी का बड़ा तालाब ही नहीं बल्कि इसके साथ-साथ शहर की खूबसूरती भी मर गई. बड़ा तालाब जो कभी कटंगी के परिदृश्य की खूबसूरती का हिस्सा हुआ करता था. आज वह सिकुड़ कर दम तोड़ रहा हैं. उसकी सूखी जमीन पर कथित पर तौर इमारत और कूड़े के ढेर खड़ा हैं और तालाब को जो छोटा हिस्सा बचा है उसकी हालत भी ठीक नहीं है. अगर बड़ा तालाब को अब भी नहीं बचाया गया तो फिर शायद ही कोई उम्मीद भी नहीं की जा सकती है. विधायक और नपा अध्यक्ष को एक बात तो समझनी होगी कि दावे नहीं बल्कि काम करना होगा।



### इनका कहना है

कटंगी शहर के बड़े तालाब का सौन्दर्यीकरण होना चाहिए. इस तालाब का सौंदर्यीकरण होने से शहर की सुंदरता में चार चांद लग सकते है लेकिन यह तालाब उपेक्षा का शिकार है जनप्रतिनिधियों से जो उपेक्षा की गई थी उस पर वह खरा नहीं उतर पाए है।

**राज राहंगडाले**
**स्थानीय रहवासी**

जल संरक्षण के लिए तालाब का जीर्णोद्धार करने चाहिए थे. नगर परिषद की घोर लापरवाही की वजह से काम अटका पड़ा है जबकि नगर परिषद के पास तालाब के जीर्णोद्धार के लिए राशि आई हुई है।

**अतीत अग्रवाल**
**स्थानीय रहवासी**

मैं जब से कटंगी आया हुं तब से लेकर आज तक तालाब की हालत जस की तस बनी हुई है. विधायक से बहुत उम्मीद थी लेकिन अब तक कुछ तालाब में कोई कायाकल्प होते नहीं दिख रहा है नगर परिषद पूरे शहर की गंदगी तालाब में नालों के जरिए डाल रही है जिससे तालाब तो गंदा हो रहा है वहीं स्थानीय रहवासियों को बीमारियों को सामना करना पड़ रहा है।

**मनोज कुमार ठाकुर**
**स्थानीय रहवासी**

लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भानेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बोलेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# पहले मैच में सीएसके और आरसीबी में होगा मुकाबला

चेन्नई । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17 वें सत्र के पहले मुकाबले में शुक्रवार को पिछले साल की विजेता चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) से होगा। इस शुरुआती मैच में दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी जिससे इसका रोमांचक होना तय है। इसमें पांच बार की विजेता रही सीएसके का लक्ष्य जीत से शुरुआत करना रहेगा। वहीं दूसरी ओर आरसीबी की टीम भी पहली बार खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी। सीएसके के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अब 42 साल के हो गये हैं। ऐसे में ये उनका अंतिम आईपीएल हो सकता है, इसलिए टीम उन्हें जीत का तोहफा देना चाहेगी। वहीं फाफ डु प्लेसिस की कप्तानी में उतर रही आरसीबी टीम के स्टार बल्लेबाज विराट के




खिताब जीतने का सपना पूरा करना चाहेगी।

सीएसके टीम के सलामी बल्लेबाज डेवोन कोंवे शुरुआत मैचों से बाहर रहेंगे। उनकी जगह पर न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र को शामिल किया गया है। वहीं मध्यक्रम में बल्लेबाजी की जिम्मेदारी डेरिल मिचेल पर अनुभवी अजिंक्य रहाणे और युवा रूतुराज गायकवाड़ पर रहेगी। गायकवाड़ ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में महाराष्ट्र के लिए सर्वाधिक रन बनाए थे। सीएसके की ताकत उसके ऑलराउंडर और स्पिनर हैं जो चिदंबरम स्टेडियम की पिच पर कहर बरपा सकते हैं। रविंद्र जडेजा, मिचेल सेंटनेर, मोईन अली, रविंद्र, महीष तीक्षणा की गेंदबाजी यहां बेहद असरदार साबित होगी।

सीएसके के पास दीपक चाहर और शार्दुल ठाकुर जैसे अच्छे तेज गेंदबाज भी हैं। श्रीलंकाई गेंदबाज मथीषा पथिराना भी चोटिल होने के कारण शुरूआती कुछ मैच नहीं खेल सकेंगे। उनकी कमी डैथ ओवरों में सीएसके को खलेगी। वहीं आरसीबी ने इस मैदान पर चेन्नई को 2008 से नहीं हराया है। दो महीने के ब्रेक के बाद मैदान पर लौट रहे विराट और कप्तान फाफ डु प्लेसी पर रन बनाने की जिम्मेदारी होगी।

इसके अलावा आरसीबी के पास कैमरन ग्रीन और ग्लेन मैक्सवेल भी टीम में हैं। तेज गेंदबाजों में उनके पास मोहम्मद सिराज, लॉकी फर्ग्युसन, अलजारी जोसेफ, आकाश दीप और रीसे टॉपली हैं। स्पिन गेंदबाजी में वानिंदु हसरंगा की कमी महसूस होगी पर मैक्सवेल के आने से टीम को लाभ होगा। पास अनुभव है।

### दोनो टीम की संभावित अंतिम 11

सीएसके – महेन्द्र सिंह धोनी (कप्तान), मथीशा पथिराना, शिवम दुबे, डेरिल मिशेल, दीपक चाहर, शार्दुल ठाकुर, अजिंक्य रहाणे, ऋतुराज गायकवाड़, रवीन्द्र जड़ेजा, तुषार देशपांडे, महेश थीक्षणा

आरसीबी – फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), मयंक डागर, विराट कोहली, महिपाल लोमरोर, मोहम्मद सिराज, रजत पाटीदार, अल्जारी जोसेफ, कैमरून ग्रीन, ग्लेन मैक्सवेल, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), सुयश

## आईपीएल से ठीक पहले धोनी ने कप्तानी छोड़ी, रुतुराज बने सीएसके के नये कप्तान

चेन्नई। आईपीएल 2024 की शुरुआत से एक दिन पहले ही महेंद्र सिंह धोनी ने चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) की कप्तानी छोड़ दी है। अब युवा बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ को टीम का नया कप्तान बनाया गया है। 42 साल के धोनी ने 2008 में आईपीएल शुरू होने के बाद से ही सीएसके की कप्तानी की है। उन्होंने पिछले साल रवींद्र जडेजा को कप्तानी सौंपी थी पर जडेजा के असफल रहने के बाद धोनी को फिर कप्तान बना दिया गया था। वहीं अब गायकवाड़ को कप्तानी सौंपी गई है।

दाएं हाथ के बल्लेबाज रुतुराज साल 2019 आईपीएल नीलामी के बाद से सीएसके के साथ हैं और उन्होंने अब तक शानदार फॉर्म और निरंतरता दिखाई है। तकनीकी कुशलता और अच्छी बल्लेबाजी के कारण इस युवा ने टीम में अपना एक अहम स्थान बनाया है। आईपीएल 2023 सीजन में गायकवाड़ ने 16 मैचों में 590 रन बनाए जिससे भविष्य में टीम का नेतृत्व करने की उनकी क्षमता दिखी थी।

अब रुतुराज मैदान के अंदर और बाहर धोनी के मार्गदर्शन के साथ सीएसके को एक नए युग में ले जाने के लिए तैयार हैं। धोनी ने 250 आईपीएल मैच खेले हैं, जिसमें 38.79 की औसत से 5,082 रन और 24 अर्धशतक बनाए हैं। सीएसके आईपीएल 2024 में अपने खिताब की रक्षा करने की तैयारी कर रही है, जिसकी शुरुआत 22 मार्च को चेपॉक में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ मैच से होगी, ऐसे में सभी की निगाहें इस युवा कप्तान पर रहेंगी।

## आईपीएल के उद्घाटन समारोह में कार्यक्रम पेश करेंगे बॉलीवुड सितारे

चेन्नई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2024 की शुरुआत शुक्रवार को यहां के एमए चिदंबरम स्टेडियम में एक रंगारंग समारोह के साथ होगी। इसमें बॉलीवुड सितारे कार्यक्रम पेश करेंगे। आईपीएल के इस 17 वें सत्र का उद्घाटन समारोह शाम 6=30 बजे शुरू होगी। इसमें संगीतकार एआर रहमान के अलावा गायक सोनू निगम अपने सुरों का जादू बिखेरेंगे। इसके अलावा अभिनेता टाइगर श्रॉफ और अक्षय कुमार भी कार्यक्रम पेश करेंगे। इस समारोह को स्टार इसके बाद गत विजेता चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच पहला मुकाबला होगा। प्रशंसक उद्घाटन समारोह को स्टार स्पोर्ट्स चैनलों पर देख सकते हैं। इसके साथ ही लाइव स्ट्रीमिंग जियो सिनेमा में मुफ्त में देखी जा सकेगी।

## आईपीएल में वापसी कर रहे स्टार्क पर रहेंगी नजरें

नई दिल्ली। आईपीएल सत्र में इस बार कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) की ओर से खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क पर सबकी नजरें रहेंगी। इसका कारण है कि स्टार्क अब तक के आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। स्टार्क को ऐसे ही नहीं मिल गयी इतनी बड़ी रकम। इससे पहले उनपर 99 बार बोली लगी थी। वहीं अंतिम बोली केकेआर ने सबसे ज्यादा 24.75 करोड़ रुपये की लगायी थी। .

स्टार्क अब 8 साल बाद आईपीएल में खेलते नजर आएंगे। उन्होंने अंतिम बार रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की ओर से साल 2015 में खेला था। इसके बाद से ही वह अलग-अलग कारणों से इस लीग से बाहर थे। वह कभीऑस्ट्रेलियन टीम की ओर से व्यस्त रहने के साथ ही चोटिल होने के कारण आईपीएल से बाहर थे। साल 2028 में केकेआर ने उन्हें



9.40 करोड़ में खरीदा था पर वह चोटिल होने के कारण मैदान पर नहीं उतरे थे।

ऐसे में स्टार्क पर आईपीएल के इस सत्र में बहुत दबाव भी रहेगा। वहीं ये भी कहा जाता है कि स्टार्क दबाव में ही अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। विश्वकप में ये सामने आया है। भारत में खेले गए इस विश्व कप के लीग मैचों में स्टार्क लय में नहीं थे पर नॉकआउट मैचों से सेमीफाइनल और फाइनल में उन्होंने जबरदस्त गेंदबाजी की। अब जब केकेआर की टीम श्रेयस अय्यर की कप्तानी में आईपीएल 2024 में उतरेगी तो स्टार्क से उसी प्रकार के बेहतर फॉर्म की उम्मीद करेगी। स्टार्क निचले क्रम में अच्छी बल्लेबाज भी करते हैं। टेस्ट क्रिकेट में उनके नाम 10 अर्धशतक हैं। स्टार्क का टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा स्कोर 99 है और केकेआर ने भी उन्हें आईपीएल नीलामी में 99वीं बोली लगाकर ही जीता था।

89 टेस्ट और 121 वनडे मैच खेल चुके मिचेल स्टार्क का ऑस्ट्रेलियाई टीम बड़े ही रणनीतिक तरीके से इस्तेमाल करता है। चाहे गेंदबाजी बदलाव हो या आराम देना उनका पूरा ध्यान रखा जाता है। केकेआर को भी यह ध्यान रखना होगा कि मिचेल कई बा चोटिल हो जाते हैं। ऐसे में केकेआर को उन्हें बीच में आराम भी देना होगा। केकेआर की आईपीएल 2024 में सफलता काफी हद तक इस गेंदबाज के प्रदर्शन पर आधारित रहेगी।

## रोहित के अभ्यास के लिए पहुंचते ही गले मिले हार्दिक

मुम्बई। आईपीएल 2024 के लिए रोहित शर्मा को हटाकर हार्दिक पंड्या को मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाये जाने के बाद से ही इन दोनो खिलाड़ियों में दूरियां आने की बातें कहीं जा रहीं थीं जो गलत साबित हुई हैं। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता हैं कि जब रोहित मुम्बई टीम के अभ्यास सत्र के लिए पहुंचे तो हार्दिक उनसे गले मिले।



मुंबई इंडियंस ने इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। यह वीडियो मुंबई इंडियंस के अभ्यास सत्र का है। इसमें मुम्बई के सभी खिलाड़ी खड़े हैं। इस दौरान पंड्या ने रोहित को देखा तो उनसे मिलने के लिए चले गए। रोहित पहले हाथ मिलाना चाहते थे पर पंड्या ने उन्हें सीधे गले लगा लिया। पंड्या और रोहित के इस पूरे वाकये का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

रोहित ने इस दौरान इंग्लैंड के खिलाफ हाल में समाप्त हुई टेस्ट सीरीज के दौरान डेब्यू करने वाले खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने इन युवा क्रिकेटरों के साथ खेलने का भरपूर आनंद उठाया। विराट सहित कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में 5 युवा खिलाड़ियों रजत पाटीदार, ध्रुव जुरेल, सरफराज खान, आकाश दीप और देवदत्त पडिक्कल ने इस सीरीज से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया। रोहित ने सोशल मीडिया पर कहा, 'व्यक्तिगत रूप से मुझे इनके साथ काम करके बहुत मजा आया जितने भी युवा लड़के थे, सब काफी हंसमुख थे। इनमें से अधिकतर को मैं अच्छी तरह से जानता था तथा मुझे उनके मजबूत पक्षों के बारे में पता था। मैं जानता था कि वह किस तरह से खेलना चाहते हैं। मेरा काम केवल उन्हें सहज बनाए रखना था। जिस तरह से उन्होंने मेरी और कोच राहुल द्रविड़ की उम्मीदों को पूरा किया, वह शानदार था।' मुंबई इंडियंस इस सत्र में अपना पहला मुकाबला 24 मार्च को गुजरात टाइटंस से खेलेगी।

## दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर केशव महाराज राम मंदिर पहुंचे

नई दिल्ली । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए भारत पहुंचे दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर केशव महाराज ने अयोध्या के राम मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की। केशव महाराज अपनी टीम लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) कैंप से जुड़ने के बाद सीधे भगवान राम के मंदिर पहुंचे। इस क्रिकेटर ने सोशल मीडिया पर अयोध्या दौरे की एक तस्वीर भी साझा की है। उन्होंने लिखा, सभी को जय श्री राम का आशीर्वाद। इससे पहले केशव ने 22 जनवरी को राम मंदिर के अभिषेक से पहले इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया था जिसमें उन्होंने कहा था, अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन का इंतजार कर रहा हूं। यह सभी के लिए शांति और ज्ञान लाए। जब भी भारत जाउंगा मंदिर में दर्शन करुंगा।

## आईसीसी टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में सूर्यकुमार नंबर एक पर बरकरार

### गेंदबाजी में राशिद चार पायदान ऊपर आकर शीर्ष दस में पहुंचे

दुबई । अंतरराष्ट्री क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टी20 की बल्लेबाजी रैंकिंग में भारतीय टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव शीर्ष पर बने हुए हैं। सूर्यकुमार ने कुल 861 अंकों के साथ रैंकिंग में अपनी बढ़त बनाये रखी है। वहीं गेंदबाजी में अफगानिस्तान के राशिद



खान की शीर्ष दस में वापसी हुई है। राशिद आईसीसी द्वारा अपडेट की गई रैंकिंग में चार स्थान ऊपर आकर नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वह इससे पहले आयरलैंड सीरीज में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे थे। इस सीरीज में उन्होंने तीन मैचों में 5.62 की औसत से 8 विकेट लिए थे। वहीं अफगानिस्तान के ही नवीन-उल-हक दो स्थान के लाभ के साथ ही 55वें स्थान पर आ गये हैं। उन्होंने आयरलैंड सीरीज के दौरान अपने तीन विकेटों के बाद कुछ बढ़त हासिल की। आयरलैंड के जोश लिटिल सात स्थान ऊपर 39वें, मार्क अडायर दो स्थान ऊपर 56वें और बैरी मैक्कार्थी 15 स्थान ऊपर 77वें स्थान पर पहुंच गये हैं। वहीं एकदिवसीय में भारत के कप्तान रोहित शर्मा रैंकिंग में चौथे स्थान पर आ गए हैं। रोहित 746 रेटिंग अंकों के साथ ही चौथे स्थान पर पहुंचे। भारत के ही विराट कोहली 768 अंक और शुभमन गिल 801 अंक लेकर उनके पीछे हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम 824 अंकों के साथ रैंकिंग में नंबर एक पर हैं। दूसरी ओर टेस्ट रैंकिंग की बात करें तो भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह कुल 847 अंकों के साथ गेंदबाजी रैंकिंग में दूसरे से तीसरे स्थान पर खिसक गये हैं। ऑस्ट्रेलिया के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के भी इतने ही अंक हैं पर उनका इकॉनमी औसत बेहतर है।

## आईपीएल में इस बार ऋषभ, श्रेयस सहित इन खिलाड़ियों पर रहेंगी नजरें

मुम्बई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 2024 सत्र शुक्रवार से शुरु होने जा रहा है। इस बार टूर्नामेंट में वापसी करने जा रहे ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर के अलावा पहली बार इसमें खेलने जा रहे कई युवा खिलाड़ियों पर भी सबकी नजरें रहेंगी।







**ऋषभ पंत** – आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत कार हादसे से उबरने के बाद एक बार फिर 14 महीने के बाद इस टूर्नामेंट से मैदान पर वापसी करेंगे। उनके खेल में वापसी के बाद ये देखना होगा कि वह कप्तानी और बल्लेबाजी के साथ ही विकेटकीपिंग करते हैं या नहीं। उनके विकेटकीपिंग करने की संभावना कम ही है क्योंकि उनके घुटने की जटिल सर्जरी हुई थी।वह आईपीएल 2024 में अच्छा प्रदर्शन करके जून में टी20 विश्व कप टीम के लिए अपनी दावेदारी पेश करेंगे।

**श्रेयस अय्यर** – श्रेयस अय्यर भी पीठ के निचले हिस्से में दर्द से उबरकर इस टूर्नामेंट से वापसी करेंगे। इसी कारण वह पिछले साल आईपीएल से बाहर रहे थे। अय्यर अब इस सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान के रूप में वापस आए हैं। इसमें वह बेहतर प्रदर्शन कर भारतीय टीम में वापसी करना चाहेंगे। अय्यर ने 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया पर टी20आई और टेस्ट टीमों में अपनी जगह बरकरार नहीं रख सके, और घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग न लेने के कारण उन्हें बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध भी नहीं मिला। अब उनका लक्ष्य आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन कर एक बार फिर टीम में जगह बनाना रहेगा।

**पैट कमिंस** – ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंट को सनराइजर्स हैदराबाद ने 20.5 करोड़ रुपए में खरीदा है। वह लीग के इतिहास में दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए। अब उन्हें नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ऐसे में उन पर भी नजर रहेगी। पिछले कुछ समय में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान के तौर पर उन्होंने खासी सफलता हासिल की है जिससे वह जारी रखना चाहेंगे।

**रचिन रवींद्र** – न्यूजीलैंड के भारतीय मूल के रचिन रवींद्र अपनी अच्छी बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। एकदिवसीय विश्व कप में उन्होंने 578 रन बनाये थे। चेन्नई सुपर किंग्स ने उन्हें 1.8 करोड़ रुपए में खरीदा है। डेवोन कॉनवे के चोटिल होने के कारण वह इस बार पारी की शुरुआत करेंगे।

**अजमतुल्लाह उमरजई** – अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह उमरजई मोहम्मद शमी के चोटिल होने के कारण गुजरात टाइटंस की गेंदबाजी में अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने वनडे विश्व कप में अपनी गेंदबाजी से सचिन तेंदुलकर को भी प्रभावित किया था। वह बैटिंग लाइन-अप में फ्लोटर बन सकते हैं और पावरप्ले में नई गेंद स्विंग करने वाले गेंदबाज बन सकते हैं।

**कुमार कुशाग्र** – युवा विस्फोटक विकेटकीपर-बल्लेबाज कुमार कुशाग्र को दिल्ली कैपिटल्स ने 7.2 करोड़ रुपए में खरीदा है। उन्हें ऋषभ पंत की जगह पर विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी मिल सकती है। वह निचले क्रम पर तेजी से बल्लेबाजी करते हैं। कुशाग्र ने इस साल जनवरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए की ओर से भी खेला था।

## मुंबई इंडियंस ने दिलशान की जगह 17 साल के तेज गेंदबाज मफाका को शामिल किया

मुम्बई। मुंबई इंडियंस ने युवा दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज क्वेना मफाका को 2024 आईपीएल सत्र के लिए अपनी टीम में शामिल किया है। मुंबई ने वंडर ब्वॉय के नाम से मशहूर हुए 17 साल के मफाका को चोटिल श्रीलंकाई तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका की जगह पर रखा है। ऐसे में मफाका पहली बार आईपीएल में खेलते हुए नजर आयेंगे। बाएं हाथ के इस युवा तेज गेंदबाज ने इस वर्ष अंडर 19 विश्वकप में अपनी घातक गेंदबाजी से सबको प्रभावित किया था। मफाका अपने ही देश के अनुभवी तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा की तरह दिखते हैं। जिससे उनका नाम 'बेबी रबाडा' पड़ गया है। मफाका सटीक लाइन लेंथ से गेंदबाजी करने के कारण बल्लेबाजों के लिए मुसीबत बन जाते हैं। के लिए जाने जाते हैं. वह वर्ल्ड क्रिकेट में तेजी से उभरते हुए एक बेहतरीन तेज गेंदबाज हैं.



वहीं श्रीलंकाई गेंदबाज दिलशान बांग्लादेश के खिलाफ समाप्त हुई एकदिवसीय सीरीज के दौरान चोटिल हो गए थे। मुंबई इंडियंस ने उन्हें आईपीएल नीलामी में 4.6 करोड रुपए में खरीदा था। मफाका ने अभी तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है पर अंडर 19 विश्व कप में उसने 9.71 की औसत से 21 विकेट लिए थे और इसी कारण उसे टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड भी मिला था।

मफाका की खतरनाक यॉर्कर से बल्लेबाजों भी दहशत में रहते हैं। इस गेंदबाज ने अंडर 19 विश्वकप में 3 बार 5 विकेट लिए थे। मफाका आईपीएल 2024 निलामी ऑक्शन में सबसे युवा खिलाड़ी के रूप में उतरे थे हालांकि उन्हें किसी ने भी नहीं खरीदा था। मफाका ने अबतक दक्षिण अफ्रीका अंडर 19, दक्षिण अफ्रीका ए और दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग की टीम पार्ल रॉयल्स की ओर से खेला है। क्वेना मफाका ने 2 फर्स्ट क्लास मैच खेलते हुए 7 विकेट लिए हैं। वहीं लिस्ट ए के दो मैचों में उनके नाम 3 जबकि 9 टी20 मैचों में 13 विकेट दर्ज हैं।

## लखनऊ सुपर जायंट्स के विली आईपीएल के शुरुआती मुकाबलों से बाहर हुए

मुम्बई । लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) टीम को आईपीएल शुरु होने से पहले ही झटका लगा है। उसकी टीम से खेल रहे इंग्लैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज डेविड विली निजी कारणों से आईपीएल के शुरुआती मुकाबले नहीं खेल पायेंगे। एलएसजी के नए प्रमुख कोच जस्टिन लैंगर ने कहा कि विली सत्र की शुरुआत में नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि वह



पिछले दो महीनों से लगातार अबु धाबी नाइटराइडर्स और मुल्तान सुल्तांस के लिए खेलने के कारण थके हुए हैं। विली की जगह पर अभी किसी को शामिल नहीं किया गया है।

विली को एलएसजी ने जहां दिसंबर में हुई नीलामी में उन्हें दो करोड़ में खरीदा गया था। वहीं इससे पहले आगामी टी-20 विश्व कप को देखते हुए इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने तेज गेंदबाज मार्क वुड को इसमें खेलने से रोक दिया था। वुड की जगह पर वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ को रखा गया है। टीम के कोच जस्टिन लैंगर ने कहा कि वुड ने टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है और विली भी नहीं आ रहे हैं, जिससे अनुभव थोड़ा कम होगा। लेकिन पिछले कुछ दिनों में हमने देखा है कि हमारे पास भरपूर कौशल है। हमारे कुछ खिलाड़ियों को चोट लगी थी पर अभी वे सभी फिट दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पास शमार जोसेफ और मयंक है जो अच्छी गति से गेंदबाजी कर सकता है।

## अच्छे प्रदर्शन के बाद भी एक बार भी आईपीएल नहीं जीत पायी आरसीबी

नई दिल्ली। विराट कोहली की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) आईपीएल की सबसे बदकिस्मत टीम रही जो कई स्टार खिलाड़ियों के बाद भी एक बार भी खिताब नहीं जीत पायी है।

2008 से प्रारंभ हुए आईपीएल में आरसीबी के खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा पर तीन बार फाइनल में स्थान बनाने के बाद भी ट्रॉफी नहीं जीत पायी। बल्लेबाजी की बात करें तो आईपीएल का हर बड़ा रिकॉर्ड उसके खिलाड़ियों के नाम है पर इसके बाद भी टीम नॉकआउट राउंड में वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाती जैसी उससे उम्मीद रहती है। इसका कारण कुछ खिलाड़ियों पर जरूरत से ज्यादा निर्भरता, एक इकाई के तौर पर नहीं खेलना, दबाव में बिखरना और कुछ हद तक किस्मत का साथ न मिलना भी माना जा रहा है।

वहीं आरसीबी के प्रशंसकों को उम्मीद है कि इस बार उनके टीम के खिलाड़ी आईपीएल ट्रॉफी जीत सकते हैं। आईपीएल में अब तक सबसे ज्यादा रन और शतक जमाने का रिकॉर्ड आरसीबी के पूर्व कप्तान विराट कोहली के नाम पर है। विराट टूर्नामेंट के 237 मैचों में अब तक सर्वाधिक 7263 रन बना चुके हैं इसमें सात शतक शामिल हैं! यही नहीं, आईपीएल के एक सीजन में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भी 'किंग कोहली' के नाम पर है जिन्होंने 2016 के सीजन में चार सैकड़ों के साथ 973 रन बनाए थे। उनके अलावा कोई अन्य बैटर आईपीएल में 900 रन के आंकड़े को नहीं छू सका है।

आरसीबी की ओर से 2011 से 2017 तक सात सीजन खेलने वाले गेल के नाम आईपीएल में सबसे अधिक निजी स्कोर और सबसे अधिक छक्के जड़ने का रिकॉर्ड है। 2013 के सीजन में उन्होंने आरसीबी की ओर से पुणे वॉरियर्स के खिलाफ नाबाद 175 रन की धमाकेदार पारी खेली थी जो टूर्नामेंट का अब तक का टॉप स्कोर है।

इस लीग की अब तक की दो सबसे बड़ी साझेदारियां भी भी आरसीबी के बल्लेबाजों के नाम हैं। इस टीम के विराट कोहली और एबी डिविलियर्स की जोड़ी ने 2016 के सीजन में गुजरात लायंस के खिलाफ दूसरे विकेट के लिए 229 रनों की साझेदारी की थी। आईपीएल के एक सीजन में सबसे अधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड संयुक्त रूप से आरसीबी के ही हर्षल पटेल और ड्वेन ब्रावो के नाम पर है।

# दो दिनों में 50 अभ्यर्थियों ने लिया नाम निर्देशन पत्र, तो एक अभ्यर्थी ने किया नाम निर्देशन पत्र जमा

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। लोकसभा चुनाव 2024 के तय कार्यक्रम अनुसार 20 मार्च से नाम निर्देशन पत्र जमा करने और फॉर्म ले जाने का सिलसिला इन दिनों चल रहा है जिसमें दो दिनों में 50 अभ्यर्थियों द्वारा फार्म ले लिए गए हैं तो वहीं एक अभ्यर्थी द्वारा फॉर्म लाकर जमा किया गया है, जो कि भाजपा से भारती पारधी का है जिन्होंने 21 मार्च को अपना फॉर्म जमा कर दिया है तो वहीं अलग-अलग अभ्यर्थियों द्वारा फार्म ले जाने का सिलसिला अभी चल रहा है। आपको बता दे की लोकसभा चुनाव 2024 के लिए आयोग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है, जिसमें 20 मार्च से ही नाम निर्देशन पत्र भरे जाने और नामांकन फार्म लेने का सिलसिला शुरू हो गया है ,जिसमें बालाघाट - सिवनी संसदीय क्षेत्र के अभ्यर्थियों द्वारा अपने-अपने स्तर पर फॉर्म लेकर जमा किया जा रहा है, वही 21 मार्च को भी 25 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन फार्म लिया गया है ,तो वहीं एक अभ्यर्थी ने फार्म लाकर जमा कर दिया है , अभी 27 मार्च तक नाम निर्देशन पत्र लेने और जमा करने का समय निर्धारित किया गया है, इसके बाद 28 मार्च को नाम निर्देशन पत्रों की जांच की जाएगी और 30 मार्च को नाम वापसी के लिए समय रखा गया है, 20 और 21 मार्च को इन दो दिन में 50 अभ्यर्थियों द्वारा फार्म ले लिए गए हैं, तो वहीं एक अभ्यर्थी द्वारा फॉर्म लाकर जमा किया गया है।

### कांग्रेस पार्टी से इन्होंने लिया नामांकन फॉर्म

आपको बता दे कि भले ही कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने अधिकृत प्रत्याशी की सूची जारी नहीं की गई है, किंतु कांग्रेस पार्टी से कुछ अभ्यर्थी ने 21 मार्च को भी नामांकन फार्म ले लिया है जिसमें अनूप सिंह बैस, केवल सिंह झारिया, साधना भारतीय बहटेवार, शब्बीर पटेल है तो वही इससे पहले अभ्यर्थी सम्राट अशोक सिंह सरसवार, कंकर मुंजारे, हीना कावरे व धनंजय देशमुख के नाम के भी नामांकन फार्म ले लिये है।

### भारतीय जनता पार्टी से इन्होंने लिया नामांकन फार्म

आपको बता दे कि भारतीय जनता पार्टी से अमन नावानी और भारती पारधी द्वारा नामांकन फार्म ले लिए गए हैं, जिसमें से 21 मार्च को भारती पारधी द्वारा अपना नामांकन फॉर्म भर दिया गया है अभी तक भारतीय जनता पार्टी से इन दो अभ्यर्थी द्वारा नामांकन फार्म ले लिये गए हैं।



### अन्य पार्टियों से इन्होंने लिया नामांकन फॉर्म

आपको बता दे की अलग-अलग क्षेत्रीय व अन्य दलों द्वारा नामांकन फॉर्म भरने के लिए इन अभ्यर्थी द्वारा नामांकन फार्म ले लिया गया है जिसमें 21 मार्च को सम्पूर्ण क्रांति पार्टी इंडिया से विष्णुप्रसाद अहिरवार, महाकोशल राष्ट्र पार्टी से मनोरमा नागेश्वर, प्रॉउष्ट ब्लाक इंडिया से दीपक गोंड, आम आदमी पार्टी से शिव जायसवाल, सुरेश सिंह कारे, बसपा पार्टी से दुर्गेश बिसेन, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से नंदलाल उइके, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रटिक से भरतलाल पांचे तथा 20 मार्च को इन अभ्यर्थी ने लिया था फार्म पीपुल्स् पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक की ओर से धनीलाल मानेश्वर, दिलीप कुमार, कागुराम बाहेश्वर, अमरसिंह मर्सकोले, भारतीय शक्ति चेतना से प्रियंका भंडारकर, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया से अधिवक्ता रोशनलाल तुरकर व अधिवक्ता रामबिहारी शुक्ला, मप्र जनविकास पार्टी से सत्यनारायण शुल्के है।

### निर्दलीय से इन लोगों ने लिया फॉर्म

आपको बता दे की निर्दलीय भी बहुत से अभ्यर्थियों ने फार्म लिया है जिसमें 21 मार्च को सौरभ लिल्हारे, धनेंद्र शरणागत, मनोज कुमार सैयाम, नंदकिशोर कटरे, जितेंद्र कुमार सोनवाने, ज्ञानप्रकाश उर्फ पप्पू पटेल, अजेय विशाल बिसेन, बब्बन खान, दिलीप छाबड़ा, मनीष वर्मा और रूपलाल कुतराहे ने नामाकंन फार्म लिया है तो वही 20 मार्च को इन अभ्यर्थी ने लिया था नामांकन फॉर्म जिसमे जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार द्वारा कांग्रेस पार्टी से भी फॉर्म लिया गया है और एक फॉर्म निर्दलीय रूप से भी लिया गया है , अधिवक्ता सुजीत कश्यप, मीर हामिद अली, रवि सेमसन, मंजुर खान, डॉ. मिरश्याम लिल्हारे, मोहन कुमार राउत, भुवनसिंह कोराम, सुकचंद उइके, भरतलाल मडावी, विकासकिर्ती बौद्ध और रघुवीर सिंह रहांगडाले शामिल है।

### इनका कहना है

निर्दलीय रूप से नामांकन फॉर्म लेने वाले अजय विशाल बिसेन द्वारा पत्रकारों से चर्चा में बताया गया कि उनके द्वारा भी 21 मार्च को नामांकन फार्म लिया गया है और वह अब अपने साथियों व जनता के कहने पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे , भले ही उन्हें विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था, किंतु उनका जो उद्देश्य था वह पूरा हो गया और इस बार भी वह जनता और अपने साथियों से विचार मंथन कर यह निश्चित करेंगे कि उन्हें लोकसभा चुनाव लड़ना है या नहीं लड़ना है फिलहाल उन्होंने अभी नामांकन फॉर्म तो निर्दलीय रूप से ले लिया है।



## 25 मार्च को सम्पूर्ण जिले में शुष्क दिवस घोषित

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने सम्पूर्ण जिले में 25 मार्च को शुष्क दिवस घोषित किया है। इसके पालन में 24 मार्च की रात्रि को निर्धारित समय पश्चात समस्त मदिरा दुकानें एवं अन्य अनुज्ञप्त परिसर प्रशासकीय एवं लोकहित में बन्द रखें जाएंगे। इस दिन जिले की सम्पूर्ण मदिरा दुकानें/ देशी मदिरा स्टोरेज भाण्डागार/एफ. एल.-3/एफ. एल.-4/एफ. एल.-7/ वाईन आउट लेट बन्द रहेगें।

## ।। सूचना ।।

निर्वाचन आयोग द्वारा 19 मार्च 24 को एक अधिसूचना जारी की गई है। जिसके अनुसार संचार प्रतिनिधियों को अबसेंटी वोटर्स को अनिवार्य सेवा मानते हुए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने की सुविधा दी जानी है। इस सुविधा का लाभ वे संचार प्रतिनिधि ले सकेंगे। जिनके निर्वाचन आयोग से प्राधिकार पत्र बनकर आने वाले है।

### 12-डी जारी करना व पूरी प्रक्रिया ये होगी

मतदान से पूर्व सुविधा केंद्रों पर मतदान करने के लिए संचार प्रतिनिधियों को 12-डी फॉर्म जारी किया जाएगा। इस सुविधा का लाभ लेने वाले संचार प्रतिनिधि 12-डी फॉर्म जिला जनसम्पर्क कार्यालय से भी प्राप्त कर सकते है। इस सुविधा का लाभ लेने वाले संचार प्रतिनिधियों की सहमति या असहमति दोनो आवश्यक है। जो संचार प्रतिनिधि सहमति देंगे उन्हें आयोग के निर्धारित प्रारूप में 12-डी जारी किया जायेगा। अत: संचार प्रतिनिधियों से आग्रह है कि अपनी सहमति से अवगत कराएं। ताकि समय पर कार्य सम्पादित किया जा सके। यह सुविधा सिर्फ उन पत्रकारों के लिये होगी जिन्होंने 16 फरवरी तक जिला जनसम्पर्क कार्यालय में अपने फोटो व दस्तावेज उपलब्ध कराये है। जिनके नाम आयोग में प्राधिकार पत्र जारी करने हेतु प्रेषित किये गए है। यह प्रक्रिया 24 मार्च से पूर्व की जानी है। सहयोग की अपेक्षा के साथ।

**सदस्य सचिव एमसीएमसी**
**आम लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-15**
**बालाघाट मप्र**

## अभ्यर्थी को अधिसूचना से 3 माह पूर्व के 20 फोटो नाम निर्देशन पत्र के साथ देने होंगे

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। आम लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत बुधवार से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य प्रारम्भ हो गया है। रिटर्निंग अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र (फार्म 2 ए) के साथ पूर्ण रूप से भरा हुआ शपथ पत्र जो नोटरी के साथ कमिश्नर/ मजिस्ट्रेट के द्वारा 50 रुपये के स्टॉम्प पेपर इसके अलावा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण की छायाप्रति, सामान्य वर्ग के लिए 25 हजार और एसटी, एससी वर्ग के लिए 12500 रुपये की निक्षेप राशि जमा करनी होगी। वहीं अभ्यर्थी के 3 माह पूर्व तक के 20 फोटो 2 सेमी. गुणा 2.5 सेमी. के साथ निर्वाचन नामांकन से कम से कम एक दिन पूर्व खोले गए बैंक खाते की छाया प्रति प्रस्तुत करना होगी।

# कोतवाली पुलिस ने ग्राम धापेवाड़ा में मारा छापा

### चाय पान की दुकान से जप्त की 23740 की देशी विदेशी शराब, शराब अवैध रूप से रखने के आरोप में बंसीलाल गिरफ्तार

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)।कोतवाली पुलिस ने ग्राम धापेवाडा स्कूल के पास चाय पान की दुकान में छापा मारकर 23740 रुपए की देशी विदेशी शराब जप्त की और इस देशी विदेशी शराब को अवैध रूप से रखने के आरोप में चाय पान की दुकान के मालिक बंसीलाल उर्फ बब्बू पिता सोनिया लाल बम्बूरे 54 वर्ष वार्ड नंबर 4 धापेवाला निवासी को गिरफ्तार। किया। कोतवाली पुलिस ने यह कार्रवाई 20 मार्च की शाम को की। यह व्यक्ति अपनी चाय पान की दुकान में अवैध रूप से देशी विदेशी शराब रखकर बिक्री कर रहा था। जिसके विरुद्ध धारा 34(2 ) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। जिसे न्यायिक अभिरक्षा में में जिला जेल भिजवा दिया गया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक 20 मार्च की शाम को जब नगर भ्रमण किया जा रहा था इस दौरान सूचना मिली कि ग्राम धापेवाडा चौक में स्कूल के पास बम्बूरे चाय पान की दुकान वाला अपनी दुकान में अवैध रूप से देशी विदेशी शराब रखकर बिक्री कर रहा है। मुखबीर की इस सूचना पर कोतवाली पुलिस ने ग्राम धापेवाडा चौक स्कूल के पास रोड किनारे बम्बूरे चाय पान दुकान की घेराबंदी कर छापामार कार्रवाई की और इस दुकान के मालिक से पूछताछ की गई ।इस व्यक्ति ने अपना नाम बंसीलाल बम्बूरे उर्फ बब्बू पिता सनियालाल बम्बूरे 54 वर्ष वार्ड नंबर 4 धापेवाडा निवासी बताया और उसने बम्बूरे चाय पान की दुकान का संचालन करना भी। बताया दुकान की तलाशी लेने पर 6 कार्टून में से एक कार्टून में सफेद देशी प्लेन मदिरा के 180 एम एल पांव भरे हुए थे। प्रत्येक कार्टून में 50 पाव दूसरे कार्टून में 54 पास देशी शराब पाई गई। तीन कार्टून में लाल देशी मदिरा मसाला के पाव पाए गए।प्रत्येक पांव 180 एम एल के थे। एक कार्टून में 46 पाव ,दूसरे कार्टून में 48 पाव, तीसरे कार्टून में 50 पाव लाल देसी मदिरा मसाला ,एक खाकी रंग के कार्टून में बैगपाइपर व्हिस्की 180 एम एल के 48 पाव ,एक सफेद रंग की बोरी में 28 पाव गोवा व्हिस्की, दूसरी सफेद रंग की बोरी में 19 पाव मैकडॉवेल नंबर वन विदेशी शराब पाई गई,बंसीलाल बम्बूरे के पास इस देशी विदेशी शराब को अपने आधिपत्य में रखने के संबंध में कोई अनुज्ञा पत्र नहीं था। जो अपने चाय पान की दुकान में इस देशी विदेशी शराब को अवैध रूप से रखकर बिक्री कर रहा था। जिसे गिरफ्तार कर लिया गया किस देशी विदेशी शराब अवैध रूप से रखने के आरोप में बंसीलाल बम्बूरे के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। 21 मार्च को बंसीलाल बम्बूरे को यहां की विद्वान अदालत में पेश कर दिया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है। इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक अजय डहेरिया, प्रधान आरक्षक राहुल गौतम ,आरक्षक गजेंद्र माटे, आरक्षक प्रियांश श्रीवास, आरक्षक सुरेंद्र अड़मे, आरक्षक सुनील बघेल और महिला आरक्षक सोनम चौहान की सराहनीय भूमिका रही।




ANJUMAN URDU SCHOOL
(ENGLISH MEDIUM)
Needed a Principal and teachers
Teachers for all main subjects
Preference - B.ed, D.ed, bachelor's degree
Office time - 9am to 1pm
Classes from NURSERY to 6th
Add-Ward No.09, Jama Masjid Chowk, Baihar Road, Balaghat
Mo. 9407314594








स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट